उत्तर प्रदेश
लखनऊ, आगरा, झांसी से प्रकाशित

मध्य प्रदेश
भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, सतना, खंडवा, गुना, शाजापुर


# स्वदेश

निराशा संभव को असंभव बना देती है।
● प्रेमचंद


• लखनऊ • रविवार, 20 नवम्बर 2022, अगहन कृष्णपक्ष-11 • संवत् 2079,• युगाब्द 5124 • वर्ष : 02 • अंक : 267 • मूल्य 3.00 रु. • पृष्ठ 12   www. swadeshnews.in


## संक्षिप्त समाचार

### एयर इंडिया में विस्तारा ब्रांड के मर्ज होने की अटकलें तेज

**मुंबई, स्वससे।** टाटा समूह एयर इंडिया के तहत अपने चार एयरलाइन ब्रांड को मर्ज करने और विस्तारा ब्रांड को खत्म करने पर विचार कर रहा है। समूह यह कवायद लड़खड़ाते उड्डयन क्षेत्र को फिर से खड़ा करने के प्रयासों के तहत कर रहा है। विस्तारा एयरलाइंस, टाटा समूह और सिंगापुर एयरलाइंस का संयुक्त उद्यम है। कंपनी संयुक्त इकाई में हिस्सेदारी के आकार का मूल्यांकन कर रही है। सिंगापुर एयरलाइंस ने एक बयान में कहा है कि एसआईए और टाटा समूह के बीच बातचीत चल रही है। एसआईए और टाटा मौजूदा साझेदारी को गहरा करना चाहते हैं। इसके लिए विस्तारा और एयर इंडिया का एकीकरण भी किया जा सकता है।

### सत्येंद्र जैन को जेल में मिल रही सुख-सुविधाओं पर सवाल

**नई दिल्ली, स्वससे।** आय से अधिक संपत्ति और धनशोधन मामले में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन फिर विवादों में हैं। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला की तरफ से पोस्ट किए गए वीडियो में सत्येंद्र जैन जेल में मसाज कराते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो के बाद भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने आप पर हमला बोलते हुए आम आदमी पार्टी को स्पा-मसाज पार्टी कहा। वीडियो सामने आने के बाद दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया तुरंत सत्येंद्र जैन के पक्ष में सामने आए। उन्होंने कहा कि जैन बीमार हैं और डॉक्टरों की सलाह पर फिजियोथैरेपी ले रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि तिहाड़ के वीडियो लीक कैसे हुए और भाजपा के पास कैसे पहुंचे। साथ ही उन्होंने भाजपा की तरफ से जैन की बीमारी का इस तरह मजाक बनाने को शर्मनाक बताया।

### रविवारीय विशेष

नई विश्व व्यवस्था में भारत एक प्रमुख नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरकर आया है। दुनिया के सबसे ताकतवर वैश्विक समूह जी 20 की अध्यक्षता भारत को मिलने के दीर्घकालिक अंतरराष्ट्रीय निहितार्थ हैं। इसी महत्वपूर्ण विषय पर केंद्रित विश्लेषण पढ़िए आज के रविवारीय विशेष में पृष्ठ 11 पर।

प्रधानमंत्री मोदी बोले- काशी तमिल संगमम् बनेगा राष्ट्रीय एकता का मंच , समृद्ध होगी संस्कृति

# काशी और तमिलनाडु दोनों शिवमय और शक्तिमय: मोदी

**वाराणसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि हमारे देश में संगमों का बड़ा महत्व रहा है। नदियों और धाराओं के संगम से लेकर विचारों-विचारधाराओं, ज्ञान-विज्ञान और समाजों-संस्कृतियों के संगम का हमने जश्न मनाया है। इसलिए काशी तमिल संगमम् अपने आप में विशेष है, अद्वितीय है। एक ओर पूरे भारत को अपने आप में समेटे हमारी सांस्कृतिक राजधानी काशी है, तो दूसरी ओर, भारत की प्राचीनता और गौरव का केंद्र, हमारा तमिलनाडु और तमिल संस्कृति है। ये संगम भी गंगा यमुना के संगम जितना ही पवित्र है। काशी और तमिलनाडु दोनों शिवमय हैं, दोनों शक्तिमय हैं। एक स्वयं में काशी है, तो तमिलनाडु में दक्षिण काशी है। काशी-कांची के रूप में दोनों की सप्तपुरियों में अपनी महत्ता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह प्रेरक उद्बोधन उत्तर और दक्षिण की संस्कृति को एकाकार करने वाले काशी-तमिल संगमम् का शुभारंभ करते हुए कही।

**दुनिया की सबसे प्राचीन भाषा तमिल :** प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे पास दुनिया की सबसे प्राचीन भाषा तमिल है। आज तक ये भाषा उतनी ही लोकप्रिय है। ये हम 130 करोड़ देशवासियों की जिम्मेदारी है कि हमें तमिल की इस विरासत को बचाना भी है, उसे समृद्ध भी करना है। हमें अपनी संस्कृति, अध्यात्म का भी विकास करना है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें आजादी के बाद हजारों वर्षों की परंपरा और इस विरासत को मजबूत करना था, इसे देश का एकता सूत्र बनाना था, लेकिन दुर्भाग्य से इसके लिए बहुत प्रयास नहीं किए गए। काशी तमिल संगमम इस संकल्प के लिए एक प्लेटफॉर्म बनेगा और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के लिए ऊर्जा देगा।

➔ शेष पेज 7 पर




### 13 भाषाओं में पुस्तक का विमोचन

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने तमिल सहित 13 भाषा में लिखी गई धार्मिक पुस्तक तिरुक्कुरल व काशी-तमिल संस्कृति पर लिखी गईं किताबों का विमोचन भी किया।

### काशी और तमिलनाडु में ज्ञान और संस्कृति के एक तत्व

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि काशी और तमिलनाडु में धर्म, ज्ञान और संस्कृति के एक ही तत्व हैं। दोनों की अपनी प्राचीन संस्कृति है जो इसे विशेष बनाती है। यह मान्यता है कि भगवान शिव के मुंह से जो दो भाषाएं निकलीं वह तमिल और संस्कृत थीं। काशी तमिल संगमम् के आयोजन से तमिलनाडु के अतिथि उत्तर और दक्षिण के सांस्कृतिक संबंधों को मजबूती प्रदान करेंगे। इस आयोजन के जरिए तमिलनाडु के लोग काशी और उत्तर प्रदेश की समृद्धता के बारे में जानेंगे।

### तमिल और काशी के बीच संबंध पुराना

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि तमिल और काशी के बीच संबंध बहुत पुराना है। धर्म, संस्कृति और शिक्षा की यह दो नगरी बहुत खास है। आजादी के अमृत काल महोत्सव को यह आयोजन जीवंत कर रहा है। तमिलनाडु में तेनकाशी नामक एक स्थान है जिसका मतलब दक्षिण का काशी है।

# सामूहिक ईसाई कनवर्जन के मामले में आतंकी वित्तपोषण की आशंका

एटीएस की रडार पर एक स्कूल भी, खंगाले जा रहे 36 आरोपितों के बैंक खाते

**लखनऊ, स्वससे।**

उत्तर प्रदेश एटीएस ने सात महीने पुराने कनवर्जन के एक मामले की जांच को आगे बढ़ाते हुए इसमें हुई फंडिंग से जुड़े नेटवर्क को खंगालना शुरू किया है। इसके लिए, एटीएस ने कनवर्जन के आरोपियों के बैंक खातों का ब्योरा जुटाना शुरू कर दिया है।


जानकारी हो कि उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में हुए सामूहिक कनवर्जन के एक मामले में विगत सप्ताह 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में पहले भी गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। हालाँकि, अब उत्तर प्रदेश की आतंकवाद निरोधी शाखा भी इस मामले में जुड़ चुकी है। एटीएस को शक है कि कनवर्जन के लिए आरोपियों को धन जुटाया जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, एटीएस को इस मामले के 36 आरोपियों में से 31 आरोपियों के बैंक खातों का ब्योरा मिल चुका है।

उल्लेखनीय है कि सामूहिक कनवर्जन के इस मामले में उप्र पुलिस ने इस महीने की शुरुआत में 4 नवंबर को एक पादरी समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया था। इसमें स्थानीय सीपीएस स्कूल की एक महिला टीचर का नाम भी शामिल था। वहीं एक अन्य आरोपित शिक्षक फिलहाल फरार है।

➔ शेष पेज 7 पर










सपा विधायकों की मुकदमेबाजी का फायदा उठाएगी

# भाजपा सभी 110 वार्डों में उतारेगी प्रत्याशी

## मुस्लिम बाहुल्य इलाके में होगा लाभार्थी सम्मेलन

**स्वदेश संवाद, कानपुर।** भाजपा को यूं ही सबसे बड़ी पार्टी का तमगा नहीं मिला है। वह अपनी रणनीति, बेहतर चुनाव प्रबंधन, मजबूत संगठन के लिए जानी व पहचानी जाती है। इस बार नगर निगम के चुनावों में पार्टी पूरे दमखम के साथ ताल ठोकने जा रही है।

भाजपा नगर के सभी 110 वार्डों में अपने प्रत्याशियों को उतारने की कमर कस रही है। अपनी सबसे कमजोर कड़ी मुस्लिम इलाकों में पार्टी नई रणनीति पर काम कर रही है। मुस्लिम बहुल इलाके में लाभार्थी सम्मेलन आयोजित कर भाजपा इन इलाकों में अपनी पैठ बना कर वोटों में सेंध लगाने की तैयारी कर रही है।

आपको बता दें कि नगर के मुस्लिम बहुल इलाकों के तीनों सपा विधायक मुकदमों में उलझे हुए हैं। जिसका फायदा भाजपा हर हाल में उठाना चाहती है। सूत्रों से जानकारी मिली है कि इन इलाकों में पार्टी ने अपने उम्मीदवार तय कर लिये हैं। अधिसूचना से पहले ही पार्टी यहां के प्रत्याशियों के नाम घोषित करने वाली हैं। राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि 3 विधान सभाओं में कब्जा करने वाली सपा फिलहाल कमजोर पड़ गई है। सपा के तीनों विधायक अपने कानूनी दांव पेंच में फंसे हुए हैं। जिसका सीधा फायदा भाजपा को मिलने वाला है। जानकारों का मानना है कि सपा विधायकों के मुकदमेबाजी से ही भाजपा मुस्लिम बाहुल्य इलाके में पहली बार उम्मीदवार उतारने जा रही है।

### तीनों विधायकों पर कसा है शिकंजा

बता दें कि सपा के 4 बार के विधायक इरफान सोलंकी अपने भाई रिजवान के साथ फरार हैं। उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी हो चुका है। दूसरी तरफ आर्यनगर सीट से दूसरी बार चुनाव जीते अमिताभ वाजपेयी भी जमानत पर हैं। वह अपने मुकदमे को लेकर हाईकोर्ट के चक्कर काट रहे हैं। छावनी विधानसभा क्षेत्र से विधायक हसन रूमी के भाई शालीमार ट्रेनरी में कब्जा करने में विवादों में हैं। भाजपा के टारगेट पर सीसामऊ, कैंट और आर्यनगर के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र है, जहां से भाजपा कभी जीत का स्वाद नहीं चख सकी है। भाजपा निकाय चुनाव प्रभारी प्रकाश शर्मा का कहना है कि मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में आपसी लड़ाई का फायदा पार्टी को मिलेगा। दोनों क्षेत्रों के चार से पांच वार्डों पर फिलहाल ताकत लगाएंगे।

### मुस्लिमों को पार्टी से जोड़ने के लिए छेड़ा अभियान

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अनस उस्मानी बताते हैं कि पसमांदा सम्मेलन और योगी-मोदी सरकार की उपलब्धियां इस बार पार्टी से मुस्लिम को जोड़ेंगी। इसी लिए मुस्लिमों को पार्टी से जुड़ने के लिए बड़ा अभियान छेड़ा गया है। इसकी शुरुआत लखनऊ में पसमांदा सम्मेलन से हुई थी। अनस बताते हैं कि 21 नवंबर को इसी क्रम में मुस्लिम लाभार्थी सम्मेलन कानपुर में आयोजित होने वाला है।

# कांग्रेस युवाओं पर खेलेगी निकाय चुनाव का दांव

## यूथ कार्यकर्ताओं के समागम कार्यक्रम में बनी रणनीति

**स्वदेश संवाद, कानपुर।** नगर निगम चुनाव की तैयारी कांग्रेस ने जोरशोर से करनी शुरू कर दी है। अपनी बनाई रणनीति को अमलीजामा पहनाना के लिए कांग्रेस ने जोर लगाना शुरू कर दिया है। इसी के परिणाम स्वरूप इस बार निकाय चुनाव में कांग्रेस युवाओं पर भरोसा जता रही है। इसके लिए कानपुर में यूथ कांग्रेस के नेतृत्व में एक कार्यकर्ता समागम कार्यक्रम शनिवार को आयोजित किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य चुनाव में युवाओं को मौका देकर कांग्रेस को मजबूत बनाना और राहुल गांधी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना था। कार्यक्रम में साफ-सुथरी छवि वाले युवा नेताओं का चयन करने और उन्हें जिताने का आह्वान किया गया।

आयोजक शहर कांग्रेस यूथ कमेटी के अध्यक्ष जीशान अंसारी ने कहा कि आज पढ़े-लिखे युवाओं को रोजगार और भविष्य की चिंता है जो अंधकार में दिख रहा है। ऐसे युवाओं के लिए कांग्रेस ही एक विकल्प है। हम सबको मिल कर देशहित में काम करना होगा। मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष अनिल यादव ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का उदाहरण देकर उनके त्याग और तपस्या को देश प्रेम और देश के युवाओं की प्रेरणा बताया।

### युवाओं को किया प्रेरित

यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सतवीर आलोरिया ने युवाओं को प्रेरित किया। उत्तर प्रदेश यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष कनिष्क पांडेय ने कहा कि इस बार नगर निगम के चुनाव में युवाओं की भागेदारी सबसे ज्यादा होगी। इस मौके पर शहर अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, प्रदेश सचिव विकास अवस्थी, अभिनव तिवारी, अमान अंसारी, त्रिलोकी भी मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस मनाना लैंगिक समानता को बढ़ावा देने का अच्छा प्रयास

**स्वदेश संवाद, लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस पर शनिवार को भाषा विश्वविद्यालय में गाइड समाज कल्याण संस्थान ने गोल्डेन एज युगपुरुष सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस दौरान समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण, अवकाश प्राप्त न्यायमूर्ति कमलेश्वर नाथ, एमएलसी पवन सिंह चौहान, लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एनबी सिंह, संस्था की संस्थापक एवं वरिष्ठ नागरिक राज्य परिषद की सदस्य डॉ. इंदु सुभाष, संगठन सचिव शाश्वत सुभाष, विश्वविद्यालय के कुलानुशासक डॉ. नीरज शुक्ला, महिला अध्ययन केंद्र की समन्वयक डॉ. नलिनी मिश्रा शामिल हुए।

**गाइड समाज कल्याण संस्थान ने सामाजिक विभूतियों को गोल्डन एज युग पुरुष सम्मान से नवाजा**

मंत्री असीम अरुण ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस मनाना लैंगिक समानता को बढ़ावा देने का अच्छा प्रयास है। पुरुषों के लिए युगपुरुष सम्मान की संकल्पना अनूठा प्रयास है। उन्होंने उल्लेखनीय योगदान देने वाले 75 वर्ष से अधिक उम्र के पुरुषों को गोल्डन एज युग पुरुष सम्मान से अलंकृत कर बधाई दी। न्यायमूर्ति कमलेश्वर नाथ ने कहा कि युवाओं को दादा दादी क्लब के माध्यम से बुजुर्गों से जोड़ना तथा शैक्षिक संस्थानो के विद्यार्थियों के मध्य जाकर वृद्धजन सम्मान शपथ कार्यक्रम ग्राउंड लेवल के कार्य है, इससे विद्यार्थियों की सोच बदलेंगी पारिवारिक शांति बढ़ेगी। संस्था के मिशन 'बुजुर्गों का अनुभव युवाओं की ताकत आओ बनाएं मिलकर नया भारत' को आशीर्वाद दिया। पवन सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को अनुशासित रहकर विद्यार्जन के साथ परिवार में बुजुर्गों के साथ सद्व्यवहार करने के लिए प्रेरित किया। प्रो एनबी सिंह ने विद्यार्थियों को बुजुर्गों को अपने प्रेरक व्यक्तित्व के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया।



### इन विभूतियों को मिला गोल्डन एज युगपुरुष सम्मान

हरि ओम सेवा केंद्र, प्रसिद्ध न्यूरो चिकित्सक डॉ. मजहर हुसैन, जैविकी विशेषज्ञ डॉ. आरके पाठक, इंजीनियर एके माथुर, पूर्व सूचना आयुक्त ज्ञानेंद्र शर्मा, उद्यमी गौरव प्रकाश को मंत्री असीम अरुण ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त डॉ. नीरज शुक्ल, डॉ. नलिनी मिश्रा, डॉ. ममता शुक्ला को भी सम्मानित किया गया। संचालन डॉ. नीरज शुक्ला ने किया। डॉ. ममता शुक्ला ने शपथ करवाई एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. नलिनी मिश्रा ने किया।

# रक्षा कर्मियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**स्वदेश संवाद, कानपुर।** कानपुर में निगमीकरण और पुरानी पेंशन बहाली की मांगें पूरी न होने से रक्षा कर्मी आक्रोशित हैं। ऑल इंडिया डिफेंस इम्प्लॉइज फेडरेशन ने चेतावनी दी है कि अगर विभिन्न विभागों की 15 मांगों पर सरकार सुनवाई नहीं करती है तो आंदोलन किया जाएगा। फेडरेशन का कहना है कि सरकार रक्षा प्रतिष्ठानों का निगमीकरण कर कर्मचारियों को पंगु बनाने का प्रयास कर रही है जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और हर मोर्चे पर इसका विरोध होगा। फेडरेशन का 27वां अधिवेशन कानपुर में संपन्न हुआ। इसके अंतिम दिन फेडरेशन के 2023 से 2025 तक के लिए चुनी गई कार्यकारिणी का गठन हुआ। इसमें कानपुर से रक्षा कर्मी नेता घनश्याम त्रिपाठी का कद बढ़ाते हुए उन्हें राष्ट्रीय कार्यसमिति के लिए चुना गया। अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से जबलपुर से कामरेड एसएन पाठक और महामंत्री पद पर अवडी, चेन्नई से कामरेड सी श्रीकुमार को पुनः चुना गया। इसके साथ ही कानपुर से आरके पाराशर को संयुक्त मंत्री, छवि लाल यादव को उपाध्यक्ष, सौरभ सिंह को संगठन मंत्री और पंकज यादव को कार्यकारिणी में शामिल किया गया। अध्यक्ष और महामंत्री ने नई कार्यकारिणी के साथ बैठक की एवं अधिवेशन में उठे मुद्दों पर चर्चा की। जल्द ही बैठक के लिए सभी को तैयार रहने के लिए कहा जिसमें अपनी मांगों को लेकर आगे की रणनीति पर विचार किया जाएगा।



# सरैया प्राथमिक विद्यालय में मनाया गया विश्व शौचालय दिवस

**स्वदेश संवाद, लखनऊ।** बेसिक विद्यालय सरैया में शनिवार को विश्व शौचालय दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि तहसीलदार बख्शी का तालाब रहे। विशेष अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी प्रीति शुक्ला एवं खंड विकास अधिकारी संजय गुप्ता रहे। डिटॉल इंडिया के परियोजना समन्वयक दिलीप सिंह ने बच्चों को विश्व शौचालय दिवस के महत्व के बारे में बताया और उनको शौचालय को स्वच्छता से प्रयोग करना बताया। मुख्य अतिथि ने बच्चों को विशेष दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हमारे स्वास्थ्य के लिए स्वच्छ शौचालय का प्रयोग बहुत ही आवश्यक है। यह न केवल सुविधाजनक है बल्कि पर्यावरण स्वच्छता के लिए भी बहुत आवश्यक है। इसके उपरांत बच्चों ने शौचालय की आवश्यकता पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। बच्चों ने चित्रकला प्रतियोगिता एवं स्वच्छता प्रश्नोत्तरी में प्रतिभाग किया। कुछ बच्चों ने स्वच्छता अपने विचार प्रस्तुत किये एवं शौचालय उपयोग पर स्लोगन कहे। विजेताओं का चयन डेटॉल इंडिया के प्रतिनिधि, विद्यालय के शिक्षकों एवं एआरपी अनुराग सिंह राठौर द्वारा सामूहिक निर्णय से किया गया। विजेता बच्चों को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ठ अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम को आयोजित करने में विद्यालय के शिक्षकों एवं डेटॉल इंडिया के वालंटियर की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# गंगा में गई गंदगी तो होगी अब प्राथमिकी दर्ज

## समीक्षा बैठक में प्रमुख सचिव का पारा हाई

**स्वदेश संवाद, कानपुर।** नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने समीक्षा बैठक में नदियों को स्वच्छ एवं निर्मल रखने के लिए चलाए जा रहे अभियानों की जानकारी ली। इस दौरान नालों की गंदगी ट्रीट किए जाने में लापरवाही बरतने और गंगा मे गंदगी जाने पर प्रमुख सचिव भड़क गए। शनिवार को सर्किट हाउस में हुई समीक्षा बैठक में उन्होंने अफसरों से यहां तक कह दिया कि अगर अब गंगा में गंदगी गई तो कानपुर रिवर मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड (केआरएमपीएल) के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

प्रमुख सचिव को जाजमऊ एसटीपी का निरीक्षण करने भी जाना था लेकिन वह नहीं जा सके। उनकी जगह केंद्र के प्रतिनिधि के रूप में आए एनएमजीसी के अफसर एसटीपी देखने पहुंचे। इसके बाद प्रमुख सचिव ने अफसरों संग करीब ढाई घंटे बैठक की। एनएसजीसी के अफसरों ने बतायाकि सीवेज ट्रीटमेंट प्लांटों के संचालन में भारी लापरवाही बरती जा रह है। जाजमऊ 13 करोड़ लीटर की क्षमता के ट्रीटमेंट प्लांट की अभी तक मरम्मत नहीं की गई है। इस पर प्रमुख सचिव ने केआरएमपीएल के अफसरों को चेताया।



### एसटीपी की मरम्मत के दिए निर्देश

इसी तरह उन्नाव में 15 एमएलडी की क्षमता का प्लांट और शुक्लागंज में 5 एमएलडी क्षमता की एसटीपी के संचालन में भी लापरवाही सामने आई। साथ ही सनिगवां, बिनगवां और सजारी एसटीपी के संचालन की भी अफसरों ने जानकारी ली। प्रमुख सचिव ने बताया कि कानपुर और उन्नाव के एसटीपी में कितना पानी पहुंच रहा है, इसकी जानकारी भी ली गई। कितना पानी शोधित हो रहा है और प्लांट कितनी क्षमता से चल रहे हैं, इसकी भी समीक्षा की गई। एसटीपी की शीघ्र समुचित मरम्मत के निर्देश दिए गए हैं।

# सुनील कुमार ने पुलिस क्षेत्राधिकारी बिल्सी का चार्ज संभाला

**स्वदेश संवाद, बदायूं।** ट्रेनिंग पूरी होते ही सीओ सुनील कुमार को एसएसपी डॉ. ओ.पी.सिंह ने बिल्सी सर्कल की जिम्मेदारी सौंपी। क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार मूलतः कौशाम्बी जनपद के निवासी हैं। बहुत ही सरल, सौम्य और मृदुभाषी सुनील कुमार विगत कई दिनों से प्रशिक्षु सीओ के रूप में ट्रेनिंग ले रहे थे। ट्रेनिंग पूरी होते ही एसएसपी ने उनके कंधों पर सीओ के स्टार लगाकर उनकी प्रथम पोस्टिंग में बिल्सी सर्कल की जिम्मेदारी दी। तहसील मुख्यालय पर चार्ज लेते ही सीओ सुनील कुमार ने कहा कि अपराधियों को उनके क्षेत्र में किसी भी अपराध करने की छूट नहीं दी जाएगी। शासन की मंशा के अनुरूप भयमुक्त वातावरण बनाये रखना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने अपने मातहतों को भी स्पष्ट निर्देश दिए कि थानों पर जो भी फरियादी आये, उसके साथ मृदु व्यवहार किया जाए। फरियादियों की शिकायतों को हल्के में न लिया जाए। लेकिन अपराधियों के साथ पूरी सख्ती की जाए।

# खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा गलत एवं भ्रामक रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश

**स्वदेश संवाद देवरिया।** मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार द्वारा विकास खण्ड-सलेमपुर के प्राथमिक विद्यालय, तिलौली, परसिया बंशी उर्फ भरथुआ, धतुरा, पुरैना एवं छत्रपुरा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में प्रा.वि. पुरैना को छोड़कर किसी भी विद्यालय में कम्पोजिट ग्राण्ट से रंगाई-पुताई का कार्य नहीं हो रहा है, जबकि 18 नवंबर 2022 को खण्ड शिक्षा अधिकारियों की बैठक में खण्ड शिक्षा अधिकारी, सलेमपुर द्वारा अवगत कराया गया कि सलेमपुर में सभी विद्यालयों में कम्पोजिट ग्राण्ट की धनराशि से रंगाई-पुताई का कार्य चल रहा है। इससे यह स्पष्ट है कि खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा गलत एवं भ्रामक रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। जिसके लिए खण्ड शिक्षा अधिकारी सलेमपुर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

**21 से 27 नवंबर तक आशा. एएनएम बताएंगी परिवार नियोजन के लाभ**

# कल से शुरू होगा पुरुष नसबंदी पखवाड़ा

**स्वदेश संवाद, मेरठ।** पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी पुरुष नसबंदी पखवाड़े का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश की निदेशक अपर्णा उपाध्याय ने सभी जिलाधिकारियों और मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अखिलेश मोहन ने बताया शासन से निर्देश प्राप्त हो गए हैं, पखवाड़े को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। पखवाड़े के दौरान पुरुष नसबंदी पर फोकस रहेगा, हालांकि पखवाड़े के दौरान पुरुष नसबंदी के साथ ही परिवार नियोजन की अन्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

सीएमओ ने बताया सोमवार को जनपद में खुशहाल परिवार दिवस का आयोजन किया जाएगा। उसके साथ ही पुरुष नसबंदी पखवाड़े का पहला चरण भी शुरू हो जाएगा। 21 से 27 नवंबर तक चलने वाले इस चरण में आशा-एएनएम घर-घर जाकर परिवार नियोजन के लाभ बताएंगी और परिवार नियोजन के स्थाई साधन अपनाने के इच्छुक लाभार्थियों का पंजीकरण भी करेंगी। परिवार पूरा कर चुके दम्पति को परिवार नियोजन के स्थाई साधन अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। दूसरे चरण में 28 नवंबर से चार दिसंबर तक सेवा प्रदायी सप्ताह के अंतर्गत परिवार नियोजन सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

डॉ. अखिलेश मोहन ने बताया परिवार नियोजन के स्थाई साधन अपनाने के मामले में पुरुष काफी पीछे रहते हैं, जो गलत है। यह स्थिति तब है जबकि पुरुष नसबंदी एक मामूली सी शल्य क्रिया है। महिला नसबंदी के मुकाबले यह न केवल सरल है बल्कि कारगर भी है। पुरुष नसबंदी के बाद किसी प्रकार की कमजोरी भी नहीं आता यदि कोई ऐसा सोचता है तो यह पूरी तरह से गलत है। पुरुषों को परिवार नियोजन के मामले में भी बराबर की भूमिका निभानी चाहिए। इसीलिए इस बार पुरुष नसबंदी पखवाड़े की थीम अब पुरुष निभाएंगे जिम्मेदारी, परिवार नियोजन अपनाकर दिखाएंगे अपनी भागीदारी रखी गई है।

एनएचएम के नोडल अधिकारी डा विश्वास चौधरी ने बताया 21 नवंबर से जनपद में आशा कार्यकर्ता घर.घर जाकर इस संबंध में अपना परिवार पूरा कर चुके दंपति से बात करेंगी और उनकी सहमति होने पर पंजीकरण करेंगी। 27 नवंबर तक प्रचार-प्रसार के जरिए मोबिलाइजेशन अभियान चलाया जाएगा। दूसरे चरण में इच्छुक लाभार्थियों को परिवार नियोजन सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि टीबी चैंपियन की तर्ज पर पुरुष नसबंदी अपनाने वाले पुरुषों को पुरुष नसबंदी चैंपियन बनाया जाएगा।

# जिला स्थापना दिवस का शुभारंभ

## दो दिन तक चलेगा साहित्यिक कार्यक्रम

**मऊ।** जनपद स्थापना दिवस के अवसर पर जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद, मऊ द्वारा आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम सोनी धापा बालिका इंटर कॉलेज के मैदान में शनिवार से आयोजित किया गया। दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण के उपरांत जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में इस दिन को मऊ के इतिहास का विशेष दिन बताते हुए कहा कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि आज हम जनपद के स्थापना दिवस को मना रहे हैं।




जनपद का पूर्वांचल में विशेष स्थान है। कुछ विशेष कारणों की वजह से जनपद के विकास का पहिया थम सा गया था, परंतु विकास में आने वाली सभी बाधाओं को धीरे-धीरे खत्म किया जा रहा है एवं जनपद को विकास के पथ पर अग्रसर करने हेतु जिला प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है। अपनी स्थापना के साथ ही जनपद ने पूर्वांचल में अपनी एक विशेष पहचान बनाई है। सभी एकजुट होकर इसे और भी आगे ले जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि जनपद मऊ के विकास के लिए जिला प्रशासन हर प्रकार के सहयोग के लिए हमेशा तत्पर हैं। यहां पर उद्योगों के विकास की असीम संभावनाएं है। इस जनपद की भौगोलिक स्थिति भी ऐसी है, जिससे जनपद में शांति व्यवस्था स्थापित करते हुए विकास के पथ पर तेजी से आगे ले जाया जा सकता है। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का अभिनंदन करते हुए जनपद के विकास में सभी के सहयोग की आवश्यकता बताई। जिलाधिकारी अरुण कुमार के अलावा भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता एवं जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज कुमार राय ने भी संबोधित किया। मंच का संचालन राजेश श्रीवास्तव एवं अलका जी ने किया। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश रामेश्वर,पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे, सचिव,जिला विधिक प्राधिकरण मित्रेश सिंह कुशवाहा, मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर, मुख्य राजस्व अधिकारी अभय कुमार पांडे,नगर मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार सिंह,जिला पर्यटन सूचना अधिकारी मनीष कुमार श्रीवास्तव एवं अन्य कई जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी उपस्थित थे।

# पांच करोड़ के मकान को कब्जाने के लिए बेटों व बहू ने 65 वर्षीय बूढ़ी मां को पीटा

### घिसटती हुई कप्तान से जान की गुहार लगाने पहुंची वृद्ध महिला

**स्वदेश संवाद, मेरठ।** कहावत है बुढापे में मां बाप का सहरा होती है। लेकिन वर्तमान समय में इसका रूप बदलता जा रहा है। ऐसा ही एक नजारा शनिवार को एसएसपी कार्यालय पर देखने को मिला। जब किसी तरह घिसटती पहुंची वृद्ध महिला ने अपने बेटो व पुत्र बहुओं से बचाने के लिये जान की गुहार लगायी। मां का कसूर सिर्फ इतना है कि वो अपने बेटों को 5 करोड़ का मकान नहीं लिख रही हैं।



एसएसपी कार्यालय पहुंची कोतवाली निवासी हज्जन अनीसा ने उन्होंने रोते हुए पुलिस को अपना दर्द बताया। कहा मेरे शौहर का इंतकाल हो चुका है। शौहर ने 5 करोड़ का मकान मेरे नाम किया है। इसमें मैं 5 बेटों के साथ रहती हूं। इनमें से सबसे छोटा बेटा मानसिक तौर से बीमार है। 4 बेटे मकान मुझसे मकान अपने नाम करवाना चाहते हैं। वो मुझ पर हर दिन दवाब डालते हैं और तरह.तरह से प्रताड़ित करते हैं। यह सिलसिला करीब 4 सालों से चल रहा है। हर दिन घर में ड्रामा होता है। महिला ने कहा कि कभी कोई सा बेटा, कभी कोई बेटा उस पर मकान उनके नाम लिखने का दवाब बनाते हैं। इतना ही नहीं कुछ बोलने पर मारते भी हैं। ताना ही नहीं गंदी बातें बोलकर बेइज्जती करते हैं। अब तो बेटों के साथ बहुओं ने भी दवाब को लेकर पीटती हैं। वो ताना मारती हैं। खाना भी टाइम से नहीं देती हैं। मैं पहले ही बीमार चल रही हूं, मेरी रीढ़ की हड्डी में दिक्कत है। ऐसे में टाइम से खाना न मिलने पर मेरी तबीयत बिगड़ती जा रही है।उसने पुलिस को बताया कि मकान नाम न लिखने पर बेटे अलग.अलग तरीके से धमकाते हैं। एक बार बड़ा बेटा घर छोड़कर किराए पर रहने चला गया। समाज में मेरी बदनामी कराता है। जिसका खुद इतना बड़ा मकान है, उसका लड़का किराए पर रहे। इसलिए मैं उसे मानकर घर लाई।इतना ही नहीं एक बेटा बहू को तेल डालकर जलाने की धमकी देता है। कहता है कि बहू को जलाने का इल्जाम मेरे सिर लगाकर मुझे जेल करा देगा। इसलिए मकान उनके नाम कर दूं। इन बेटों ने मेरा जीना मुश्किल कर दिया है। ये मुझे रहने नहीं दे रहे।

पीड़ित बुजुर्ग महिला की आपबीती सुनने के बाद एसएसपी ने उसे न्याय दिलवाने का भरोसा दिया। उन्होंने थाना कोतवाली को तुरंत मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आदेश दिए। कहा कि आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# बेटे से परेशान होकर बुजुर्ग ने मौत को लगाया गले

**मेरठ।** अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस पर थाना किठौर क्षेत्र के फतेहपुर नारायण गांव में अपने औलाद से अजीज आकर एक ग्रामीण ने फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। उसका शव बाग में आम के पेड़ से लटका मिला। मौके पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिये भेज दिया है। शनिवार की सुबह ग्रामीणों ने बाग के पास से गुजरते वक्त एक शव पेड़ पर लटका देखा। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव की पहचान कराई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। बुजुर्ग की पहचान फतेहपुर निवासी राजपाल के रूप में हुई। राजपाल के परिवार को पुलिस ने घटना की सूचना दी। गांव वालों का कहना है कि राजपाल और उसकी पत्नी दोनों घर के झगड़े से बहुत दुखी है। बताया कि दोनों मियां-बीबी पिछले काफी दिनों से बाहर ही खाना खाते हैं। राजपाल के 2 बेटे हैं। दोनों शादीशुदा हैं। गांव वालों के अनुसार बाप-बेटों और सास-बहू में आपसी तनाव है। इस तनाव से राजपाल काफी दिन से दुखी चल रहा था।

# पनियाला को जीआई दिलाने की योगी सरकार की पहल संजीवनी साबित होगी


स्वदेश संवाद, लखनऊ।

पनियाला को जीआई (जियोग्राफिकल इंडिकेशन) दिलाने की योगी सरकार की पहल औषधीय गुणों से भरपूर इस फल के लिए संजीवनी साबित होगी। इससे लुप्तप्राय हो चले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद गोरखपुर के इस फल की पूछ बढ़ जाएगी। सरकार द्वारा इसकी ब्रांडिंग से भविष्य में यह भी टेरोकोटा की तरह गोरखपुर का ब्रांड बन सकता। योगी सरकार की यह पहल सफल रही तो इसका लाभ न केवल गोरखपुर के किसानों को बल्कि देवरिया, कुशीनगर, महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बस्ती, संतकबीरनगर, बहराइच, गोंडा और श्रावस्ती के लाखों किसानों-बागवानों को मिलेगा। क्योंकि ये सभी जिले एक एग्रोक्लाईमेट जोन (कृषि जलवायु क्षेत्र) में आते हैं। इसका मतलब यह हुआ कि इन जिलों में जो भी उत्पाद होगा उसकी खूबियां भी एक जैसी होंगी।

उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने जिन उत्पादों को जीआई पंजीकरण के आवेदन के लिए चुना है उनमें गोरखपुर का पनियाला भी है। कुछ खट्टा, कुछ मीठा और थोड़ा सा कसैले स्वाद वाले इस फल को देखते ही नाम के अनुरूप मुंह में पानी आता है। काफी हद तक जामुनी रंग का यह फल जामुन से कुछ बड़ा और आकर में लगभग गोल होता है। उप्र स्टेट बायोडायवरसिटी बोर्ड की ई पत्रिका के अनुसार मुकम्मल तौर पर यह ज्ञात नहीं कि यह कहां को पेड़ है, पर बहुत संभावना है की यह मूल रूप से उत्तर प्रदेश का ही है। पनियाला के पेड़ 4-5 दशक पहले तक गोरखपुर में बहुतायत में मिलते थे। पर अब यह लगभग लुप्तप्राय हैं। ऐसी दुर्लभ चीजों में रुचि लेने वाले गोरखपुर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर आलोक गुप्ता के मुताबिक पनियाला गोरखपुर का विशिष्ट फल है। शारदीय नवरात्री के आस पास यह बाजार मे आता है। सीधे खाएं तो इसका स्वाद मीठा एवं कसैला होता है। हथेली या उंगलियों के बीच धीरे धीरे घुलाने के बाद खाएं तो एक दम मीठा।

## आर्थिक महत्व

पनियाला परंपरागत खेती से अधिक लाभ देता है। कुछ साल पहले करमहिया गांव सभा के करमहा गांव में पारस निषाद के घर यूपी स्टेट बायोडयवरसिटी बोर्ड के आर दूबे गये थे। पारस के पास पनियाला के नौ पेड़ थे। अक्टूबर में आने वाले फल के दाम उस समय प्रति किग्रा 60-90 रुपये थे। प्रति पेड़ से उस समय उनको करीब 3300 रुपए आय होती थी। अब तो ये दाम दोगुने या इससे अधिक होंगे। लिहाजा आय भी इसी अनुरूप। खास बात ये है कि पेड़ों की ऊंचाई करीब नौ मीटर होती है। लिहाजा इसका रखरखाव भी आसान होता है।



### जड़ से लेकर फल तक मे एंटीबैक्टीरियल गुण

2011 में एक हुए शोध के अनुसार इसके पत्ते, छाल, जड़ों एवं फलों में एंटी बैक्टिरियल प्रापर्टी होती है। इसके नाते पेट के कई रोगों में इनसे लाभ होता है। स्थानीय स्तर पर पेट के कई रोगों, दांतों एवं मसूढ़ों में दर्द, इनसे खून आने, कफ, निमोनिया और खरास आदि में भी इसका प्रयोग किया जाता रहा है। फल लीवर के रोगों में भी उपयोगी पाए गए हैं। फल को जैम, जेली और जूस के रूप में संरक्षित कर लंबे समय तक रखा जा सकता है। लकड़ी जलावन और कृषि कार्यों के लिए उपयोगी है।

### इन उत्पादों के जीआई टैगिंग के लिए भी शीघ्र किये जाएंगे आवेदन

पनियाला के अलावा जीआई टैगिंग के आवेदन के लिए योगी सरकार ने जिन उत्पादों को चुना है उनमें मलवां एवं मथुरा का पेड़ा, फतेहपुर सीकरी की नमक खटाई, आगरा का पेठा, इग्लास अलीगढ़ की चमचम मिठाई, कानपुर नगर का सत्तू और बुकनू,लाल ज्वार, प्रतापगढ़ी मुरब्बा, मैगलगंज का रसगुल्ला, संडीला के लड्डू, बलरामपुर के तिन्नी चावल, हाथरस का गुलाब और गुलाब के उत्पाद, बिठूर का जामुन, फर्रूखाबाद का हाथी सिंगार (सब्जी), चुनार का जीरा-32 चावल, बाराबंकी का यकूटी आम, अंबेडकरनगर की हरी मिर्च, गोंडा का मक्का, सोनभद्र का सॉवा कोदों, बुलंदशहर का कठिया गेहूं, देशी अरहर जौनपुरी मक्का, लखनऊ की रेवड़ी, सफेदा आम, सीतापुर की मूंगफली, बलिया का साथी चावल (बोरो लाल व बोरो काला), सहारनपुर का देशी तिल, जौनपुरी मूली और खुर्जा की खुरचन जैसे उत्पाद हैं।

### जीआई टैग का लाभ

जीआई टैग किसी क्षेत्र में पाए जाने वाले कृषि उत्पाद को कानूनी संरक्षण प्रदान करता है। जीआई टैग द्वारा कृषि उत्पादों के अनाधिकृत प्रयोग पर अंकुश लगाया जा सकता है। यह किसी भौगोलिक क्षेत्र में उत्पादित होने वाले कृषि उत्पादों का महत्व बढ़ा देता है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में जीआई टैग को एक ट्रेडमार्क के रूप में देखा जाता है। इससे निर्यात को बढ़ावा मिलता है, साथ ही स्थानीय आमदनी भी बढ़ती है तथा विशिष्ट कृषि उत्पादों को पहचान कर उनका भारत के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय बाजार में निर्यात और प्रचार प्रसार करने में आसानी होती है।

# सदर अस्पताल में पावर विंग्स फाउंडेशन ने सात टीबी मरीजों को लिया गोद

स्वदेश संवाद, लखनऊ।

क्षय (टीबी) रोगियों को बेहतर इलाज के साथ पोषणयुक्त आहार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्यपाल ने गोद लेने की पहल की है। इसी क्रम में शनिवार को राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के अंतर्गत सदर अस्पताल के सात क्षय रोगियों को पावर विंग्स फाउंडेशन द्वारा गोद लिया गया एवं उन्हें पोषण किट प्रदान की गयी। गोद लिए जाने का यह कार्यक्रम प्रभारी जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.आरवी सिंह के निर्देशन में आयोजित किया गया।



प्रभारी जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री ने देश को वर्ष 2025 तक क्षय रोग से मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। क्षय रोगियों को गोद लेने की मुहिम इस लक्ष्य को प्राप्त करने के अभियान में एक प्रयास है, जिसमें विभिन्न शैक्षणिक औद्योगिक संस्थाओं राजनीतिक पार्टियों, गणमान्य व्यक्तियों एवं जनसामान्य द्वारा क्षय रोगियों को गोद लिया जा रहा है। सभी के सहयोग से हम जनपद को साल 2025 तक क्षय रोग से मुक्त कर पाएंगे। जिला क्षय रोग केंद्र के सीनियर ट्रीटमेंट प्रयोगशाला पर्यवेक्षक लोकेश कुमार वर्मा ने बताया कि टीबी के मरीजों को पौष्टिक आहार की जरूरत होती है। गंभीर या मध्यम रूप से कुपोषित या इलाज के दौरान वजन के लगातार कम होने से दवा का शरीर पर सही तरह से असर नहीं होता है। ऐसे में इलाज लंबा चलता है और दोबारा टीबी होने का खतरा होता है। इसलिए इलाज के दौरान कुपोषण को दूर करने और सही तरह से वजन बढ़ाने से रोगी के तेजी से ठीक होने और पूरी तरह से टीबी मुक्त होने में मदद मिलेगी।

क्षय रोगियों की जांच और इलाज निःशुल्क सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध है। इसके साथ ही उन्हें पोषण के लिए निक्षय पोषण योजना के तहत इलाज के दौरान हर माह 500 रुपये की धनराशि सीधे उनके खाते में भेजी जा रही है। सदर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डा. एस.सी. जोशी ने कहा ने कहा कि टीबी का पोषण से गहरा नाता है। यदि व्यक्ति टीबी से ग्रसित है तो उसे दवाओं के सेवन के साथ प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, फैटी एसिड, विटामिन और खनिज से भरपूर खाने का सेवन करना चाहिये। संतुलित और पौष्टिक भोजन का सेवन करने से इलाज के पूरा होने के बाद भी दोबारा टीबी होने की संभावना नहीं होती है। आहार में प्रोटीनयुक्त खाद्य पदार्थ जैसे मूंगफली, दालें, अंडा, दही, दूध, मट्ठा, मांस-मछली आदि को जरूर शामिल करें। इसके साथ ही अनाज, हरी सब्जियां, फलों का नियमित रूप से सेवन करना चाहिए। सदर अस्पताल के वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि इस समय अस्पताल में 346 मरीजों का इलाज चल रहा है।

पावर विंग्स फाउंडेशन की संस्थापक सुमन रावत ने कहा कि परिवर्तन मुहिम के तहत साल 2019 से अभी तक कुल 189 टीबी मरीजों को गोद लिया है।जब तक क्षय रोगियों का इलाज पूरा नहीं हो जाता है तब तक उन्हें हर माह पोषण किट दी जाएगी। इस किट में चना, सत्तू, फल, गुड, मूंगफली और दलिया इत्यादि शामिल हैं। यह जब तक ठीक नहीं हो जाते तब तक इनका सहयोग किया जाएगा। इस मौके पर सदर अस्पताल में स्थित टीबी केंद्र के राजेश शर्मा, अजीत शुक्ला राजीव कुमार शर्मा, जीत -2 से राहुल नंदन, टीबी चैंपियन ज्योति गौतम एवं पावरविंग्स संस्था से प्राची श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# मजार और तांत्रिक से नहीं, मनोचिकित्सा से मिलेगा लाभ : डॉ. आरती

## भ्रम घबराहट और शक का जिला चिकित्सालय के मनो रोग कक्ष में हो रहा इलाज

स्वदेश संवाद, बाराबंकी।

अगर किसी को ईर्ष्या, शक, बेचैनी और घबराहट होती है तो यह एक दिमागी बीमारी है, इस बीमारी का ईलाज अब जिला अस्पताल परिसर में मन कक्ष में कराकर मरीज को पूर्णतः स्वस्थ किया जा सकता है। मनो चिकित्सक डॉ. आरती यादव द्वारा मानसिक बीमारी से होने वाले लक्षणो और उनके कई उपायो की जानकारी देते हुए बताया कि मानसिक बीमारियों के प्रति समाज में अंधविश्वास का बोलबाला है जिसके लिये सबको जागरूक होने की आवश्यकता है। आगरा जिले के मेंटल हॉस्पिटल में पांच वर्षों तक प्रेक्टिस करने के बाद बीते सितंबर माह से जिला अस्पताल में आयुष के सामने स्थित मन कक्ष में तैनात, डॉ. आरती यादव (एम डी) मनो चिकित्सक मानसिक मरीजों के जीवन में रोशनी की किरण लाने की जिम्मेदारी वहन कर रही है। बताती है कि लोग मनोरोग को समझ नहीं रहे है, लोगो में जागरूकता की कमी है। अगर बीमारी समझ जाते है तो सही जगह उपचार के लिये नहीं जाते। इसके विपरीत मजार, तांत्रिक और ओझा के पास पहुंच कर अपना भारी नुकसान कर लेते है। सरकार ऐसे मरीजों को जागरूक करने के लिये जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत काम कर रही है। डॉ आरती के नेतृत्व में 10 सदस्ययीय टीम, गांव-गांव, बस्ती-बस्ती मजारो और स्कूलों जैसी जगहों पर जाकर लोगों को जागरूक करने की मुहिम में जुटी है। इस टीम में एमबीबीएस डॉ. राहुल सिंह, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट विनोद पाल, सोशल वर्कर प्रेम प्रकाश सहित अन्य विशेषज्ञ शामिल है। जिले को मनोरोग चिकित्सक के रूप में बेहतर उपचार देने के लिये डॉ. आरती ने बताया कि शक, बेचैनी, भ्रम और घबराहट होना, अलग-अलग लक्षण होना उनके लंबे लंबे इलाज से ठीक नहीं होना देखने को मिलता है। जैसे सिर, पेट, हाथ, गले या सीने दर्द या हाथ आदि जगह की नसों का चलना, यह सोमैटो फार्म बीमारी के लक्षण है, जो बीमारी बनी है रह रही है और जांच में नहीं निकल रही है। जिसका इलाज मनो चिकित्सका से ही सम्भव है।

### बच्चो और बुजर्गों की बीमारियां

लोगों को लगता है कि बच्चा ज्यादा शैतान है, यदि एक काम को बार-बार करना या बच्चे के शांत बैठे रहने पर मनो चिकित्सक के पास ले जाने की आवश्यकता है। जबकि लोग इसे मामूली बात समझते है। डॉ. आरती बताती है कि अगर बच्चा लिख लेता है और पड़ नहीं पाता या किसी एक विषय में कमजोर है तो इसका भी मनो चिकित्सा में ईलाज मौजूद है। बुजुर्गों में आमतौर पर बड़बड़ाना, हाथ पैर कांपना या उठकर चल देना मनोरोग है। यह स्कीजोफ्रिनिया नाम की बीमारी है, इसका ईलाज कराना चाहिए है। समाज में शराब की लत को अक्सर परिवार के लोग स्वीकार कर लेते है जबकि यह तमाम समस्याओ की जड़ बनती है। शराब की लत को छुड़ाने के लिये मनो चिकित्सा के जरिये ईलाज कराये जाने से ये लत आसानी से छूट जाती है।

# चौपाल में दिखे भक्ति भाव के विविध रंग

## सुनता नहीं धुन की खबर अनहद का बाजा बाजता

स्वदेश संवाद, लखनऊ।

गोपियों का विरह गीत संवेदना के उच्चतम शिखर को स्पर्श करता है। कृष्ण भक्ति के गीतों में संयोग और वियोग श्रृंगार के अद्भुत रस समाये हैं। ये गीत जीवन के विविध रंगों का दर्शन कराते हैं। शनिवार को लोक चौपाल में भक्ति भाव से पूरित चर्चा-परिचर्चा के दौरान ये बातें चौपाल चौधरी प्रो. कमला श्रीवातव ने कहीं। लोक संस्कृति शोध संथान द्वारा इन्दिरा नगर स्थित ईश्वरधाम मन्दिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में लोक गायिका आशा श्रीवास्तव के निर्देशन में पचास से अधिक प्रतिभागियों ने भजनों की सामूहिक प्रस्तुति दी। शुभारम्भ पद्मश्री योगेश प्रवीन के लिखे गीत जय जय गणेश मंगलकारी तथा कहां छोड़ी मुरली कहां छोड़ी राधा से हुआ। इसके बाद प्रेम नारायण मेहरोत्रा के लिखे गीत राम रस में डूब कर देखो तुम्हें भक्ति मिलेगी, कबीर के निर्गुन सुनता नहीं धुन की खबर अनहद का बाजा बाजता तथा कव्वाली अंग में अज्ञात रचनाकार की रचना तेरा नूर सबमें समाया हुआ है जैसे गीतों की मनमोहक प्रस्तुति हुई। ढोलक पर सत्यम शिवम सुन्दरम सिंह, कीबोर्ड पर चन्द्रेश पाण्डेय ने संगत की। ज्योति किरन रतन, पूनम



बिष्ट, भूषण अग्रवाल, मंजुल रायजादा आदि ने नृत्य प्रतुतियां दीं।

प्रतिभागी कलाकारों में नीरा मिश्रा, आभा शुक्ला, संगीता खरे, निधि निगम, प्रीति श्रीवास्तव, सरोज श्रीवास्तव, कुमकुम मिश्रा, शकुन्तला श्रीवास्तव, अंबुज अग्रवाल, तुषार कान्ति भट्टाचार्य आदि प्रमुख रहे। चौपाल चौधरी प्रो. कमला श्रीवास्तव एवं संस्थान की सचिव सुधा द्विवेदी ने गत दिनों हुए भक्ति संगीत कार्यशाला की निर्देशक आशा श्रीवास्तव का अभिनन्दन किया। संगीताचार्य गायत्री डेविड, शारदा पांडेय, अरुणा उपाध्याय, राजनारायण वर्मा, एस.पी.साहू, राजेश श्रीवातव, नीलम वर्मा, अंतरा आदि गणमान्य लोगों की उपस्थति रही।

# कोई दवा लेने जाएगा तो क्या चालान कर दोगे : विधायक

## चालान कर रहे दारोगा पर भड़के भाजपा विधायक मनीष रावत

स्वदेश संवाद, सीतापुर।

सीतापुर में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर रहे बाइक सवारों का चालान कर रहे दारोगा पर सिधौली से भाजपा विधायक भड़क उठे। भाजपा विधायक ने जनता के सामने ही दारोगा को खरी-खोटी सुनाई और बेवजह लोगों को परेशान न करके की हिदायत दी। इतना ही नहीं बीजेपी विधायक ने मौके से ही सीओ सिधौली को फोन कर दारोगा को समझाने और नियमों का पाठ पढ़ाने तक की सलाह दी और दारोगा की शिकायत भी कर डाली। दारोगा चुपचाप खड़े होकर भाजपा विधायक की बातें सुनता रहा। उसने बोलने का प्रयास किया तो विधायक ने डांटकर चुप करा दिया।

इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सामने आया है। मामला कमलापुर थाना क्षेत्र के मास्टर बाघ चौकी का है। यहां पर तैनात चौकी प्रभारी शिव बहादुर सिंह शुक्रवार शाम करीब 7 बजे यातायात माह के तहत बिना हेलमेट के जा रहे बाइक सवारों का चालान कर रहे थे। उसी समय बाइक पर 3 लोगों को बिठाकर निकल रहे युवक को दारोगा ने रोंका और फोटो खींचकर चालान करने लगे तो युवक दारोगा से बहस करने लगे। दारोगा न उनसे हेलमेट न पहनने का कारण पूछा लेकिन युवक चालान करने की बात पर अड़ गए। मौके पर लोगों की भीड़ लग गयी। ठीक इसी दौरान सिधौली सीट से भाजपा विधायक मनीष रावत उधर से गुजर रहे थे। लोगों की भीड़ देखकर वे रुक गए तो चालान का शिकार हुए युवकों ने दारोगा की शिकायत कर दी। लोगों की बात सुनने के बाद बीजेपी विधायक आग बबूला हो गए और दारोगा को बेवजह लोगों को परेशान न करने की हिदायत देने लगे। विधायक बोले कि कोई दवा लेने जाएगा तो चालान कर दोगे।

वीडियो में विधायक ने चौकी इंचार्ज से कहा कि आपकी अधिक शिकायतें मिल रही हैं और लगातार भ्रष्टाचार को आप बढ़ावा दे रहे हैं। पीछे मोहल्ला है। लोग सामान लेने मार्केट आते हैं तो क्या उनका चालान कर दोगे। कोई मोहल्ले से निकला और तीन लोगों को बिठा लिया तो गलत क्या है। कोई दवा लेने जा रहा है तो उसका ध्यान रखना पड़ेगा। मेरे पास दो लोगों के फोन आ चुके हैं, आप लोगों का चालान कर परेशान कर रहे है। इसके बाद विधायक ने सीओ सिधौली को फोन लगाकर दारोगा की शिकायत की। सीओ से कहा कि मास्टर बाग चौकी के दारोगा बेवजह लोगों के चालान कर रहे हैं, इन्हें बुलाकर समझा दीजिये। इनके बारे में आपको पहले भी बताया था लेकिन दरोगा में कोई सुधार नहीं हुआ है। वीडियो में बीजेपी विधायक भीड़ के सामने ही दरोगा को खूब खरी-खोटी सुनाते नजर आए। बाद में जिन युवकों का चालान दरोगा कर रहे थे उन्हें खुद जाने को कहा।

# पांच कर्मचारियों के निलंबन के बाद ब्लॉक में कर्मचारियों का टोटा

सीतापुर।

**विकासखंड में पड़ा कर्मचारियों का टोटा, ग्राम पंचायतों के संचालन में आ सकती हैं अड़चनें, अभी तक कुल कर्मचारियों की संख्या थी 16 जो 23 कलस्टर में विभाजित थी, 5 कर्मचारियों के निलंबन एक के मातृत्व अवकाश तथा एक कर्मचारी के छुट्टी पर रहने व एक कर्मचारी के अयोग्य होने से कर्मचारियों की भारी किल्लत रहेगी।**

जनपद सीतापुर 19 विकास खंडों में सबसे दूरस्थ विकासखंड में शामिल रामपुर मथुरा में कुल 79 ग्राम पंचायतें हैं, जिसमें ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी दिलीप वर्मा, आशीष वर्मा, आलोक यादव, मयूरेश, संजीव, सीलम सिंह, जूही जायसवाल, हंसराज, भीखूराम ,नरेंद्र यादव तथा रोहिणी शुक्ला सहित कुल 16 कर्मचारियों की नियुक्ति है, 79 ग्राम पंचायतों में कार्य वितरण के लिए 23 कलस्टर बनाए गए हैं, 16 कर्मचारियों को क्षमता के सापेक्ष कलस्टर वितरित किये गये थे। वर्तमान समय के आधार पर 16 कर्मचारियों में 4 कर्मचारियों को विभाग द्वारा शासकीय धन के गबन के आरोप में निलंबन की कार्यवाही की गई है, जबकि एक कर्मचारी को वित्तीय अनियमितता के चलते निलंबित कर दिया गया है, इसके चलते विकासखंड में अब कर्मचारियों की संख्या 11 रह गई है, एक कर्मचारी रोहिणी शुक्ला पहले से ही मातृत्व अवकाश पर चल रही हैं, जबकि एक कर्मचारी पहले से अवकाश पर हैं, तथा उनके खिलाफ जांच भी चल रही है, अतः उन्हें चार्ज नहीं दिया जा सकता, एक कर्मचारी अकर्मण्य होने के कारण चार्ज पर नहीं है, अब सिर्फ आठ कर्मचारियों में 79 ग्राम पंचायत 23 कलस्टर का बंटवारा या जाएगा। जिसमें नवीन व्यवस्था के तहत कलस्टरवार कर्मचारियों की नियुक्ति और उसका जनपद के विभागीय अधिकारी व जिलाधिकारी के द्वारा अनुमोदन के पश्चात ही कार्य व्यवस्था पटरी पर आ सकेगी।

### कराई जाएगी सीबीआई जांचः ज्ञान

पांच सचिवों पर कार्यवाही के बाद उजागर हुए भ्रष्टाचार पर ज्ञान तिवारी ने बताया कि शासन में शिकायत के बाद यह कार्यवाही हुई है। यह भ्रष्टाचार रामपुर मथुरा ब्लाक में ही नही बल्कि पूरे जिले में हुआ है। इस घोटाले की जांच सीबीआई से कराने के लिए शासन से मांग की जाएगी।

# बस में लगी आग, बाल बाल बचे यात्री

**कानपुर।** झकरकटी बस अड्डे से डिपो जा रही बस में रावतपुर स्टेशन के समाने अचानक आग लग गयी। लेकिन चालक और परिचालक की सूझ-बूझ से सभी यात्री सुरक्षित उतर गए और एक बड़ा हादसा टल गया। विकासनगर डिपो की रोडवेज बस शनिवार की दोपहर लखनऊ से चल कर झकरकटी बस अड्डे पहुंची। अपना रूट पूरा करने के बाद बस कुछ सवारियों के साथ डिपो जा रही थी। बस जब रावतपुर रेलवे स्टेशन के सामने पहुंची तो बस के बोनट से अचानक तेज धुंआ निकलने लगा इससे पहले की कोई कुछ समझ पाता धुंए ने आग का रूप धारण कर लिया। आग लगी देख सवारियोंम में अफरा-तफरी मच गयी सभी अपना समान ले जल्दबाजी में बस से उतर भागने लगे। लेकिन परिचालक और चालक ने तुरंत सूझ-बूंझ से काम लिया और सवारियों को शांत करते हुए सभी तो सुरक्षित नीचे उतारते हुए डिपो व पुलिस कंट्रोल रूप को फौरन सूचना दी। इस बीच सड़क पर यातयात थम गया और लोगों ने आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। जानकारी मिलते ही बस स्टेशन से रोडवेज की तकनीकी टीम पहुंच गई। जानकारी के मुताबकि आग वायरिंग की शॉर्ट सर्किट से लगी थी। रसूलाबाद निवासी चालक सुरेंद्र कुमार और लखनऊ निवासी परिचालक अनिल त्रिपाठी आग बुझाने लगे।

# डीआईओएस ने किया महात्मा गौतम बुद्ध शिक्षण संस्थान का औचक निरीक्षण

**सीतापुर।** जिला विद्यालय निरीक्षक ने शनिवार को विकास खंड पहला के हरिहरपुर में बिना मान्यता इंटरमीडिएट तक चल रहे महात्मा गौतम बुद्ध शिक्षण संस्थान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मान्यता के अभिलेख न दिखा पाने पर डीआईओएस द्वारा कालेज के अभिलेख कब्जे में ले लिए गए। पहला विकास खंड के हरिहरपुर गांव में संचालित महात्मा गौतम बुद्ध शिक्षण संस्थान की पांचवी तक मान्यता जिला स्तर पर लंबित है, जबकि कालेज प्रबंध समिति द्वारा यहां इंटर तक कि कक्षाएं अवैध तरीके से संचालित की जा रही हैं। मामले की शिकायत ग्रामीणों द्वारा कई बार शिकायत उच्चाधिकारियों से की जा चुकी है। शनिवार को करीब 11 बजे जिला विद्यालय निरीक्षक अनूप तिवारी, कार्यालय लिपिक सुभाष वर्मा, अशोक वाजपेयी की टीम हरिहरपुर स्थित महात्मा गौतम बुद्ध विद्यालय पहुंची। यहां टीम को इंटरमीडिएट तक कक्षाएं संचालित होती मिली। टीम द्वारा प्रधानाचार्य से कालेज की मान्यता के अभिलेख मांगे गए किंतु वे कोई अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सके। टीम ने विद्यालय के अभिलेख कब्जे में ले लिए है और प्रधानाचार्य को अविलंब स्कूल बंद करने का निर्देश दे दिया है। इससे पूर्व सितंबर माह में पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा भी उक्त विद्यालय की जांच कराई गई थी, जिसकी रिपोर्ट कार्यालय को भेजी जा चुकी है। इस संबंध में डीआईओएस सीतापुर अनूप तिवारी ने बताया कि हरिहरपुर स्थित महात्मा गौतम बुद्ध विद्यालय के बिना मान्यता चलने की शिकायत मिली थी।

# विपक्ष को हराकर बनाएंगे ट्रिपल इंजन की सरकार : नित्यानंद

स्वदेश संवाद देवरिया।



निकाय चुनाव हेतु भारतीय जनता पार्टी ने वार्ड 23 राघव नगर पश्चिमी की वार्ड संयोजक अखिलेश मिश्र के आवास पर बैठक हुयी। बैठक को सम्बोधित करते हुये नगर पालिका चुनाव संयोजक नित्यानंद पाण्डेय ने कहा कि आगे होने वाले नगर निकाय चुनाव में भाजपा शानदार प्रदर्शन करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में नगर निकाय चुनाव बहुत ही शानदार तरीके से लड़ा जाएगा और जीत हासिल की जाएगी। भाजपा की सरकार ने स्वास्थ्य, शिक्षा, रक्षा, रोजगार, गांव, गरीब, किसान, महिला, नौजवान सभी दिशाओं में प्रभावी कार्य किया है। भाजपा सरकार के इन्ही कार्यो की बदौलत विपक्ष को धूल चटाते हुये निकाय चुनाव जीतकर ट्रिपल इंजन की सरकार बनायेंगे। नगर अध्यक्ष संजय पाण्डेय ने कहा कि इस चुनाव में बूथ संयोजको और सह संयोजको की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है।इनके कार्यो की बदौलत हम बूथ जीतेंगे और अगर हमने बूथ जीता तो चुनाव जीता। इस दौरान सभासद नित्यानंद पाण्डेय,अम्बिकेश पाण्डेय,सभासद वीरेन्द्र सिंह,सभासद आशुतोष तिवारी, दीपक श्रीवास्तव, राम विष्णु मणि, संतोष तिवारी, शिवशंकर गुप्ता,अमित श्रीवास्तव,धर्मेन्द्र गुप्ता,सुयश दूबे आदि रहे।

# कांग्रेसियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई इंदिरा की जयंती

स्वदेश संवाद, सीतापुर।

जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर कांग्रेस पदाधिकारियों ने इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि करते हुए उनकी जयंती मनाई। तत्पश्चात एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका संचालन सेवादल मुख्य संगठक संजय कुमार सनी ने किया, जिसमें वक्ताओं ने इंदिरा गांधी को स्मरण करते हुए अपने विचार रखे। जिलाध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी ने अपने वक्तव्य में कहा कि हर नेता का अपना इतिहास होता है, लेकिन इंदिरा गांधी एक ऐसी नेता थीं। जिन्होंने दुनिया का भूगोल बदला था। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी की कर्तव्यनिष्ठा, दृढ़ निश्चय व उनके द्वारा देश के लिए किए ऐतिहासिक गए



कार्यों को हमेशा याद रखा जाएगा। गोष्ठी को संबोधित करते हुए पीसीसी मेंबर रामाश्रय अवस्थी ने कहा कि आजकल के नौजवानों को इंदिरा गांधी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से प्रेरणा लेने की जरूरत है। गोष्ठी को राज किशोर सिंह, अल्पना सिंह, पुष्पेंद्र सिंह चौहान, आशुतोष बाजपेई, अभव्या सिंह चौहान, अनुपमा द्विवेदी, हसीना खातून, गुफरान खान, सुधीर पांडे, कृष्ण दत्त मिश्र, कान्हा बाजपेई, प्रमोद सिंह आदि ने संबोधित किया। उसके बाद सभी कांग्रेसजनों ने आवास विकास सी ब्लॉक स्थित इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें याद किया। वही शहर कॉग्रेस ने भी घंटाघर स्थित भारत की प्रथम महिला प्रधान मंत्री देश की आधी आवादी कही जाने वाली महिला शक्ति को सर्व प्रथम हर क्षेत्र में भागीदारी सुनिशित करने वाली,देश के कई ऐतिहासिक फैसले व ऐतिहासिक योजनाओं में अपनी भागीदारी सुनिशित कर सफल बना कर आम जनमानस के कल्याण के प्रति सोचने वाली, आजादी के पूर्व बानर सेना बनाकर युवा पीढी को जाग्रत करने वाली, जिसे विपछ के सबसे विद्वानों व प्रखंड राजनीत के जनक कहे जाने वाले श्रधेय स्व.अटल विहारी बाजपेयी के मुख विन्दुओं से देवी का रूप कहकर संबोधित की जाने वाली। शहर कांग्रेस कार्यालय घण्टा घर मे आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी जमुना प्रसाद शर्मा, अवधेश मिश्रा वैध पूर्व सेवादल अध्यक्ष संजय दिक्षित, वीरेन्द्र मिश्रा नयन, श्रीश चन्द्र शुक्ला, राजेन्द्र निगम, रिजवान खान, कुमारी शबनम, रूप किशोर सेठ, उपदेश गुप्ता संजय कुमार, विमल रावत आदि लोग मौजूद रहे।

## जयंती पर गोष्ठी का हुआ आयोजन

**बिसवां/सीतापुर।** इंदिरा गांधी की जयंती पर नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा एक गोष्ठी का आयोजन कैंप कार्यालय मगरहिया बाजार में किया गया। जिसमें कांग्रेस जनों ने इंदिरा जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर बोलते हुए पूर्व नगर अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश चंद्र गौ? ने कहा कि इंदिरा जी के ने देश को एक नई राह दिखाई थी। उन्होंने देश की तस्वीर ही बदल दी थी। उनके द्वारा चलाई गई योजनाओं का लाभ आज भी देश की जनता को मिल रहा है। नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमर मेहरोत्रा ने कहा कि इंदिरा जी देश की ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय नेता थी। उनका नाम कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। इतिहास के पन्नों में सदैव उनका नाम रहेगा। उन्होंने अपने जीवन काल में ही कहा था कि मेरे मरने के बाद मेरे खून का एक-एक कतरा देश के काम आएगा। यह बात आज सही निकली। गोष्टी में आशीष गुप्ता मदन गुप्ता रजनीश मिश्रा शूबी खान काशीराम भार्गव सहित कांग्रेश जन मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पैरामेडिकल कॉलेज के मैस का चार लाख रुपये हड़पने का बाबू पर लगाया आरोप

झाँसी । पैरामेडिकल कॉलेज में एक अनोखा मामला सामने आया है। यहां प्राचार्य द्वारा तैनात बाबू मैस का चार लाख रुपये हजम कर गया। रुपये मांगने पर मैस संचालक को धमकाया गया और मैस का ताला तोड़कर कब्जा कर लिया। सदर बाजार निवासी प्रणय अग्रवाल ने डीएम को संबोधित ज्ञापन देते हुए बताया कि राजकीय पैरामेडिकल के डायरेक्टर, प्राचार्य नरेंद्र सेंगर के आदेश 23 फरवरी 2022 के मुताबिक एमबीबीएस के 150 छात्र छात्राओं पर प्रत्येक छात्र के 3000 रुपये प्रतिमाह खाने की व्यवस्था मैस के माध्यम से की गई थी। छात्रों से मैस में खाने की कीमत वसूली कर रुपये देने के लिए डॉ. नरेंद्र सेंगर ने कनिष्ठ लिपिक विनोद कुमार को तैनात किया था। आरोप लगाया गया कि खाने की कीमत का कुल चार लाख रुपये लिपिक विनोद कुमार ने छात्रों से वसूली लिए और उसे नहीं दिये। 18 नवंबर को बिना उसे नोटिस दिये मैस का ताला तोड़कर कब्जा कर लिया गया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। आरोप लगाया गया कि पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। प्रणय अग्रवाल ने उसके बकाया रुपये, मैस का सामान व दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की माँग की है।

# मंडलायुक्त एवं डीआईजी ने देखी सदर तहसील में समाधान दिवस की कार्यवाही

■ खेतों में आग लगाने की घटनाएं बढ़ी, चिन्हित करते हुए उनका राशन कार्ड करें निरस्त

स्वदेश ■ झांसी

तहसील सदर के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी जुनैद अहमद ने उपस्थित समस्त अधिकारियों से कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समयसीमा में और गुणवत्ता के साथ किया जाना सुनिश्चित किया जाए, गलत आख्या लगाकर निस्तारित की गई शिकायत पर होगी सख्त कार्यवाही। आज प्राप्त शिकायतों को विभागीय अधिकारी स्वयं संज्ञान में ले और निस्तारित शिकायतों का मौके पर स्वयं परीक्षण करें। उन्होंने यह भी कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति को ही मिले, पात्रता की सूची में अपात्र किसी भी दशा में शामिल ना हो, इसे भी भ्रमण के दौरान सुनिश्चित किया जाए, शिकायतकर्ता द्वारा की गई शिकायत के निस्तारण से संतुष्ट होना भी सुनिश्चित किया जाए ताकि शिकायत का सही निस्तारण माना जा सके।

संपूर्ण समाधान दिवस झांसी तहसील में मंडलायुक्त डॉक्टर आदर्श सिंह , डीआईजी जोगेंद्र कुमार ने प्रतिभाग किया और शिकायतों के निस्तारण की कार्यवाही को देखा। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता और समय सीमा में किया जाना सुनिश्चित किया जाए। संपूर्ण समाधान के अवसर पर प्रभारी जिलाधिकारी ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस/जनसुनवाई मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है, जिसके तहत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन/आईजीआरएस पोर्टल तथा अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समय अंतर्गत निस्तारण किए जाने हेतु समय-समय पर निर्देशित किया जाता है। आईजीआरएस में प्राप्त भूमि संबंधित शिकायतों के निस्तारण में लेखपालों व राजस्व कर्मी विशेष रुचि लें ताकि निस्तारण समय से हो सके।

उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर आईजीआरएस पोर्टल पर टॉप 5 विभागों की शिकायतें प्राप्त होने और लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए विभागों के अधिकारियों से कहा कि अपने विभाग की जिन क्षेत्रों से अधिक शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, उन क्षेत्रों में स्वयं भ्रमण कर जांच करें कि किन कारणों से शिकायतें बार-बार प्राप्त हो रही हैं एवं उन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण प्रभावी ढंग से निस्तारण करने हेतु खुली बैठक का आयोजन करें और समस्त ग्रामीणों के मध्य शिकायतकर्ता से बात करें। जिससे उस क्षेत्र से बार-बार शिकायत प्राप्त ना हो एवं यह भी निर्देशित किया कि अधिक शिकायत प्राप्त होने वाले क्षेत्र में भ्रमण/स्थलीय निरीक्षण कर निरीक्षण आख्या प्रभारी अधिकारी आईजीआरएस के कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।



समाधान दिवस के मौके पर लोगों की समस्याएं सुनते मण्डलायुक्त एवं डीआईजी।

प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी जुनैद अहमद नहीं संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों से कहा कि क्षेत्र में पराली जलाए जाने की घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है, लगातार सेटेलाइट के माध्यम से पराली जलाए जाने की सूचनाएं प्राप्त हो रही हैं। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान पराली जलाने वालों को चिन्हित किया जाए ताकि उन्हें शासन की योजनाओं से वंचित किया जा सके तथा उनके राशन काड? को निरस्त किए जाने की कार्यवाही भी अमल में लाई जाए। उन्होंने बताया कि विकासखंड बड़ागांव, मोंठ, चिरगांव आदि क्षेत्र में पराली जलाए जाने की घटनाएं हुई हैं। पराली जलाने वालों को चिन्हित करते हुए उनके राशन कार्ड निरस्त किए गए, जनपद में अब तक 13 राशन कार्ड को निरस्त किया गया है। उन्होंने ताकीद करते हुए कहा कि कोई भी किसान पराली/ कृषि अवशेष को आग ना लगाएं उसे गौशाला में दें। प्रभारी जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर अधिक संख्या में भूमि सम्बन्धित/अवैध कब्जों की शिकायतें प्राप्त होने पर उन्होंने कहा कि लेखपाल मूल कार्यो में रुचि लें और अपने क्षेत्र में जाये तथा सेक्टर आदि की स्वयं नाप करें ताकि भूमि विवाद उत्पन्न ही ना हो। उन्होंने समस्त लेखपालों को निर्देश दिए कि गलत ढंग से भूमि पर कब्जा करने वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करते हुए मुकदमा दर्ज करने की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आप अपने मूल कार्यो को संवेदनशील होकर करें, उन्होंने यह भी कहा कि भूमि विवाद ना निपटने की स्थिति में लेखपाल 107/16 की कार्यवाही करें या धारा 145 पर भी कार्यवाही कर सकते हैं। संपूर्ण समाधान दिवस पर किसानों ने प्रभारी जिलाधिकारी को समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने जनपद में अतिवृष्टि से होने के कारण और तिल, मूंग एवं मूंगफली तथा कछियाना की फसलों में हुए नुकसान की जानकारी दी। इसके साथ उन्होंने डीपीए खाद की आपूर्ति ना होने के बारे में भी बताया। प्रभारी जिलाधिकारी ने कहा कि किसान हमारे अन्नदाता है इन्हें किसी भी तरह की कोई समस्या नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि फसल क्षति का मुआवजा किसानों को जल्द दिलाया जाएगा। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुधाकर पांडेय, उप जिलाधिकारी सदर शशि भूषण, डीडीओ सुनील कुमार सहित समस्त विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला एकीकरण समिति के तत्वाधान में महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर विचार गोष्ठी संपन्न

स्वदेश ■ झांसी

जिला एकीकरण समिति के तत्वाधान में विकास भवन सभागार में महारानी लक्ष्मीबाई की 187वी जयन्ती पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया तत्पश्चात उनके चित्र पर माल्यापर्ण व दीप प्रज्जवलित करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किये गये । कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष जिला पंचायत पवन गौतम द्वारा कौमी एकता सप्ताह का शुभारम्भ करते हुए दिनोंक 19 नवम्बर से 25 नवम्बर 2022 तक आयोजित होनें वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी गयी । उन्होंनें रानी झाँसी को याद करते हुए कहा कि उनके बलिदान से ही हमें आजादी मिल सकी हैं, सर्वप्रथम उन्होंने ही आजादी का बिगुल अग्रेजों के विरुद्ध फूंका था। समाजसेवी मुकुन्द मेहरोत्रा द्वारा वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई वीरता एवं उनके चरित्र पर प्रकाश डालते हुए ऐतिहासिक स्थलों आदि की जानकारी दी गयी। वरिष्ठ पत्रकार मोहन नेपाली द्वारा कहा गया कि महारानी लक्ष्मीबाई को बाईसाब के नाम से भी याद किया जाता है। श्रीमती रंजना विद्रोही एवं सुश्री प्रगति शर्मा द्वारा कविता के माध्यम से झाँसी की रानी के शौर्य को व्यक्त किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, डी0ओ0पी0वी0डी0 आदि समस्त अधिकारी / कर्मचारीगण एवं समस्त समिति के सदस्य उपस्थित रहे।


विचार गोष्ठी के मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष , सीडीओ व अन्य।

## केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय में ई स्पर्श पुस्तक एवं एग्री लाइफ पुस्तक का विमोचन

स्वदेश ■ झांसी

रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय में महारानी लक्ष्मी बाई के 187 वी जयंती के अवसर पर एक जोश एक गाथा की तर्ज पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता डॉक्टर ए के सिंह ने की। मुख्य अतिथि मंडलायुक्त डॉ आदर्श सिंह, विशिष्ट अतिथि नगर विधायक रवि शर्मा, निदेशक आईजीएफआरआई डॉ अमरेश चंद्रा, अधिष्ठाता कृषि डॉ एसके चतुर्वेदी। अधिष्ठाता कृषि डॉ एसके चतुर्वेदी ने रानी और रानी से जुड़ी हुई प्राचीन संदर्भों से अवगत कराया। मुख्य अतिथि मंडलायुक्त झांसी डॉ आदर्श सिंह ने कहा कि आप नई ऊर्जा के साथ अध्ययन करें और नए-नए शोध करें। विशिष्ट अतिथि नगर विधायक रवि शर्मा ने कहा कि झांसी के गेट, झांसी के परकोटे गवाह है,कि किस तरह झांसी की रानी एवं उनके परिवारजनों ने बहादुरी के साथ हमको स्वतंत्रता दिलाई है। अध्यक्षता कुलपति डॉ एके सिंह ने की। कार्यक्रम में ''मेरी सामाजिक जिम्मेदारी-छात्र केन्द्रित कार्यक्रम'' के अन्तर्गत बच्चों को स्टेशनरी वस्तुओं का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम की थीम ''एक जोश-एक गाथा'' के रूप विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक संध्या का आयोजन हुआ। इसमें विद्यार्थियों ने रानी लक्ष्मीबाई की शौर्य एवं पराक्रम की विशेष प्रस्तुति दी। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी के विद्यार्थियों ने तरंग बैंड द्वारा प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर डॉ एस एस सिंह, डॉ एआर शर्मा, डॉ एसएस कुशवाहा, डॉ पुनीत चौधरी, डॉ एमजे डोबरियाल, डॉ गौरव शर्मा, डॉ योगेश्वर सिंह, डॉ मीनाक्षी आर्य, सहित विश्वविद्यालय के सभी वरिष्ठ अधिकारी, विभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक, कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ0 अर्तिका सिंह ने सफल संचालन एवं आभार डॉ0 रूमाना खान ने किया।



पुस्तिका का विमोचन करते मण्डलायुक्त , झांसी सदर विधायक , निदेशक और अन्य।

### सूर्यांशी कला संस्थान द्वारा वीरांगना लक्ष्मी बाई का जन्मदिवस मनाया



झांसी। सूर्यांशी कला संस्थान के छात्र एवं छात्राओं ने इस दिन को वीरांगना लक्ष्मी बाई का जन्म दिवस मनाया। संस्थापक किशन सोनी एवं संचालक अमर सोनी ने रानी लक्ष्मी बाई के चित्र का माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर मोनिका, शिवांगी सोनी, ललित, सत्यम, शुभम सोनी, रिंकी गौतम, सुमित सोनी, शुभम, अमूल्य, योगेश, जयश्री, अथर्व, सुबोध, नाजमीन, पलक, कांति, सागर आदि उपस्थित रहे।

## बुन्देलखण्ड निर्माण मोर्चा ने मनाया रानी लक्ष्मीबाई का जन्मोत्सव

स्वदेश ■ झांसी

बुन्देलखण्ड निर्माण मोर्चा के भानु सहाय के नेतृत्व में झांसी के इलाइट चौराहा पर सुदूर ग्रामीण नगरीय क्षेत्रों आए वरिष्ठ पदाधिकारियो स्थानीय कार्यकर्ताओ द्वारा हर्षोल्लास के साथ वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई झांसी की भव्यता के साथ शोभा यात्रा में गगन भेदी नारों एव पुष्प वर्षा एव मिष्ठान वितरण कर इलाइट चौराहा पर रानी झांसी लक्ष्मी बाई का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर वरूण अग्रवाल, हमीदा अंजुम , गिरजा शंकर राय , कुंवर बहादुर पिंकी जैन,आदिम राम कुमार शुक्ला, नरेश बर्मा डा अमित मिश्रा अनिल कश्यप, शंकर रायकवार, विजय रायकवार, घनश्याम गोत्तम जमोहन मिश्रा शान,प्रमोद शिवहरे ,मनोज तिवारी ,प्रदीप झा ,नरेश वर्मा ,चंद्रभान आदिम ,अजय शर्मा ,हनीफ खान ,गिरजा शंकर राय ,शाहिदा बेगम, गोलू ठाकुर, प्रेम सपेरा, अशोक ,सोनी अजय शर्मा ,प्रभु कुशवाह,उपस्थित रहे।


रानी लक्ष्मीबाई के स्वरूप का स्वागत करते समाजसेवी।

## छात्र-छात्राओं को वित्तीय निवेश की जानकारी दी


कार्यशाला में वित्तीय निवेश की जानकारी देतीं विशेषज्ञ और उपस्थित लोग।

स्वदेश ■ झांसी

स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय प्रेमनगर झांसी में व्यावसायिक अभिप्रेरण समिति के तत्वावधान में छात्राओं को भविष्य में आत्मनिर्भर बनाने हेतु वयस्कों के लिये वित्तीय शिक्षा विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय प्रतिभूति बोर्ड से सम्बन्धित राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा केन्द्र की संसाधन विशेषज्ञ आमन्त्रित मुख्य वक्ता श्रीमती शिखा जायसवाल ने वित्तीय निवेश पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने साइबर अपराध यूपीआई , शिक्ष, ऋण, एटीएम, संचालन, जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा आदि वित्तीय विषयों पर जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये महाविद्यालय के प्राचार्य डा.श्यामजी कृष्ण मिश्रा द्वारा छात्राओं को पैसे को कमाने, बचाने और बढ़ाने का सूत्र देत हुये ध्यान के तर्क संगत निवेश का मंत्र दिया। संचालन प्रवक्ता डा.ज्योति गुप्ता द्वारा किया गया एवं आभार व्यक्त उप प्राचार्य मनीष गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के बीएड विभाग के प्रवक्ता यज्ञपाल सिंह, स्वामी विवेकानंद विधि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.सिद्धार्थ , डा.रवि ऋंगीऋषि,प्रो. अजय वर्मा, प्रो. सुधीर पस्तोर, अजय शिवहरे, देवेश मुदगिल, आरती यादव, प्रशांत राय, निर्भय प्रताप सिंह, राहुल सिंह , भुवनेश कुमार, छाया त्रिवेदी , जितेन्द्र नायक आदि मौजूद रहे।

### बच्चों ने मनाया धूमधाम से रानी लक्ष्मीबाई का जन्मदिन

झांसी। परमार्थ समाज सेवी संस्थान के द्वारा संचालित चाइल्ड लाइन परियोजना के द्वारा चाइल्ड लाइन से दोस्ती सप्ताह के अन्तर्गत शहर की मलिन बस्ती सखीपुरा के बच्चों के साथ झाँसी की रानी वीरांगना लक्ष्मीबाई के जन्मदिवस को चाइल्ड लाइन ने कानपुर बाईपास पर लगी महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा के समक्ष केक काटकर धूमधाम से मनाया गया । इस कार्यक्रम के अन्तर्गत चाइल्ड लाइन प्रभारी हेमन्त सिंह ने सभी बच्चों को 1098 की उपयोगिता के बारे में जानकारी के साथ चाइल्ड लाइन के कार्यों के बारे में विस्तार से बताया । इस अवसर पर चाइल्ड लाइन टीम से परियोजना प्रभारी हेमन्त सिंह टीम मेंबर राखी अहिरवार ,अनुराधा सिंह , मंजू ,रितुराज सिंह व अभिषेक कुशवाहा उपस्थित रहे ।

## रानी लक्ष्मीबाई को राष्ट्रीयता और महिला सशक्ति करण की प्रतिमूर्ति बताया

झांसी। रानी लक्ष्मीबाई भारत भूमि पर निवास करने वाले सभी लोगों के लिए राष्ट्रीयता और महिला सशक्तिकरण की प्रतिमूर्ति है। साहस और वीरता की देवी है। भारत सदैव से ही अपनी महिला शक्तियों पर गर्व करता रहा है। उक्त विचार बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति मुकेश पाण्डेय ने रानी लक्ष्मी बाई के जन्मोत्सव पर परिसर में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आज का दिन महिला शक्ति की वीरता को समर्पित है। कुलसचिव विनय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी वसी मोहम्मद एवं परीक्षा नियंत्रक राजबहादुर के साथ ही अनेक अधिकारियों ने रानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर प्रोफेसर सुनील काबिया, प्रो अपर्णा राज, प्रो सीबी सिंह, प्रो पूनम पुरी, प्रो अर्चना वर्मा, प्रो मुन्ना तिवारी, प्रो पुनीत बिसारिया आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई के जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा

स्वदेश ■ झांसी

महारानी लक्ष्मीबाई जन्म दिवस समारोह महासमिति के तत्वावधान में वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई के जन्मोत्सव पर रानीमहल से महारानी लक्ष्मीबाई की भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसका शुभारम्भ पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, एमएलसी श्रीमती रमा निरंजन, सदर विधायक रवि शर्मा, राज्यमंत्री हरगोविन्द कुशवाहा ने संयुक्त रूप से केसरिया ध्वज दिखाकर किया। प्रारम्भ में अतिथियों का स्वागत मुख्य संयोजक एवं महासमिति के अध्यक्ष रवीश त्रिपाठी ने अतिथियों को पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। शोभायात्रा में सबसे आगे घोड़ों पर गुलाम गौस खां, तात्या टोपे, खुदाबक्स, बहादुरशाह जफर सहित हैण्ड ठेलों पर नाना जी पेशावर, चन्द्रशेखर आजाद आदि चल रहे थे। दो घोड़ों की बग्घी पर भारतमाता विराजमान थीं। शोभा यात्रा रानीमहल से प्रारम्भ होकर सिंधी तिराहा, कोतवाली, गंदीगर टपरा, सराफा बाजार, मानिक चौक, मालिनों का चौराहा, बड़ा बाजार, गांधीरोड, सुभाषगंज होती हुई यथास्थान पर समाप्त हुई जहाँ पर आतिशबाजी छोड़ी गयी। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा का समापन श्रीमती संध्या त्रिपाठी ने रानीमहल पर दीपांजलि कर किया। शोभायात्रा में महामंत्री महेश साहू, विष्णु गुप्ता, बन्टी दुबे, कालीचरन जारौलिया, अखिलेश पाण्डेय, संजीव त्रिपाठी, गौरीशंकर उपाध्याय, प्रेमकुमार रायकवार, चन्द्रप्रकाश जैन, रजत त्रिपाठी, संजय सर्राफ, राजकुमार अमरया, राजीव त्रिपाठी, पुरूषोत्तम बुधौलिया, महेश पाण्डे, कुलदीप सिंह दागी, शालिगराम सविता, पिन्टू माली, जगदीश रायकवार, सुरेन्द्र तिवारी, राधे चौबे, आनन्द रायकवार, मुकेश सिंघल, मोहन नेपाली, अजीत राय, मुकेश शर्मा, अफजाल अहमद, बॉबी खान, विशाल गुप्ता, सुभाष चौरसिया, राजकुमार साहू, श्रीमती ममता लश्करी, साजिया खान, सरिता रायकवार, मधु अग्रवाल, नेहा रायकवार, निधि, मीनू, मोनिका सिंह आदि झांसी की रानी अमर रहे का उद्घोष करते चल रही थीं।


शोभायात्रा का झण्डी दिखाकर शुभारम्भ करते सदर विधायक एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री।

स्मरण शक्ति यौन शक्ति बढ़ायें
चेहरे पर दाग, चर्म रोग, मोटापा, संतोन हीनता वालों की समस्या के लिये।
'ISO 9001'2015 Certified Sansthan
डॉ. कैलाश सागर वरिष्ठ परामर्श चिकित्सक
327/6, प्रेमगंज सीपरी बाजार, झांसी
विनीत आयुर्वेदिक संस्थान
मो. 8175847488,8887326155

पतंजलि® प्रकृति का आशीर्वाद
PATANJALI Nutrela™
पतंजलि के शुद्ध व स्वदेशी उत्पाद अपनाएं
पतंजलि चिकित्सालय
728, इलाहाबाद बैंक चौराहा, सिविल लाइन, झाँसी
M.: 9889810037, 7309034411
इं. रविकान्त दुबे झांसी
पतंजलि मेगा स्टोर्स
निकट कुंज बिहारी मंदिर, ग्वालियर रोड, झाँसी M.: 7309034407, 9889810031
पतंजलि आरोग्य केन्द्र
सुधा नर्सिंग होम के पीछे, शिवाजी नगर, झाँसी Mob.: 7309034412

शूटों के शहंशाह
MALIK TAILOR'S
And
MALIK GARMENTS
Branch
इलाईट चौराहा झांसी
Main Branch
The Malik Shop
Add:525 Chaman Ganj Sipri Bazar, Jhansi (U.P.)
Contect
9415031400 | 9473567025 | 8802909514

# नरेंद्र, सुरेंद्र और धर्मेन्द्र ने सपा से पेश की टिकट की दावेदारी

बाराबंकी, स्वदेश संवाद

निकाय चुनाव की सरगर्मी अपने चरम पर है, जिसकी तारीख का सभी को इंतजार है। भाजपा, सपा, बसपा, एआईएमआईएम और आप जैसे सभी दल निकाय चुनाव को लेकर कमर कस चुके है। ये सभी पार्टियां जिले में चेयरमैन और सभासद पद के लिये टिकट से प्रत्याशी खड़ा करके अपनी जड़े मजबूत करने की मंशा रखती है। वहीं प्रमुख दलों के टिकट को लेकर तमाम नेता अपनी दावेदारी कर रहे है, इनमे से किसी एक को टिकट मिलने के बाद बाकी को कैसे संतुष्ट रखते हुए कैसे अपने पाले में रखा जाये ये सभी दलों के लिये चुनौतीपूर्ण माना जा रहा है। गौर फरमानें वाली बात है कि जिले की सबसे चर्चित और महत्वपूर्ण सीट माने जाने वाली नगर पालिका परिषद नवाबगंज के टिकट के लिये आधा दर्जन दिग्गज नेताओ ने अपनी-अपनी दावेदारी पेश की है। यह सभी दावेदार किसी पहचान के मोहताज नहीं एक से बढ़कर एक इन दावेदारों में दो वर्षों से सबसे चर्चित नाम जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा का है। जिन्होंने दो वर्ष से लगातार नपपा अध्यक्ष के टिकट के लिये सपा से अपना प्रचार-प्रसार जारी रखा हुआ है। अध्यक्ष से पहले बार एसोसिएशन के महामंत्री रहने के दौरान ही उनके तेवर नपपा से अध्यक्ष का चुनाव लड़ने की तैयारी को लेकर शुरू हुए थे। वहीं दूसरा नाम 2017 के नपपा के अध्यक्ष के लिये सपा विधायक धर्मराज यादव उर्फ़ सुरेश के छोटे भाई धर्मेंद्र यादव का रहा। जिन्होंने अपनी रिश्तेदार श्रीमती यादव को सपा से अध्यक्ष लड़वाकर उपविजेता रहकर अपना मजबूत पक्ष रखा था। इस बार धर्मेन्द्र यादव ने स्वयं को अध्यक्ष के रूप में सामने लाकर सपा के कद्दावर नेता के रूप में अपनी दावेदारी पेश की है। तमाम अटकलो के बीच कई नेताओं का नाम इस लिस्ट में शामिल है, जो सपा से नपपा का टिकट मांग रहे है। हाल ही में एक और नाम उभर कर सामने आने से कई दावेदारों की मुश्किलें बढ़ गयी है, वो नाम है सुरेंद्र सिंह वर्मा का। पूर्व मंत्री संग्राम सिंह के छोटे भाई पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुरेंद्र वर्मा उनकी धर्मपत्नी शीला सिंह जो जिला पंचायत अध्यक्षा रह चुकी है। इस परिवार की राजनीतिक पृष्ठ भूमि या कहे आमजन के बीच जड़े काफी मजबूत मानी जाती है। यही वजह उन्हें प्रबल दावेदार प्रत्याशी की श्रेणी में रखती है। इसी क्रम में पूर्व सपा जिलाध्यक्ष डॉ. कुलदीप सिंह, राजेश प्रताप सिंह, पूर्व नपपा चेयरमैन हफीज भारती, नसीम कीर्ति, सभासद ताज बाबा राइन हो या अन्य दावेदार सबका अपना-अपना मजबूत पक्ष सपा के लिये प्रत्याशी चुनना कठनाई भरा साबित हो रहा है। यह यक्ष प्रश्न है कि सपा खेमा दावेदारों को चुनते समय कौन सी कसौटी पर आंकेगा।



### दिग्गज दावेदारो की लगी सपा में कतार, जारी है प्रचार

#### आरक्षण पर टिकी सभी नजर

निकाय चुनाव को लेकर प्रत्याशियों ही नही आमजन में भी जद्दोजहद का माहौल बना हुआ है। सभी को आरक्षण आने का बेसब्री से इंतजार है। क्योंकि इसके बाद ही पार्टी के आलाकमान के सामने विकल्प खुलेंगे। एक वर्ष से शुरु हुई चर्चा भी अपने सवाब पर है। वह चर्चा यह थी कि इस बार नपपा नवाबगंज ओबीसी होगी। लेकिन जानकारों की माने तो सीट पर 2012 का आरक्षण होने के संकेत मिल रहे हैं और ऐसी ही स्थिति पूरे जिले की सभी निकाय सीटों पर होने की सम्भावनाएं बनी हुई है।

#### पेंच फसा तो प्रदेश नेतृत्व करेगा फैसलाः हाफिज अयाज

सपा से दहाई की संख्या में दावेदार टिकट मांग रहे हैं।



समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज का कहना है कि एक दो दिन में आरक्षण की तारीख आने के बाद जिला प्रतिनिधि मण्डल प्रत्याशी घोषित करेगा। लेकिन अगर प्रत्याशी चुनने में किसी प्रकार की समस्या या कोई पेंच फसा तो दावेदार को टिकट प्रदेश नेतृत्व द्वारा तय किया जायेगा।

# विश्व हिन्दू सेवादल के जिलाध्यक्ष की गोली मारकर हत्या

स्वदेश संवाद, बदायूं ( मूसाझाग )।

थाना क्षेत्र के गांव गिधौल निवासी प्रदीप कश्यप की शुक्रवार देर रात्रि हत्या कर दी गई। जिससे गांव में हड़कंप मच गया। एसएसपी, एसपी सिटी ने घटनास्थल का दौरा किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदीप कश्यप ( 30 ) पुत्र हेमराज का शव खेतियर इलाके में गांव से दो किलोमीटर दूर चक रोड के किनारे पड़ा मिला। उनकी सफारी गाड़ी भी पास में खड़ी थी और लाश से कुछ दूरी पर तमंचा भी पड़ा था, बताया जाता है कि प्रदीप कश्यप विश्व हिंदू सेवा दल के जिलाध्यक्ष थे। गांव के लोगों के मुताबिक शुक्रवार देर रात्रि प्रदीप की गाड़ी रुकवा कर गोलियां मारी गई। जब वह अपने घर लौट रहे थे, बताया जाता है कि राशन डीलर तथा दूसरे लोगों से कोटा वितरण को लेकर एक साल पहले विवाद हो चुका था। इस विवाद से दोनों में रंजिश थी। कुछ दिन पहले दोनों पक्षों में कहासुनी हुई तो कोटेदार ने इसकी शिकायत पुलिस के बड़े अधिकारियों से की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। हिंदू नेता प्रदीप ने 16 नवंबर को गांव के प्रेम पाल के घर में दोनों पक्षों को बुलाया।



वहां काफी लोग पहले से मौजूद थे। सभी की मौजूदगी में प्रदीप ने सुलहनामा लिखवा दिया, इसी बीच अचानक धीरेंद्र और फुलवारी ने समझौता फाड़ कर फेंक दिया, साथ ही प्रदीप को नेतागिरी करने की कहकर निपटने की धमकी भी दी। प्रदीप ने विरोध किया तो धीरेंद्र तथा फुलवारी ने सहयोगियों के साथ मिलकर पीट दिया, कोटेदार पक्ष के लोगों ने बमुश्किल से बचाया तो दोनों धमकी देकर चले गए। मृतक के भाई उमेश ने रोते हुए बताया कि 2 दिन पहले प्रदीप ने अपनी हत्या की आशंका जताई थी।

पुलिस को दोबारा मामले की सूचना दी गई लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की उमेश ने बताया कि भाई की लाश की सूचना ग्रामीणों से मिली तो वहां पहुंचा, वहां पुलिस खड़ी थी। दो दिन पहले हुई मारपीट पर पुलिस संज्ञान लेती तो मेरे भाई की जान बच जाती। बताया जाता है कि प्रदीप हिंदूवादी नेता होने के साथ-साथ भाजपा नेताओं से संबंध रखते थे। एसएसपी डा ओपी सिंह ने बताया कि बरामद तमंचे की जांच कराई जा रही है। परिजनों की ओर से तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। अभी तक कोटे की रंजिश में मर्डर होना प्रतीत हो रहा है।

# हार्वेस्टर पलटने से चातक की मौत, सहचालक गंभीर

**सिकन्दरपुर, बलिया।** सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के नरहनी गांव के पास शनिवार को हार्वेस्टर पलटने से चालक और सहचालक दोनों उसके नीचे दब गए। आस-पास के लोगों ने जेसीबी की मदद से दोनों को बाहर निकलवाकर सीएचसी सिकन्दरपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया। वहीं, दूसरे की स्थिति गम्भीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। नरहनी गांव में धान की कटाई करने के लिए बिहार राज्य के बक्सर से आई हार्वेस्टर मशीन जा रही थी। गांव के उत्तर तरफ टीएस बंधे से जैसे ही चालक ने मशीन को खेत में उतारने का प्रयास किया, हार्वेस्टर असंतुलित होकर चारो खाने चित्त हो गई। जिसके नीचे बिहार राज्य के पूर्णिया जिला अंतर्गत मोहनिया नबटोलिया निवासी चालक बिट्टू शर्मा ( 26 ) व सहचालक दिलीप कुमार यादव ( 25 ) दब गए।

हार्वेस्टर पलटने की आवाज सुन मौके पर पहुंचे लोगों ने दोनों घायलों को करीब एक घण्टे बाद जेसीबी की मदद से बाहर निकलवाया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकन्दरपुर पहुंचाया। चिकित्सकों ने जांचोपरांत बिट्टू शर्मा को मृत घोषित कर दिया। जबकि गम्भीर रूप से घायल दिलीप को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। उधर घटना की जानकारी होने पर हॉस्पिटल पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया।

# अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता परिषद ने मनाई रानी लक्ष्मीबाई की जयंती

**हरदोई।** अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता परिषद के सैकड़ों कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने संयुक्त अधिवक्ता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता शिव सेवक गुप्त जय शिव के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्रित होकर महान वीरांगना साहसकी प्रतिमूर्ति रानी लक्ष्मीबाई की पावन 192 जयंती के पावन अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण व को अ र्पित कर देशभक्ति को उत्प्रेरित करते हुए राष्ट्र रक्षा का संकल्प लिया गया

इस अवसर पर रानी लक्ष्मीबाई के चित्र पर माल्यार्पण करने के उपरांत राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता शिव सेवक गुप्त जय शिव ने कहा रानी लक्ष्मीबाई बाल्यावस्था से ही साहसी वीरता से परिपूर्ण थी उन्होंने आगे चलकर मां भारती को अंग्रेजी साम्राज्य से आजाद कराने के लिए सशस्त्र क्रांति का बिगुल फूंका और अंग्रेजी साम्राज्य के दांत खट्टे कर दिए आज उनकी पावन जयंती के अवसर पर उनके पद चिन्हों पर चलने का आह्वान करते हैं

राष्ट्रीय महामंत्री संजीव अवस्थी एवं जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार त्रिपाठी ने कहा बुंदेलेहर मुंह हमने सुनी कहानी थी खूब लड़ी मर्दानी वो तो झांसी वाली रानी थी आज भी हमारे दिलों में चरितार्थ है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता पीपी मिश्रा, सुधीर यादव ,प्रदेश उपाध्यक्ष अधिवक्ता ओम कुमार, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता अधिवक्ता सुनीत शुक्ला, युवा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष लक्ष्मी कांत पांडे, जिला उपाध्यक्ष दिनेश चंद त्यागी, के पी मिश्रा ,प्रदेश सचिव शिव मोहन शुक्ला ,विनीत मिश्रा, अमित श्रीवास्तव राष्ट्रीय संगठन मंत्री युवा प्रकोष्ठ, मुतिव अहमद, सुमित पाठक, कमल किशोर, श्रीवास्तव सुनील कुमार ,कमलेश वर्मा ,देवेंद्र सिंह कुशवाहा, मेवालाल, ब्रजकिशोर, शैलेंद्र वर्मा, राजेश कुमार वर्मा जिला उपाध्यक्ष, सोमेश्वर सिंह सहित सैकड़ों अधिवक्ता परिषद के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने जयंती समारोह में लेकर देशभक्ति को उताप्रेरित किया।

## निपुण असेसमेंट परीक्षा सम्पन्न

**अयोध्या।** शिक्षा क्षेत्र रूदौली के 220 परिषदीय विद्यालय में से 161 प्राथमिक,33 कम्पोजिट,26 उच्च प्राथमिक विद्यालय में पंजीकृत 36080 छात्र में से 80त्न छात्र निपुण असेसमेंट परीक्षा में उपस्थित हुए।

शिक्षा क्षेत्र रुदौली के एआरपी जितेंद्र तिवारी ने परिषदीय विद्यालयों में संपन्न परीक्ष की उच्च मॉनिटरिंग की गई। विद्यालयों में ओएमआर शीट व प्रश्न पत्र समय पर छात्रों को प्रदान किये गये। प्राथमिक स्कूलों में प्रथम पाली में सुबह कक्षा एक से कक्षा तीन तक के बच्चों की परीक्षा कराई गई। जबकि द्वितीय पाली में कक्षा 4 और कक्षा 5 के बच्चों की परीक्षा आयोजित हुई। प्राथमिक विद्यालय मीरमऊ, महमूद मऊ कम्पोजिट विद्यालय बनमऊ, माथानेवादा में खण्ड विकास अधिकारी अखिलेश गुप्ता ने जांच की। खण्ड विकास अधिकारी ने बताया कि छात्रों से बात की गई।अध्यापकों से परीक्षा की शुचिता बनाये रखने के निर्देश दिए गए।प्राथमिक विद्यालय मतौली के प्रधानाध्यापक सर्वेश मिश्रा ने बताया विद्यालय के 120 बच्चों में से102 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए।

# धार्मिक पर्यटन के साथ औद्योगिक स्तर पर भी अब चमकेगी रामनगरी

### अयोध्या के औद्योगिक विकास के लिए एमएसएमई कराएगा 1600 करोड़ का निवेश

स्वदेश संवाद, अयोध्या

अयोध्या में हो रहे भव्य श्री रामलला के मन्दिर निर्माण और रामनगरी को विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए संकल्पित देश व प्रदेश सरकार दुनिया के उद्यमियों को अयोध्या में निवेश करने के लिए आमंत्रण दे रही है। प्रदेश सरकार रामनगरी को धार्मिक पर्यटन के के साथ रोजगार और उद्योग का भी एक बड़ा केंद्र बनाने में जुटी है। जिसके लिए छोटे बड़े सभी उद्योगों में करीब साढ़े बारह हजार करोड़ रुपए निवेश का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। किंतु यदि इसका एक चौथाई लक्ष्य भी पूरा हो गया तो अयोध्या में रोजगार की बरसात होने लगेगी।

**पहली वार्ता में ही 25 उद्यमियो ने जतायी निवेश की इच्छा**

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए प्रदेश सरकार ने अयोध्या में एमएसएमई को 1600 करोड़ रुपये और औद्योगिक विकास विभाग को 11 हजार करोड़ का निवेश कराने का लक्ष्य दिया है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए संबंधित अधिकारी उद्योगपतियों से वार्ता कर रहे हैं। अयोध्या के उपायुक्त ए के पांडेय ने बताया कि उद्यमियों से पहले चरण की वार्ता हो चुकी है। इसका परिणाम भी अच्छा रहा है। करीब 25 उद्यमियों ने पहली ही वार्ता में निवेश करने की इच्छा जताई है। इसके अलावा जिले के रहने वाले वह उद्यमी जो देश के अन्य भागों में बड़े उद्योग चला रहे हैं। उनसे भी संपर्क साधा जा रहा है। यहां स्थानीय उद्योगों में केएम शुगर मिल जैसे उद्योग भी एक्सपेंशन करना चाह रहे हैं। इस विषय में निरंतर वार्ता चल रही है।

# आत्मरक्षा के गुर सीखने से बढ़ता है खुद पर भरोसा

स्वदेश संवाद, लखनऊ।

जैक्सन ग्रुप ने लेट्स गिव होप फाउंडेशन के सहयोग से शनिवार को यहां म्युनिसिपल गर्ल्स इंटर कॉलेज कश्मीरी मोहल्ला में करीब 350 छात्राओं के लिए सक्षम कार्यक्रम के अंतर्गत सशक्त बनाने के लिए आत्मरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य लड़कियों में निडरता की भावना पैदा करना और मानसिक शक्ति बढ़ाना था।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में संयुक्ता भाटिया ने कहा कि लड़कियां आज हर क्षेत्र में अपना, परिवार का और देश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्हें ऐसी सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग के माध्यम से हमें उन्हें स्वयं की सुरक्षा के लिए तैयार करना है। बेटियां घर परिवार के मान सम्मान के लिए बहुत से अत्याचार सहन कर जाती हैं। इसके पीछे उनकी शारीरिक व मानसिक कमजोरी छिपी होती है। जिस दिन बेटियां शिक्षित हो आत्मरक्षा के तरीके सीख लेंगी, उस दिन वह हर अत्याचार का मुंहतोड़ जवाब भी दे सकेंगी। विद्यालय प्रभारी ने बताया कि यह एक अच्छा प्रयास है जिसके माध्यम से हर घर की बेटियां अपनी सुरक्षा स्वयं करेंगी और अवसर पड़ने पर अपने परिवार की भी रक्षा के लिए खड़ी होंगी। टीम ने ट्रेनिंग के संग पैदा होने वाली स्थितियों का हवाला देते हुए ब्लॉक, पंचिंग और किकिंग की तकनीक के गुर और बारीकियां भी समझाईं। प्रशिक्षकों का कहना था कि संकट के समय खुद को बचाने के लिए सीखी गई तकनीक बालिकाओं में आत्मविश्वास पैदा करती हैं और उन्हें सुरक्षित महसूस कराती हैं।

### म्यूनिसिपल गर्ल्स कश्मीरी मोहल्ला में लगा सक्षम शिविर



सीएसआर जैक्सन ग्रुप के वरिष्ठ प्रबंधक श्रीकुमार अभिषेक ने कहा कि जैक्सन हमेशा अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के हिस्से के रूप में महिला सशक्तिकरण पर कार्य करने के लिए उत्सुक रहा है। लेट्स गिव होप फाउंडेशन ने हमें एक अवसर दिया है कि हम मिशन आगे ले जाएं और बालिकाओं को सशक्त बनाये। होप फाउंडेशन के संस्थापक आशीष मौर्या ने बताया कि यह मिशन ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के हर सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों व महाविद्यालयों में चलता रहेगा। कार्यक्रम में छात्राओं के संग ही अविषेक कुमार, मुदित कुमार सिंह, हितेंद्र कुमार करण, अनीता सरोज, रूबी यादव, शालिनी कनौजिया, शालिनी सिंह, राशिका, अंबुज, वंशिता, कोमल, कुलदीप सिंह, फजल रिजवी, हिमांशु सिंह, अजमी हुसैन और शिक्षिकाएं आदि उपस्थित थे।



# हम सबको करना चाहिए एक दूसरे के धर्म का सम्मान : महंत संतोष दास खाकी

नैमिषारण्य सीतापुर।

शनिवार को नैमिषारण्य तीर्थ स्थित दुर्गा शक्ति साधना केंद्र में विश्व हिंदू परिषद के द्वारा हित चिंतक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में नैमिष की चौरासी कोसीय परिक्रमा के साधु संतों के अलावा वृंदावन, अयोध्या, हरियाणा सहित विभिन्न स्थानों के साधु संत सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नारादानंद आश्रम के जगदाचार्य स्वामी देवेंद्रानंद सरस्वती ने की। उन्होंने कहा कि बीती पांच शताब्दियों से सनातन धर्म शनै शनै घटता जा रहा है जिसके लिए बाह्य शक्तियों की अपेक्षा आंतरिक शक्तियां ज्यादा जिम्मेदार हैं। आज सनातन धर्म से निकले सिख, जैन और बौद्ध पंथों द्वारा ही सनातन धर्म को आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है।

ऐसे में हम सबको मतभेद भुलाकर आगे बढ़ना चाहिए। सभी का स्वागत सम्मान चौरासी कोसीय परिक्रमा समिति के सचिव महंत संतोष दास खाकी ने किया। महंत जी ने बताया कि यह आयोजन संत समाज को जागरूक कर विभिन्न पंथों में फैले मतभेदों को कम करने व कनवर्जन, लव जिहाद जैसी गतिविधियों के विषय में लोगों को सतर्क करने के लिए किया गया।

नव बौद्धों द्वारा सनातन धर्म के प्रतीक चिन्हों, देवी देवताओं पर अपमान जनक बातें करने की घोर निन्दा की, उन्होंने कहा कि हम सबको एक दूसरे के धर्म का सम्मान करना चाहिए। इस मौके पर स्वामी विद्यानंद सरस्वती, अयोध्या के संत प्रज्ञा चक्षु अवधेश दास महाराज, पहला महंत नारायण दास, प्रह्लाद दास, प्रीतम दास, सोनिकपुर के अनुज दास, रामचरण दास त्यागी, मुनींद्र अवस्थी, भास्कर मिश्रा, विमल मिश्रा, महेंद्र, पंडित आत्मप्रकाश, विनीत मिश्रा, प्रज्ज्वल दीक्षित आदि जन मौजूद रहे।

# नारी शक्ति दिवस पर कबड्डी प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं को किया पुरस्कृत

स्वदेश संवाद, लखनऊ।

नवयुग कन्या महाविद्यालय एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वाधान में शुक्रवार को आयोजित नारी शक्ति दिवस पर अंतर-महाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें लखनऊ के विभिन्न कॉलेज एवं क्लब की टीमों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा परिषद के अतिरिक्त सचिव प्रो राजेश कुमार चतुर्वेदी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अभाविप के प्रांत संगठन मंत्री अंशुल श्रीवास्तव, नवयुग प्राचार्य प्रो मंजुला उपाध्याय, नवयुग शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा पांडेय ने कार्यक्रम की शुरुआत की।



### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने नवयुग कन्या महाविद्यालय में किया प्रतियोगिता का आयोजन

कार्यक्रम में 5 टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मैच साईं स्टेडियम सेंटर एवं दयानंद क्लब के बीच हुआ। इसमें साईं स्टेडियम 17-7 अंकों से विजय हुआ। मार्शल आर्ट में जीत कुनो डी एसोसिएशन में निपुण छात्राओं ने शक्ति प्रदर्शन व कोटा शारीरिक शिक्षा विभाग की छात्राओं ने पिरामिड बनाकर प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि ने मैच में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को पदक पहनाकर व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि आज छात्राएं हर जगह बराबरी के हिस्सेदारी करते हुए समाज में आगे आ रही हैं। लक्ष्मीबाई से प्रेरणा लेकर समाज में आगे आना चाहिए। प्रांत संगठन मंत्री अंशुल ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सदैव प्रतिभा को निखारने का काम करती है। लक्ष्मीबाई जयंती पर अभाविप नारी शक्ति दिवस मनाकर समाज में बहनों को बराबरी की हिस्सेदारी देने का अवसर और मंच प्रदान करते हैं। प्राचार्य प्रो मंजुला उपाध्याय ने आभार जताया। इस दौरान नवयुग प्रवक्ता डॉ. अमिता सिंह, आयशा वहीद, डॉ. प्रतिमा घोष, ऐश्वर्या सिंह, प्रो सुषमा त्रिवेदी डॉ. वंदना द्विवेदी, मार्शल आर्ट प्रशिक्षक सुधीर कुमार शर्मा, कबड्डी कोच शराफत अली, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के ऋषभ कात्यायन मिश्र, लखनऊ पश्चिम संगठन मंत्री, जिला संयोजक तुषार, जिला सहसंयोजक निखिल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य वासु सैनी, महिमा चौधरी एवं मोहिनी उपस्थित रहे।

## खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ रफी अहमद किदवई कॉलेज का वार्षिकोत्सव शुरू

हरदोई। बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कारी बनाने में गुरूओं का विशेष योगदान होता हे। मुझे प्रसन्नता है कि इस विद्यालय के सम्मानित शिक्षक बच्चों को देशभक्त नागरिक बनाने की दिशा में विशेष रूचि ले रहे हैं।÷ यह विचार रफी अहमद किदवाई इण्टर कालेज के तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रेमावती ने व्यक्त किये। इस मौके पर उन्होने बच्चों से 'भारत माता की जय' के नारे भी लगवायें। मुख्य अतिथि के विद्यालय पहुंचने पर प्रबन्धक सुयश वाजपेयी व प्रधानाचार्य डॉ अमित कुमार वर्मा ने स्वागत किया तथा स्काउट बैण्ड बच्चों के साथ वे मंच पर पहुँची। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वन्दना से हुआ। जिसके बाद बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

# कुम्भकर्णी नींद में एडीए के जिम्मेदार, भूमाफिया का खेल जारी

स्वदेश संवाद, अयोध्या।

श्रीराम जन्मभूमि से सटे माझा जमथरा के डूब वाले क्षेत्र की बेशकीमती करोड़ो की जमीन पर बीते दिनों जहां अयोध्या विकास प्राधिकरण ने फर्जी प्लाटिंग कर जमीन बेचने वाले भू माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की थी अब फिर वहां भू-माफिया रात दिन प्लाटिंग करके निर्माण कार्य करवाने में जुटे है। भूमाफिया द्वारा यह बताया जा रहा है कि प्राधिकरण जल्द ही इसे नियमित कालोनी के रूप में अवस्थापित करने जा रहा है। अयोध्या में चल रहे राम पथ को लेकर हो हल्ले के बीच भू माफियाओ ने प्रशासन की व्यस्तता व निकाय चुनाव का फायदा उठाते हुए नजूल की जमीनों पर कब्जे कर प्लाटिंग के बाद धड़ल्ले से बेचना शुरू कर दिया है। कार्रवाई को लेकर अपनी पीठ थपथपाने वाले प्राधिकरण के जिम्मेदारों की हालत अब भूमाफिया के सामने शुतुरमुर्ग जैसी हो चुकी है।

**माझा जमथरा में सरकारी नजूल की जमीन बेचने का काम फिर शुरू**

बताते चले कि अब इस मामले की शिकायत संजय यादव नामक व्यक्ति ने अयोध्या विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष को पत्र भेजकर की है। 18 नवम्बर को भेजे पत्र में शिकायतकर्ता ने लिखा है कि डूब क्षेत्र में 14 कोसी परिक्रमा मार्ग से बंधे के बीच भू-माफिया प्लाटिंग व निर्माण कर रहे हैं। उन्होंने लिखा है कि खाता संख्या 52. गाटा संख्या 84, 85. 88. 87, 88, 79, 80 पर अवैध निर्माण किया जा रहा है। बताया गया है कि रेतिया पुल के नीचे डूब क्षेत्र की तरफ प्लाटिंग कर निर्माण किया जा रहा है जिस पर अयोध्या विकास प्राधिकरण पूर्व में कार्यवाही कर चुका है। अब उन्ही प्लाटिंग पर बहुत तेजी से निर्माण किया जा रहा है। शिकायत में कहा गया है कि क्षेत्र में तारापुर रजौली, मुरावन टोला आदि के कई भू-माफिया ने पुनः निर्माण व प्लाटिंग शुरू कर दिया है। भू माफिया ने बहुत सी सरकारी नजूल की जमीन को गौरा पट्टी कि बताकर लोगों को बेवकूफ बनाकर उस पर कब्जा दे दिया है। पत्र में मांग की गई है कि जिस दिन 14 कोसी परिक्रमा मार्ग से बंधे के बीच सही से गौरा पट्टी व तारापुर रजौली भूमि की नाप सही से हो गयी। सब दूध का दूध पानी का पानी हो जायेगा कि भू माफिया ने कितनी नजूल सरकारी जमीन बेची है। शिकायत कर्ता ने मामले की जांच करवाकर एंटी भू-माफिया के तहत रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग प्राधिकरण के उपाध्यक्ष से की है।

## बिहार से लूटी गई ट्रक बलिया से बरामद

**बलिया।** बिहार राज्य के गया जनपद अंतर्गत आमस से परचून का सामान लदी ट्रक को बलिया पुलिस ने बैरिया थाना क्षेत्र के चकिया गांव के पास से बरामद कर लिया है। बैरिया पुलिस ने शुक्रवार की देर शाम गया से आयी पुलिस को सुपुर्द कर दिया। गया जनपद के आमस थाना क्षेत्र से लाखों रुपये मूल्य का परचून सामान से लदी ट्रक 14 दिन पहले लूटी गयी थी। बैरिया एसएचओ धर्मवीर सिंह की माने तो चकिया गांव के पास ट्रक का चक्का पंचर हो गया था। वहीं, रोड के किनारे से लावारिस हालत में ट्रक बरामद की गई है। हालांकि ट्रक पर लदा लाखों रुपये के परचून का सामान गायब हैं। वहीं ट्रक का टायर व

# हिन्दू जीवन रचना विश्व परिवार के लिए आदर्श

**हिन्दू जीवन रचना विश्व परिवार के प्रति आदर्शोन्मुख रही है। यह कर्मकाण्डों की जड़ संहिता नहीं थी। यह काल संगत को जोड़ने व काल वाह्य को छोड़ने में गतिशील रही है। ब्राह्मण ग्रंथों में वर्णित मंत्र विनियोग और कर्मकाण्ड भी जड़ नहीं रहे। उनकी व्याख्या और आलोचना भी होती रही है। मुक्त चिंतन हिन्दुत्व का मूलाधार है। डा. राधाकृष्णन ने 'धर्म और समाज' (पृष्ठ 130) में बताया है, ''वैदिक आर्यों के पास कोई मंदिर नहीं थे। वे प्रतिमाओं का उपयोग करते थे।'' उन्होंने लिखा है, ''मंदिरों और मूर्ति - पूजा पर विभिन्न ग्रंथ हिन्दू धर्म के वैदिक वाद से आगे बढ़ आने के बाद ही रचे गए। फिर भी वैदिक मंत्रों का प्रयोग किया जाता था और ऋषियों की प्रेरणामयी प्रतिभा ने वैदिक और वैदिक - भिन्न तत्वों को मिलाकर एक कर दिया।**

विश्व मानवता तनावग्रस्त है। रूस यूक्रेन युद्ध का प्रभाव विश्व व्यापी है। तनाव का उपचार भारतीय चिंतन में है। संस्कृति में है। समूचे विश्व को आनंदित करने और श्रेष्ठ मनुष्य - आर्य बनाना वेदों का उद्देश्य है। भारतीय ज्ञान परंपरा में वेदों का सुप्रतिष्ठित आदर रहा है। कृतज्ञ मानवता ने वेदों को भगवान की वाणी कहा है। वेद के निंदक यहां नास्तिक कहे जाते हैं और वेदों को मानने वाले आस्तिक। वर्तमान हिन्दू धर्म वैदिक धर्म का विस्तार है। वेदों में सांसारिक जीवन को माधुर्य बनाने के सूत्र हैं। विभिन्न आधिभौतिक प्रश्नों के समाधान भी हैं। तत्व मीमांसा व ज्ञान मीमांसा भी है। वैदिक संहिता के बाद में ब्राह्मण ग्रंथों की रचना हुई। ब्राह्मण ग्रंथ वैदिक सूक्तों के आध्यात्मिक रहस्यों की व्याख्या है। इसी के साथ आरण्यक ग्रन्थ भी हैं। शब्द ब्राह्मण का अर्थ ब्राह्मण वर्ण या जाति से नहीं है। दुर्भाग्य से ब्राह्मण शब्द वर्ण या जाति के लिए रूढ़ हो गया है। ब्राह्मण ग्रंथों में वैदिक ज्ञान का आशय है। आचार्य बलदेव उपाध्याय ने 'वैदिक साहित्य का इतिहास' में ब्राह्मण साहित्य के दो प्रमुख विषय विधि और अर्थवाद बताए हैं। वैदिक भाष्यकार भट्ट भाष्कर ने वैदिक मन्त्रों के भाष्य, आशय, कर्मकाण्ड व विनियोग को ब्राह्मण ग्रंथों का विषय बताया है। डा0 कपिल देव द्विवेदी ने 'वैदिक दर्शन' (पृष्ठ 6) में लिखा है, 'ब्राह्मण ग्रंथों में वेद की विस्तृत व्याख्या है। ये टीका - ग्रन्थ समझे जाने चाहिए।' ब्राह्मण ग्रंथों में इतिहास है। वैदिक परंपरा और ज्ञान का विस्तार है। दुर्भाग्य से आधुनिक समाज ने इन्हें काल वाह्य की स्थिति तक उपेक्षित किया है।

दर्शन



हृदयनारायण दीक्षित

वैदिक साहित्य वैश्विक आनंद का भंडार है। ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद चार वेद हैं। अथर्ववेद इतिहास और तत्कालीन दर्शन व विज्ञान की सामग्री से भरा पूरा है। ब्राह्मण ग्रन्थ हैं। आरण्यक हैं, उपनिषद हैं। इसके बाद पुराण हैं। ऐसा विशाल वांग्मय दुनिया की किसी भी सभ्यता संस्कृति में नहीं मिलता। हिन्दुत्व में ये सब समाहित है। डा0 राधाकृष्णन ने 'धर्म और समाज' (पृष्ठ 106) में बताया है हिन्दुत्व विचार और महत्वकांक्षाओं का एक सजीव और स्वयं जीवन की गतिविधियों के साथ गति करता हुआ उत्तराधिकार है। एक ऐसा उत्तराधिकार जिसमें भारत की प्रत्येक जाति ने अपना विशिष्ट सुस्पष्ट योग दिया है। इसकी संस्कृति में एक खास तरह की एकता है। यहां उत्तराधिकार पर ध्यान देना जरूरी है। समाज अपने सदस्यों के सचेत कर्मों के परिणाम होते हैं। आधुनिक समाज पूर्ववर्ती समाज का फल हैं और पूर्ववर्ती समाज भी अपने पूर्ववर्ती समाज का प्रतिफल। हिन्दुत्व का श्रेयस वैदिक समाज से लेकर आधुनिक समाज तक व्याप्त है। यह हम सबको उत्तराधिकार में मिला है। इसका संरक्षण व संवर्धन हम सबका कर्तव्य है। डा. राधाकृष्णन ने आगे कहा है कि समाज की वर्तमान दशा को सुधारने के लिए, समय के महत्व के उपयुक्त जीवन को नया रूप देने के लिए हमे इसकी आत्मा को, जो हमें उत्तराधिकार से अपने खून में मिली है, उन अलौकिक आदर्शों को, उन वस्तुओं को, जो हमारे अस्तित्व की गहराइयों में चिरंतन सम्भावनाओं के रूप में हैं, नए सिरे से खोज निकालना होगा। हमारी मान्यताएं नहीं बदलती, परन्तु उन्हें व्यक्त करने के ढंग और साधन बदल जाते हैं। भारत आध्यात्मिक मान्यताओं को अन्य मान्यताओं की अपेक्षा कही अधिक महत्व देता है।

ब्राह्मण ग्रंथों पर अंधविश्वासी कर्मकाण्डी होने के आरोप कुछ विद्वानों ने भी लगाए हैं। वे उपनिषदों को ब्राह्मण ग्रंथों से भिन्न मानते हैं। सत्य ऐसा नहीं है। सत्य यह है कि अधिकांश अपनिषदें ब्राह्मण ग्रंथों का ही भाग हैं। सबसे बड़े आकार वाली वृहदारण्यक उपनिषद् शतपथ ब्राह्मण का ही एक भाग है। ऐतरेय ब्राह्मण का एक भाग ऐतरेय उपनिषद् है। कौशितकी ब्राह्मण का आध्यात्म भाग कौशितकी उपनिषद् के रूप में लोकप्रिय हुआ। कृष्ण यजुर्वेद के ब्राह्मणों से कठोपनिषद्, तैत्तिरीय उपनिषद्, श्वेताश्वोतरोपनिषद् अलग हो गए। सामवेद के ब्राह्मणों से केन और छान्दोग्य उपनिषदें निकलीं। तर्क प्रतितर्क, विचार - विमर्श और ब्रह्म सत्य आदि विषय ब्राह्मण ग्रंथों से निकल कर उपनिषद् साहित्य का अंग बने। सबसे प्राचीन ईशावास्योपनिषद् है। यह स्वतंत्र रचना नहीं है। यह यजुर्वेद का 40वां अध्याय है। भारतीय दर्शन का ब्रह्म संपूर्णता है। ब्रह्म सर्वत्र है। भीतर, बाहर, ऊपर, नीचे, दांए, बांए, सामने, पीछे ब्रह्म ही है। इस तरह हम सब ब्रह्म है - अहं ब्रह्मास्मि। ऋग्वेद में कहीं कहीं ब्रह्म का अर्थ स्तुतिपरक मंत्र भी है। इन्द्र से कहते हैं, ''हे इन्द्र सब मित्र मरुतों ने ब्रह्माणि - स्त्रोतों से तेरे बल को बढ़ाया''। ब्रह्माणः ज्ञानी हैं। वेदों में ब्रह्म को सृष्टि का कर्ता बताया गया है। यजुर्वेद में 'ब्रह्म सर्वोच्च सत्ता है, सृष्टि में प्रथमा है।' कह सकते हैं कि वह सदा से है। अथर्ववेद (5-2-1) में 'ब्रह्म ज्येष्ठ श्रेष्ठ सत्ता हैं'। अथर्ववेद (13-3-17) के अनुसार ''ब्रह्म एक अद्वितीय ज्योति पुंज है। वही एक अनेक रूपों में सर्वत्र प्रकाशित हो रहा है - यदेकं ज्योतिर बहुधा विभाति''। यह यदेकं ऋग्वेद का एकं सद् है। यही अष्टावक्र का ज्योतिर्एकं है। एक ज्योति है। प्रकाशों का स्रोत।

हिन्दू जीवन रचना विश्व परिवार के प्रति आदर्शोन्मुख रही है। यह कर्मकाण्डों की जड़ संहिता नहीं थी। यह काल संगत को जोड़ने व काल वाह्य को छोड़ने में गतिशील रही है। ब्राह्मण ग्रंथों में वर्णित मंत्र विनियोग और कर्मकाण्ड भी जड़ नहीं रहे। उनकी व्याख्या और आलोचना भी होती रही है। मुक्त चिंतन हिन्दुत्व का मूलाधार है। डा0 राधाकृष्णन ने 'धर्म और समाज' (पृष्ठ 130) में बताया है, ''वैदिक आर्यों के पास कोई मंदिर नहीं थे। वे प्रतिमाओं का उपयोग करते थे।'' उन्होंने लिखा है, ''मंदिरों और मूर्ति - पूजा पर विभिन्न ग्रंथ हिन्दू धर्म के वैदिक वाद से आगे बढ़ आने के बाद ही रचे गए। फिर भी वैदिक मंत्रों का प्रयोग किया जाता था और ऋषियों की प्रेरणामयी प्रतिभा ने वैदिक और वैदिक - भिन्न तत्वों को मिलाकर एक कर दिया।

मंदिर हिन्दू धर्म व हिन्दू मन के प्रिय रहे हैं। डा. राधाकृष्णन ने लिखा है, ''मंदिर हिन्दू धर्म के दृश्य प्रतीक हैं। वे स्वर्ग के प्रति पृथ्वी की प्रार्थनाएं हैं। वे एकांत और प्रभावोत्पादक स्थानों पर बने हुए हैं। हिमालय के महिमामय और पावन तुंग शिखर महान मन्दिरों के लिए स्वाभाविक पृष्ठभूमि हैं। ब्रह्म मुहूर्त में उपासना के लिए नदी - तीर पर जाने की प्रथा का पालन शताब्दियों से होता चला आ रहा है। विश्वास और रहस्य से युक्त मंदिरों के भवनों का सौन्दर्य, असंगता तथा विस्मय का भाव जगाने वाली धुंधली ज्योतियां, गान और संगीत, मूर्ति और पूजा, इन सबमें व्यंजना की (संकेत करने की) शक्ति है। सब कलाओं, वास्तु कौशल, संगीत, नृत्य, कविता, चित्रकला और मूर्ति शिल्प का प्रयोग इसलिए किया जाता है कि हम धर्म की उस शक्ति को अनुभव कर लें, जिसकी परिभाषा ही नहीं की जा सकती और जिसके लिए कोई भी कला यथेष्ट वाहन नहीं है। जो लोग पूजा में भाग लेते हैं, वे उस ऐतिहासिक हिन्दू अनुभव और उन प्रगाढ़ आध्यात्मिक शक्तियों से मिलकर एक हो जाते हैं, जिन्होंने हमारे आनुवंशिक उत्तराधिकार के सर्वोत्तम अंश को गढ़ा है।'' सबके प्रति आत्मभाव भारतीय चिंतन की विशेषता है। विश्व परिवार है। परिवार भाव ही विश्व को सुंदर तनाव रहित बना सकता है।

**(लेखक उप्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं)**

# राष्ट्रीय पाठ्यचर्या एक स्वागत योग्य पहल



केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा घोषित बुनियादी स्तर के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा भारत के शिक्षा क्षेत्र के लिए न केवल एक अभिनव पहल है, बल्कि देश की भावी पीढ़ियों को और अधिक सक्षम बनाने का मार्ग है। अभी तक सरकार की दृष्टि में स्कूली शिक्षा की शुरुआत पहली कक्षा से होती थी, किंतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत बुनियादी स्तर की शिक्षा को भी औपचारिक शिक्षा का अंग माना गया है। अभी तक सरकार की आंगनबाड़ी में तथा पब्लिक प्राइवेट स्कूलों में प्ले वे या नर्सरी केजी के नाम पर चलने वाली यह कथाएं अब औपचारिक शिक्षा का भाग मानी जाएंगी और इन बाल वाटिका के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा का निर्धारण और घोषणा एक सुविचार एवं बहुप्रतीक्षित कदम है। शैक्षिक गुणवत्ता विकास की प्राथमिकता तथा विकास लक्ष्यों की दृष्टि से इस पाठ्य चर्चा रूपरेखा में दो विशिष्ट बातों का समावेश किया गया है। पहला है शिक्षा के माध्यम से शिशु के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास अर्थात केवल किताबी पढ़ाई और परीक्षा में उच्चारण होने के बजाय उसके व्यक्तित्व के सभी अंगों का विकास हो यानी उसका शरीर सबल सुपुष्ट सुडोल निरोगी हो, उसकी प्राणशक्ति तथा ऊर्जा का स्तर प्रबल हो, उसका मन शांत और एकाग्र हो, उसकी बुद्धि विवेकपूर्ण यानी अच्छे बुरे सही गलत का निर्णय करने में सक्षम हो तथा उसकी प्रवृत्ति में नैतिकता तथा आध्यात्मिकता का समावेश हो, भारतीय ज्ञान परंपरा में इसे पंचकोश आत्मिक विकास कहा गया है। जिसके अनुसार मनुष्य को केवल देह नहीं, वरन शरीर प्राण बुद्धि आत्मा का समुच्चय माना गया है। दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष है समग्र विकास की संकल्पना उपयुक्त सर्वांगीण विकास से व्यक्ति के व्यक्तित्व का तो विकास होगा, किंतु व्यक्ति आत्म केंद्रित होकर रह गया तो उसके व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास तो नहीं कहा जा सकेगा, व्यक्ति के रूप में जन्म लेकर उसकी संवेदना एवं दायित्व बोध उसके परिवार समाज राष्ट्र मानवता तथा अंततः संपूर्ण सृष्टि के प्रति हो, यह दैवीय भाव विकसित किया जाना शिक्षा का अंतिम लक्ष्य होना चाहिए। दुनिया भर के शिक्षा शास्त्री इन विकास लक्ष्यों से सहमत हैं। धारणा छम विकास लक्ष्य सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स के रूप में यूनेस्को नेवी इन विकास लक्ष्यों की प्राप्ति का आग्रह किया है। प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा आयोग डेलर्स कमीशन 1996 ने भी प्रकार अंतर से विश्व भर के शिक्षाविदों और संस्कारों का ध्यान इन बिंदुओं की ओर आकर्षित किया था। 3 से 6 वर्ष के बच्चे इस समूह में आते हैं। उनके लिए शिक्षा की प्रचलित पद्धति पाठ्यक्रम पाठ्य पुस्तक कक्षा शिक्षण गृह कार्य परीक्षा सफल नहीं हो सकती, आयु वर्ग के शिशु अपनी मर्जी के मालिक होते हैं। विद्यालय के अनुशासन और व्यवस्थाओं को नहीं जानते समझते उनको सिखाना है तो पद्धति रोचक और आनंददायक होनी चाहिए। इस दृष्टि से तीसरी उल्लेखनीय बात जिसकी ओर इस राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा ने विशेष संकेत किया है वह है खेल-खेल में सिखाना। खिलौनों के माध्यम से गतिविधियों के माध्यम से और आनंद देने वाले कक्षा कक्ष और मैदान के कार्यक्रमों के माध्यम से सिखाना, इससे बच्चे सीखने को बोस की तरह ना समझ कर मौज मस्ती से सीखेंगे रटने की प्रवृत्ति से बचेंगे और पढ़ाई कथा स्कूल के प्रति उनके मन में बचपन से जो भय होता है, उससे वह बचे रहेंगे। वास्तव में पढ़ाई से डरने वाले यही बच्चे बाद में ड्रॉपआउटस होते हैं। स्वतंत्रता के 75 वर्ष तथा 1986 में घोषित नई शिक्षा नीति के 35 वर्ष बाद भारत की शिक्षा व्यवस्था में एक क्रांतिकारी परिवर्तन होने के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। विगत 70 वर्षों से शिक्षा क्षेत्र में निरंतर कार्यरत संगठन के रूप में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान आज घोषित बुनियादी स्तर के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2022 का स्वागत करता हैं तथा प्रधानमंत्री एवं शिक्षा मंत्री तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2022 के प्रारूप तैयार करने में जिन की महत्वपूर्ण भूमिका रही ऐसे प्रख्यात वैज्ञानिक शिक्षाविद् डॉ. के कस्तूरीरंगन तथा उनकी पूरी टीम का हार्दिक अभिनंदन करता है। साथ ही संस्थान इसके क्रियान्वयन में पूर्ण सहयोग करने की भी आश्वस्ति देता है।



डी. राम कृष्ण राव

**(लेखक विद्या भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष हैं)**

# अमर्यादित होती जा रही बोलचाल की भाषा

**बोलचाल में अमर्यादित शब्दों के चलन का सबसे बड़ा कारण हमारे देश की फिल्में और वर्तमान में वेब सीरीज़ हैं जिन्होंने न केवल हिन्दी भाषा को दूषित किया है बल्कि अपशब्दों के द्वारा सामाजिक वातावरण को भी खराब करने का काम किया है। डायलॉग राइटर जहां हर वाक्य के अंदर अभद्र शब्दों का इस्तेमाल करने से नहीं हिचकिचा रहे वहीं दर्शक भी इस भाषा को सुनकर न केवल ठहाके लगाते हैं बल्कि तालियां बजाकर अपना आनंद दर्शाते हैं।**

अभी हाल ही में 'हिन्दी दिवस' के अवसर पर देश के प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया पर,दुनिया में हिन्दी की बढ़ती लोकप्रियता की चर्चा हुई तथा आमजन को,अंग्रेजी की बजाय बोलचाल में हिंदी बोलने पर गर्व महसूस करने की सलाह दी गई।पर क्या हममें से कभी किसी ने इस बात पर गौर किया है कि साधारण बोलचाल की भाषा में हम किस तरह के शब्दों का चयन करने लगे हैं ? या कहें अक्सर बोलचाल में हम किन अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल करने लगे हैं ? कदाचित नहीं। उत्तेजना में बोले जाने वाले अमर्यादित शब्द आज हंसी मजाक व सामान्य बोलचाल में इस हद तक समाहित हो चुके हैं कि बोलने वाले को पता ही नहीं चलता कि उसने कब अमर्यादित शब्द (गाली) का इस्तेमाल किया। शिक्षित हो या अशिक्षित,पुरूष हो या महिला, युवा हो या बुजुर्ग हर कोई बिना सोचे समझे कहीं भी किसी के भी सामने कभी भी गालियों का इस्तेमाल करने में न तो हिचकिचाता है और न बोलने के बाद शर्मिंदगी महसूस करता है। गौर करने वाली बात यह है कि ज्यादातर ये सभी शब्द नारी को इंगित करते हुए होते हैं।



अनुपमा अग्रवाल

भाषा की विनम्रता मनुष्य का आभूषण है यह जानते हुए भी आज बोलचाल की भाषा का स्तर बहुत गिर चुका है जिसने छोटे बड़े के बीच मर्यादा की सीमा रेखा को लांघने के अतिरिक्त सम्मान की भावना को कम किया है। मरहम का काम करने वाली भाषा आज कहीं कहीं शूल का रूप लेती जा रही है। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण हाल ही में नोएडा में देखने को मिला जहां एक पढ़ी लिखी महिला ने चौकीदार के साथ अभद्रता कर उसके खिलाफ अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल किया। टीवी डिबेट हो या संसद की कार्यवाही सभी जगहों पर कुछ राजनीतिज्ञों को भाषा की मर्यादा लांघते हुए प्रत्यक्ष रूप से देखा जा सकता है। अपनों से बड़ों के लिए सम्माननीय शब्द तो जैसे शब्दावली से गायब ही हो गए हैं। शब्दों के माध्यम से दूसरों को नीचा दिखाना या कहें बेइज्जत करना आम बात सी हो गई है साथ ही भाषा में द्विअर्थी शब्दों के इस्तेमाल ने बोलचाल की भाषा के स्तर को बहुत गिरा दिया है, देश के विपक्षी सांसद व बंगाल सरकार के मंत्री द्वारा देश की सम्माननीय राष्ट्रपति के खिलाफ द्विअर्थी व अशालीन टिप्पणी का इस्तेमाल इसका उदाहरण हैं।

बोलचाल में अमर्यादित शब्दों के चलन का सबसे बड़ा कारण हमारे देश की फिल्में और वर्तमान में वेब सीरीज़ हैं जिन्होंने न केवल हिन्दी भाषा को दूषित किया है बल्कि अपशब्दों के द्वारा सामाजिक वातावरण को भी खराब करने का काम किया है। डायलॉग राइटर जहां हर वाक्य के अंदर अभद्र शब्दों का इस्तेमाल करने से नहीं हिचकिचा रहे वहीं दर्शक भी इस भाषा को सुनकर न केवल ठहाके लगाते हैं बल्कि तालियां बजाकर अपना आनंद दर्शाते हैं अतः कह सकते हैं कि वर्तमान में, अभद्र भाषा, हास्य का रूप लेती चली जा रही है जिससे हमारी युवा पीढ़ी बहुत अधिक प्रभावित तो है ही साथ ही अमर्यादित शब्दों का बेहिचक इस्तेमाल कर स्वयं पर गर्व भी महसूस करती देखी जा सकती है। इसके अतिरिक्त 'स्टेंड अप कॉमेडी' के नाम पर मर्यादाओं को लांघते व अपशब्दों के द्वारा दूसरे धर्म का मजाक बनाने का तो जैसे देश में चलन चल निकला है। हास्य जैसी गम्भीर और महत्वपूर्ण विधा को दागदार बनाने में काफी हद तक कुछ टीवी चैनलों व सीरियलों का भी हाथ रहा है जो पैसा और टीआरपी के लालच में दर्शकों के आगे कुछ भी परोसने के लिए तैयार हो जाते हैं।

दूसरा, हमारे देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर किसी को कहीं भी कुछ भी बोल देने की आजादी ने हिन्दी भाषा को बहुत क्षति पहुंचाई है, क्योंकि लोग इस स्वतंत्रता की आड़ में किसी भी हद तक जाकर अपनी भाषा के माध्यम से दूसरों को आहत करने का कोई मौका नहीं चूकते। बोलचाल की हिंदी भाषा जितनी सरल,कोमल और मिठास लिए हुए है आमजन के द्वारा उसे उतना ही कठोर, द्विअर्थी,अभद्र,जहरीला बना दिया गया है जिसने शूल का रूप धारण कर दूसरों को घाव देने का कार्य करने के अतिरिक्त धर्म, संस्कार, देश,सम्बन्धों आदि का मजाक बनकर रख दिया है। जिस कारण देश के सम्मान का प्रतीक हमारी भाषा को आज अपने ही देश में मुँह छिपाना पड़ रहा है।

भाषा की गरिमा, कोमलता और मिठास को बनाये रखने के लिए सर्वप्रथम आमजन को ही आगे आकर स्वयं अपनी बोलचाल में अभद्र शब्दों के स्थान पर विनम्र शब्दों का इस्तेमाल करने पर ध्यान देना होगा साथ ही दूसरों से भी ऐसा करने का विनम्र आग्रह करना होगा जरूरत पड़े तो सरकार व समाज के द्वारा अपशब्द इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ आर्थिक दंड का प्रावधान भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए क्योंकि अकसर उत्तेजना में बोले गए अपशब्द ही दंगे, हत्या,मारपीट का कारण बनकर सामने आते हैं। इसके अतिरिक्त मर्यादा में रहने व एक दूसरे के प्रति आदर,सम्मान की भावना को बनाये रखने के लिए भाषा का मर्यादित होना अत्यंत आवश्यक है। खासतौर पर सरकार को नेताओं के भाषण, न्यूज चैनलों पर संवाद व भौंडे हास्य कार्यक्रमों में इस्तेमाल होने वाले अभद्र शब्दों के खिलाफ कठोर कदम उठाने की आवश्यकता है।

**(लेखिका राष्ट्रीय चिंतक एवं विचारक हैं)**

# साप्ताहिक ज्योतिष पत्रिका

## रविवार 20 नवंबर से शनिवार 26 नवंबर 2022 तक

### ज्योतिर्विद ब्रजेन्द्र श्रीवास्तव

**व्रत उत्सव**


संवंत 2079 मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष रविवार एकादशी तिथि से मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष शनिवार तृतीया तिथि तक। रविवार 20 नवंबरः उत्पन्ना एकादशी व्रत स्मार्त निम्बाई सभी वैष्णवों का एक ही दिन है। सोमवार 21 नवंबर सोमवारी प्रदोष सूर्यास्त उपरांत 2 घटी(48 मिनिट) के प्रदोष काल में शिव पार्वती ध्यान पूजन मंत्रजाप विशेष फलदायक होता है। अगले सप्ताहः रविवार 27 नवंबर को श्री सिद्धि विनायक शुक्लपक्ष की गणेश चतुर्थी व्रत।

## आकाश दर्शन और मौसम

सूर्यास्त बाद द.पू. में दिख रहा है गुरु 24 तारीख से मार्गी गति से संचार कर रहा है। शनि ग्रह सूर्यास्त बाद द. पश्चिम में दिख रहा है। मंगल ग्रह सूर्यास्त होते ही पूरब में वृष पर दिख रहा है यह वक्र गति है। शुक्र ग्रह 25 नवंबर से सूर्यास्त के बाद पौने छह बजे तक दिख रहा है। इसकी उदय तिथि स्थान भेद से कुछ भिन्न रहेगी। मौसमः 22 तारीख से सूर्य सायन धनु पर होने से सर्दी का प्रकोप बढ़ेगा उत्तर भारत में कहीं कोहरा पाला व हिमपात भी इस सप्ताह संभव है।


## व्यापार भविष्य

मंगल सूर्य की प्रतियुति पीएसयू, मैटल, ऑटोमोबाइल्स के शेयरों में अस्थिरता व गिरावट का संकेतक है जबकि गुरु योगवश वित्त बैंकिंग, गैस, फास्ट फूड पैकेज उद्योग में तेजी संभावित है।



**मेष**

इस सप्ताह के आरंभ में निजी मतभेद अचानक उभर सकते हैं, गलतफहमी इसमें बड़ा कारण रहेगी। बचत से व्यवहार होगा, कोई रुका काम भी अचानक बन सकता है। ध्यान उपासना में गहरी अनुभूति का योग वृश्चिक राशि में सूर्य संचार के कारण संभव है यह मध्य दिसंबर तक है। रविवर सोमवार शुक्र शनिवार उत्तम लाभप्रद व सफलता दायक हैं। सप्ताहांत प्रसन्नता व सम्मान के नए प्रसंग हो सकते हैं।



**वृष**

आपका कार्य क्षेत्र में प्रभाव बढ़ेगा। नए कारोबारी समझौते भी हो सकते हैं। क्षणिक रोष क्रोध की प्रवृत्ति बढ़ेगी इस पर नियंत्रण रखें, वक्री मंगल का संचार इसका एक बड़ा कारण है। सप्ताह के शुरु में एलर्जी जन्य व्याधियों से सावधानी रखें। रविवार सोमवार गुरुवार शनिवार कार्य सिद्धि व प्रसन्नता सफलता तथा व्यापार लाभ की दृष्टि से उत्तम है।



**मिथुन**

आपकी आर्थिक चिंताएं बढ़ेगी पर इसका इसी सप्ताह समाधान भी होगा। संतान पक्ष की ओर से चिंता या अकारण किसी गलतफहमी से क्लेश सप्ताहांरभ में संभावित है। रविवार बुध गुरु शनिवार नए कार्यक्षेत्र में सफलता, कारोबारी लाभ तथा नए कार्यों में आरंभिक प्रगति के अच्छे संकेतक हैं। किसी प्रियजन की ओर से प्रसन्नता का प्रसंग भी हो सकता है।



**कर्क**

आपके विचारों और कार्यों को नया समर्थन मिलेगा। निजी जीवन में प्रसन्नता घोलने वाले प्रसंग भी होंगे। संतान पक्ष की ओर से हर्ष क्लेश के मिश्रित प्रसंग हो सकते हैं। सप्ताहारंभ में सोम मंगलवार के लगभग मन अशांत रह सकता है। पारिवारिक द्विविधाएं भी बढ़ सकती हैं। व्यापार लाभ व कार्य सिद्धि की दृष्टि से अधिकतर पूरा सप्ताह ही अनुकूल है।



**सिंह**

यदि आप सार्वजनिक जीवन से संबद्ध हैं तो आपकी लोकप्रियता बढ़ाने वाले प्रसंग होंगे। सप्ताह आरंभ में कुछ गलतफहमी होने या भ्रामक व्यक्तियों के कारण क्लेश होने का संकेत भी है। इस दृष्टि से मंगलवार को सावधानी रखें। घर परिवार में नए सुख साधनों की प्राप्ति का योग भी है। मित्रों व संबंधीजनों का आवागमन भी बढ़ सकता है। रवि सोमवार गुरु शनिवार आपके कार्यों में अधिकतर अनुकूल परिस्थिति वाले दिन रहेंगे। कारोबार में भी इन दिनों लाभार्जन बढ़ेगा।



**कन्या**

आपको अपने शौकिया कार्यों को आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में साइड बिजनैस से लाभ के नए क्षेत्र भी मिल सकत हैं इस दृष्टि से दिसंबर मध्य तक का समय अनुकूल है। रविवार गुरु शुक्रवार शनिवार व्यापार रोजगार में लाभप्रद हैं तथा निजी जीवन में भी सुखप्रद है पर सोम, मंगल को आपकी असंयत वाणी क्लेश का कारण नहीं बने इसका ध्यान रखें।



**तुला**

यह मिले जुले अनुभवों का सप्ताह रह सकता है। सप्ताह के शुरु में मन कुछ भ्रमित होने का संकेत है जो केतु चंद्र योग के कारण हो सकता है। आशा आश्वासन पूरे होंगे। घर परिवार में मित्रों संबंधीजनों का आवागमन बढ़ेगा तथा प्रभावशाली वर्ग से भेंट होने का अच्छी खबर मिलने का शौकिया कार्य में समय व्यय होने का योग है।



**वृश्चिक**

आपके व्यक्तित्व का आकर्षण बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में लाभार्जन भी अच्छा होगा। किसी वस्तु या व्यक्ति के प्रति अधिक अनुराग या अलगाव के कारण कुछ क्लेशप्रद स्थिति सप्ताह के आरंभ में बन सकती है। आकस्मिक व्यय भी सोम मंगलवार को हो सकते हैं। इन दो दिनों में दूसरों के झूठे व्यवहार के प्रति सावधानी रखें। रविवार बुध गुरु शनिवार प्रसन्नता लाभ व लोकप्रियता दायक हैं।



**धनु**

इस सप्ताह खर्च बढ़ सकता है। मौसम की नई सुविधाओं पर भी व्यय होगा। पारिवारिक क्षेत्र की व्यस्तता बढ़ेगी। स्वास्थ्य की दृष्टि से कफ व सर्दी की व्याधि शुक्र मंगल योग वश सम्भावित है सावधानी रखें। रवि, सोम, गुरु शनिवार लाभप्रद हैं तथा कामकाज में सफलतादायक भी हैं। सोमवार के लगभग नए मित्रों से सावधानी रखें।



**मकर**

आपको अपनी कारोबारी स्थिति के अनुसार इस सप्ताह अच्छा लाभ हो सकता है। इसके अलावा आपकी सलाह की तारीफ होगी तथा बुद्धि बल से कठिन काम भी हल होगा। किसी प्रिय व्यक्ति से भेंट होगी। सप्ताह के शुरु में कार्यक्रम मं कुछ रद्दो बदल हो सकते हैं। सोम मंगल अनिश्चय पूर्ण हैं। शेष सप्ताह व्यापार लाभ व निजी जीवन में प्रसन्नता दायक हैं। शनिवार को यात्रा भ्रमण संभावित हैं।



**कुम्भ**

आपके व्यापार रोजगार में अच्छी प्रगति होगी स्थायी संपत्ति से जुड़े कार्य भी होंगे। वाहन मशीनरी की खरीद। संबंधी नए विचार भी बनेंगे। कार्यक्षेत्र में सम्मान बढ़ेगा। सप्ताहांत कोई वायदा पूरा होने से हर्ष रहेगा। सप्ताहांत में ध्यान साधना में अच्छे अनुभव हो सकते हैं। रवि मंगलवार कुछ उलझन पूर्ण हैं। शेष सप्ताह अनुकूल व लाभदायक है।



**मीन**

आपके कई महत्वपूर्ण कार्य अपेक्षाकृत आसानी से बन जाने वाले हैं। भाग्य पुरुषार्थ का अच्छा तालमेल अनुभव में आएगा। स्थिति अनुसार मान सम्मान बढ़ेगा तथा कारोबारी लाभ भी उत्तम रहेगा। सोम मंगलवार कुछ कार्य बाधक या क्लेशप्रद रह सकता है। शेष सप्ताह प्रसन्नता, कार्यसिद्धि व लाभदायक है।

**सत्यवादी व्यक्ति कभी झूठे वचन नहीं देते। दिए हुए वचन का पालन करना ही उनकी महानता का चिन्ह होता है।**

# जल जीवन सर्वेक्षण में उत्तर प्रदेश का बोलबाला

## हर घर नल कनेक्शन देने में उप्र का शाहजहांपुर देश में नम्बर-वन, ग्रामीण पेयजल आपूर्ति के मामले में योगी सरकार की बड़ी छलांग

- एक महीने में 25 प्रतिशत नल कनेक्शन देने के मामले में उप्र के 4 जिले
- बुलंदशहर, बरेली, मिर्जापुर ने भी उप्र का नाम किया ऊंचा



**स्वदेश संवाद, लखनऊ।**

जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण इलाकों में हर घर नल कनेक्शन देने में उप्र के शाहजहांपुर ने इतिहास रच दिया है। एक महीने में सबसे अधिक नल कनेक्शन देने में शाहजहांपुर देश में नम्बर-वन बन गया है। जल जीवन मिशन की वेबसाइट पर दिये गये आंकड़ों के मुताबिक बुलंदशहर, बरेली, मिर्जापुर को भी इस सर्वेक्षण में स्थान मिला है। इस उपलब्धि को ग्रामीण पेयजल आपूर्ति के मामले में योगी सरकार की बड़ी छलांग माना जा रहा है। शाहजहांपुर, बुलंदशहर, बरेली, मिर्जापुर जिले ग्रामीण जनता को नल कनेक्शन प्रदान करने के साथ युवाओं को प्रदान किये जा रहे रोजगार में तो शीर्ष पर हैं ही। पानी की गुणवत्ता, महिलाओं को जल जांच का प्रशिक्षण प्रदान करने जैसी विभिन्न मापदंडों पर भी खरे उतरे हैं। इस सर्वेक्षण में योजना की प्रगति के आधार पर मिलने वाले अंकों से देश भर में जिलों का चुनाव किया जाता है। अक्टूबर माह में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले उप्र के जिलों में शाहजहांपुर, बुलंदशहर और बरेली के नाम दर्ज हुए हैं। जिलों की रैंकिंग में शाहजहांपुर 6,89,990 कुल अंक पाकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली श्रेणी में पहले स्थान पर है। बुलंदशहर 6,57,180 अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर और बरेली 6,19,114 अंक प्राप्त कर इस श्रेणी में तीसरे स्थान पर है। अक्टूबर माह में सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाले जिलों में उप्र का शाहजहांपुर पहले स्थान पर, मिर्जापुर दूसरे और बुलंदशहर तीसरे स्थान पर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना को उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार बड़ी तेजी से आगे बढ़ा रही है। दिसम्बर माह तक बुंदेलखंड में 90 प्रतिशत से अधिक नल कनेक्शन प्रदान किये जाने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। प्रदेश के अन्य जिलों में लक्ष्य पूरा करने में विभाग के अधिकारी पूरी ताकत से जुटे हैं। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर विभागीय मंत्री, प्रमुख सचिव सहित समस्त अधिकारी व कर्मचारी फील्ड पर हैं।

### पांच श्रेणियों में होता है देश भर के जिलों का चुनाव

जल जीवन सर्वेक्षण-2023 में 5 श्रेणियों में देश भर के जिलों को चुना जाता है। चार श्रेणियों में एक माह में 100 प्रतिशत नल कनेक्शन वाले जिलों को फ्रंट रनर में, 75 से 100 प्रतिशत नल कनेक्शन करने वाले जिलों को हाई अचीवर्स, अचीवर्स की श्रेणी में, 50 से 75 प्रतिशत तक नल कनेक्शन प्रदान करने वाले जिलों को परफॉर्मेंस की श्रेणी में और 0 से 25 प्रतिशत नल करने करने वाले जिलों को एस्पिरेंट श्रेणी में शामिल किया जाता है।

### एफटीके ट्रेनिंग देने की श्रेणी में भी शीर्ष पर रहे तीन जिले

शाहजहांपुर ने हर घर नल से जल प्रदान करने के एस्पिरेंट श्रेणी के मानदंडों को पूरा कर यह उपलब्धि हासिल की है जिस कारण सर्वेक्षण में उसको पूरे अंक मिले हैं। जिले में पानी की शुद्धता के लिए किये जा रहे प्रयासों में पानी जांच करने और सबसे अधिक महिलाओं को जांच करने के लिए प्रशिक्षण (एफटीके) प्रदान करने में भी शाहजहांपुर सभी जिलों से आगे रहा। शाहजहांपुर में अकेले अक्टूबर माह में 933 महिलाओं को एफटीके ट्रेनिंग के लिए प्रशिक्षित किया गया।

### 25 प्रतिशत नल कनेक्शन देने वाले जिलों में उप्र के तीन जिले

**2 श्रेणियों में पहले स्थान पर रहा शाहजहांपुर**

(कुल अंक – 6,89,990)
शाहजहांपुर ने अकेले अक्टूबर माह में 28,419 नल कनेक्शन देकर एस्पिरेंट श्रेणी में पहला स्थान बनाया। शाहजहांपुर में अक्टूबर माह में तेजी से काम करते हुए जल जीवन मिशन के तहत 7 प्रतिशत नल कनेक्शन देने का काम किया गया। 10.59 प्रतिशत टैप कनेक्शन से यह आंकड़ा 17.35 तक पहुंचा। वेबसाइट के मुताबिक एक अक्टूबर तक 44,557 परिवारों को टैप कनेक्शन दिये गये। जबकि 31 अक्टूबर तक नल कनेक्शन देने का आंकड़ा 72,976 पहुंचा है।

**सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में दूसरे और तेजी से आगे बढ़ाने वाले जिलों में तीसरे स्थान पर बुलंदशहर**

(कुल अंक – 6,57,180)
बुलंदशहर ने अक्टूबर माह में 21,260 हर घर नल कनेक्शन प्रदान किये गये। एक अक्टूबर नल कनेक्शनों की संख्या 97,129 थी जो 31 अक्टूबर तक 1,18,389 पहुंच गई। एक महीने में 6 प्रतिशत एफएचटीसी देने वाले दूसरे प्रदेश के रूप में एस्पिरेंट श्रेणी में बुलंदशहर ने जगह बनाई है। एक महीने में बुलंदशहर में 119 महिलाओं को पानी जांच का प्रशिक्षण पूरा किया गया।

**सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वाली श्रेणी में दूसरे स्थान पर बरेली**

(कुल अंक – 6,19,114)
बरेली जिले ने अक्टूबर माह में 22,222 परिवारों को नल कनेक्शन देकर एस्पिरेंट श्रेणी में तीसरा स्थान बनाया। एक अक्टूबर तक बरेली में 59,834 कनेक्शन दिये गये थे 31 अक्टूबर तक यह आंकड़ा 82,056 पहुंच गया। एक महीने में बरेली में 448 महिलाओं को पानी जांच का प्रशिक्षण पूरा किया गया।

**तेजी से आगे बढ़ाने वाली श्रेणी में दूसरे स्थान पर मिर्जापुर**

(कुल अंक – 6,00,050)
मिर्जापुर ने अक्टूबर माह में 20,655 परिवारों को नल कनेक्शन देकर तेजी से आगे बढ़ने वाले जिलों में अपना स्थान बनाया है। एक अक्टूबर तक यहां 74991 नल कनेक्शन दिये गये थे जो 31 अक्टूबर तक 95,646 तक पहुंच गए।

# अखिलेश यादव की राजनीति पर सवाल

## चचेरे भाई के लिए आजमगढ़ नहीं गए, पत्नी की खातिर संभाल लिया मोर्चा

- आजमगढ़, रामपुर लोकसभा और गोला गोकर्णनाथ विधानसभा उपचुनाव में योगी आदित्यनाथ ने थामे रखा प्रत्याशियों का हाथ, अखिलेश ने तीनों जगह जाना तक मुनासिब न समझा

**स्वदेश संवाद, लखनऊ।**

आजमगढ़, रामपुर लोकसभा और गोला गोकर्णनाथ विधानसभा उपचुनाव में सपा प्रमुख अखिलेश यादव को पार्टी प्रत्याशियों की याद नहीं आई। यहां हुए उपचुनावों में उन्होंने अपने प्रत्याशियों के लिए क्षेत्र में जाना तक मुनासिब नहीं समझा। वह भी तब, जब आजमगढ़ लोकसभा उपचुनाव में खुद उनके चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव मैदान में थे पर जब बात पिता की विरासत और पत्नी की प्रतिष्ठा पर बात बन आई तो मैनपुरी उतरकर खुद ही मोर्चा संभाल लिया। परिवार को प्रथम रखने वाले सपा प्रमुख ने अपने प्रत्याशियों से भी भेदभाव कर दिया। अपना काम आया तो सार्वजनिक मंचों पर अपमान सहने वाले चाचा ने भी भतीजे से पूरा सम्मान पाया। यही नहीं, 5 दिसंबर को होने वाले खतौली और रामपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर भी अभी तक उनकी सुगबुगाहट नहीं सुनाई दे रही है।

### करते रहे अपमान, खुद पर आई तो चाचा को दिया सम्मान





सपा प्रमुख अखिलेश यादव के चाचा शिवपाल यादव से रिश्ते जगजाहिर हैं। सार्वजनिक मंचों पर भी अखिलेश ने शिवपाल को बेइज्जत करने का कोई मौका नहीं छोड़ा। नौबत यहां तक बनी कि शिवपाल को मुलायम सिंह यादव के रहते अपनी खुद की प्रगतिशील समाजवादी पार्टी तक बनानी पड़ी। जुबान से लेकर शिवपाल की आंखों ने कई बार अपना दर्द बयां किया पर जब मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में पत्नी डिंपल यादव की दावेदारी की बात आई तो अखिलेश अपने इन्हीं शिवपाल चाचा के घर तक पहुंच गए और हमेशा अपमान करते–करते अचानक गुरुवार को सम्मान दे दिया।

### रामपुर के रण में उतरे योगी इसलिए रजा नहीं बन पाए राजा

रामपुर लोकसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी ने आसिम रजा को प्रत्याशी बनाया था। अखिलेश यादव ने यहां भी एक दिन कार्यकर्ताओं से संवाद नहीं बनाया। वहीं 25 करोड़ प्रदेशवासियों को परिवार मानने वाले योगी आदित्यनाथ ने रामपुर के रण में भी जरूरत के समय अपने प्रत्याशी को अकेले नहीं छोड़ा। उन्होंने जनसभा कर घनश्याम लोधी के पक्ष में विकास, सुशासन और कानून व्यवस्था के बलबूते वोट मांगा। लिहाजा जनता ने भी प्रदेश के मुखिया योगी का मान रखा और घनश्याम लोधी को जिताकर दिल्ली भेज दिया। योगी के विकास और अखिलेश की अनदेखी से सपा के आसिम रजा रामपुर के राजा नहीं बन पाए और उन्हें मुंह की खानी पड़ी।

### गोला गोकर्णनाथ में योगी ने अमन को पार कराई वैतरणी

गोला गोकर्णनाथ में भाजपा विधायक अरविंद गिरि के निधन के बाद विधानसभा उपचुनाव हुआ। यहां भाजपा ने नए चेहरे अमन गिरि को उतारा तो सपा ने पूर्व विधायक विनय तिवारी पर दांव खेला। यहां भी योगी आदित्यनाथ ने अपने युवा चेहरे को निराश न होने दिया। हाथ थामकर मैदान में न सिर्फ उतारा, बल्कि हर योजनाओं का खाका जनता तक पेश कर अमन को लखनऊ पहुंचाया, वहीं अखिलेश अपने पूर्व विधायक को वर्तमान बनाने के लिए भी वहां नहीं पहुंचे। योगी सरकार के प्रति जनविश्वास की जीत रही कि अमन गिरि 34 हजार से अधिक वोटों से कमल खिलाने में सफल रहे।

### अपनों के अपनत्व की राह देखते रह गए धर्मेंद्र, योगी ने थामे रखा प्रत्याशियों का हाथ

समाजवादी पार्टी के लिए परिवारवाद ही प्रथम है। आजमगढ़ में उपचुनाव घोषित हुआ तो स्थानीय प्रत्याशी ताकते रह गए और सपा परिवार के धर्मेंद्र यादव को साइकिल चुनाव चिह्न मिल गया। सपा प्रत्याशी ने वहां प्रचार शुरू किया, लेकिन पूरे चुनाव के दौरान अखिलेश एक भी दिन नहीं गए, जबकि अखिलेश व उनके पिता मुलायम सिंह यादव (अब स्मृतिशेष) खुद भी इस सीट से सांसद रह चुके हैं। अपनों के अपनत्व की राह देख रहे धर्मेंद्र यादव पर योगी आदित्यनाथ का विकास भारी पड़ा, लिहाजा यहां से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी व भोजपुरी फिल्मों के गायक–नायक दिनेश लाल यादव निरहुआ ने जीत हासिल की। यहां पहले से चल रहे योगी सरकार के विकास कार्यों को और तेज गति से संचालित किया जाने लगा।

# मुख्यमंत्री योगी पर अभद्र टिप्पणी करने वाले अनुराग भदौरिया को न्यायालय से राहत नहीं

**स्वदेश संवाद, लखनऊ।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनके गुरु पूर्व सांसद स्वर्गीय महंत अवैद्यनाथ के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाले समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता अनुराग भदौरिया की मुश्किल और बढ़ने वाली है। अभद्र टिप्पणी के मामले में लखनऊ में मामला दर्ज होने के बाद से फरार चल रहे अनुराग भदौरिया की तलाश भी तेज हो गई है, इसी बीच इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने भदौरिया की गिरफ्तारी पर रोक के साथ ही साथ मामले को रद्द करने की मांग को अस्वीकार कर दिया है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने मुख्यमंत्री योगी पर अमर्यादित टिप्पणी करने के मामले में सपा प्रवक्ता अनुराग सिंह भदौरिया को कोई भी राहत देने से इंकार कर दिया है। लखनऊ पीठ के न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति रेणु अग्रवाल की खंडपीठ ने भदौरिया की हजरतगंज कोतवाली में दर्ज प्राथमिकी को चुनौती देने तथा गिरफ्तारी पर रोक की मांग को अस्वीकार कर दिया। इसके साथ ही न्यायालय ने कहा कि याची के पास अग्रिम जमानत प्राप्त करने का रास्ता अभी भी खुला है।

गौरतलब है कि समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता अनुराग सिंह भदौरिया के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी और उनके गुरु के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के मामले में लखनऊ में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसके बाद से ही भदौरिया फरार है और पुलिस उसकी तलाश में छापे भी मार रही है। अनुराग भदौरिया ने बीते शुक्रवार को दोपहर में एक न्यूज चैनल पर डिबेट के दौरान मुख्यमंत्री योगी पर अमर्यादित टिप्पणी की थी। सोमवार को भी लखनऊ पुलिस ने आरोपित की तलाश में तीन शहरों में आठ संभावित स्थानों पर दबिश दी।

लखनऊ में डीसीपी मध्य अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि आरोपित का मोबाइल फोन बंद आ रहा है। संभावित स्थानों पर तलाश की गई है। जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। सर्विलांस के सहारे पुलिस टीम अनुराग की लोकेशन का पता लगा रही है। पुलिस ने अनुराग के कुछ करीबियों से भी पूछताछ की है। आरोपित के मुंबई के फ्लैट पर भी उसके बारे में जानकारी की गई है। अनुराग ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ही ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ के बारे में भी अभद्र बातें कही थीं। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता हीरो बाजपेई ने अनुराग भदौरिया के खिलाफ हजरतगंज कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

# राज्य स्तरीय सीनियर पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप शुरू



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावरलिफ्टिंग संघ के द्वारा सीनियर राज्यस्तरीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप का शुभारंभ शनिवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में हुआ। इसमें चंदौली, वाराणासी, मिर्जापुर, प्रयागराज, मेरठ, गाजियाबाद, संभल, सीतापुर, लखनऊ सहित अन्य जिलों से 300 से ज्यादा खिलाड़ी व 15 दिव्यांग खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहें है। चैंपियनशिप का शुभारंभ बाराबंकी के एमएलसी अंगद सिंह, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी गिरिवर शंकर तिवारी, सतीश चंद्र दीक्षित आदि लोगों ने दीप प्रज्ज्वलन करके किया। उत्तर प्रदेश पॉवरलिफ्टिंग संघ के सचिव अनुज कुमार ने बताया कि इसी में राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए प्रदेशीय टीम का चयन किया जाएगा।

### सुडोकु-1883

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | 3 | 1 | | | 8 | |
| 3 | 6 | | 2 | | 7 | | 9 | |
| | | 7 | | | 6 | | 2 | 1 |
| | 7 | | 1 | | | | | |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| | | | | | 5 | | 4 | |
| 6 | 2 | | 4 | | | 9 | | |
| | 5 | | 6 | | 9 | | 1 | 8 |
| | 1 | | | 5 | 3 | | 6 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सुडोकु-1882

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 9 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 1 | 3 | 9 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 2 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 6 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 9 | 3 | 5 | 8 | 2 | 4 |
| 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 3 |

### बुखार ने बदला स्वरूप, मरीजों की फट रही मांस-पेशियां

**कानपुर।** शहर में फैले वायरल फीवर ने अब अपना रूप बदल लिया है। इसके संक्रमण ने शरीर पर नए तरीके से हमला शुरू कर दिया है। अब तक मरीजों को तेज बुखार के साथ जोड़ों व सिर में तेज दर्द की दिक्कत आ रही थी। लेकिन पिछले कुछ दिनों से बहुत से मरीजों को मांस-पेशियों के टूटने जैसी दिक्कतें महसूस होने लगी हैं। ऐसे मरीज खड़े भी नहीं हो पा रहे हैं। उन्हें तुरंत भर्ती करने की जरूरत पड़ रही है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज से संबंधित हैलट अस्पताल की मेडिसिन ओपीडी में रोजाना 15 से 20 मरीज इसी तरह के लक्षण लेकर आ रहे हैं। इनमें बच्चे, युवा और बुजुर्ग शामिल हैं। कई महिलाएं भी चपेट में आ चुकी हैं। मेडिसिन विभाग के प्रो. जेएस कुशवाहा ने बताया कि पिछली दो ओपीडी में वायरल मायोसाइटिस के मरीज आ रहे हैं। उनकी मांस-पेशियों में तेज दर्द, सूजन की समस्या मिल रही है। ऐसे मरीजों की क्रेटिनिन फॉसफोकाइनेस की जांच कराई जाती है। इनमें खून का नमूना लिया जाता है। अधिक मात्रा पाए जाने पर संक्रमण की पुष्टि होती है।

### शब्द पहेली - 1883

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गं | रा | जें | द्र | कु | मा | मो. | वा | ज | के. | यी |
| द | कि | ल | प्रे | व | जी | र | द | ह | ए | रा |
| वि | स | शो | म | त | ह | फी | म | ल | ल. | म |
| मि | स | स | र | दि | ल | ज | ध | क | स | दु |
| म | आ | चि | ग | कु | ज | त | तू | प | ह | प |
| हें | ल | न | र | दि | मा | उ | म | व | ग | मु |
| द्र | व | दे | फ्यू | जी | प | र | ज | ह | ल | के |
| क | एं | व | ई | द | ब | ई | डू | ए | मू | श |
| पू | ड | ब | फू | आ | शा | भो | स | ले | शी | द |
| र | गॉ | र्म | प | ल | ता | मं | गे | श | क | र |
| वि | ज | न | म | न्ना | डे | डि | त | ब | प | म |

*शब्दजाल में दस गायक एवं गायिकाओं के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे व तिरछे हैं.*

मो.रफी, किशोर कुमार, मुकेश, महेंद्र कपूर, मन्ना डे, तलत महमूद, सचिनदेव बर्मन, लता मंगेशकर, आशा भोसले, के.एल.सहगल

### शब्द पहेली - 1882



Jagrutidaur.com, Bangalore

# अब टिकटों के माध्यम से दी जाएगी स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी

## प्रचार- प्रचार के आधुनिक साधनों से योजनाओं को मिलेगी रफ्तारः पाठक

**स्वदेश संवाद, लखनऊ।**

यदि चिड़ियाघर, रेलवे बस के टिकट पर स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी दर्ज मिले तो हैरान मत होना। क्योंकि नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) ने स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार की रणनीति में तब्दीली की गई। इस पर अमल अगले माह से शुरू किया जायेगा। लोगों को बेहतर स्वास्थ्य मुहैया कराने के लिए केंद्र व राज्य सरकार तमाम तरह की योजनाओं का संचालन कर रहा है। कई बार लाभकारी योजना की जानकारी रोगी को नहीं हो पाती है। नेशनल हेल्थ मिशन ने योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए नए सुझाव दिये हैं। सरकारी अस्पतालों में रोगियों को निशुल्क इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। जांच से लेकर दवाएं तक मुफ्त हैं। परिवार नियोजन के साधन भी मुफ्त मुहैया कराये जा रहे हैं। मोतियाबिंद के ऑपरेशन निशुल्क हो रहे हैं। टीकाकरण भी फ्री हो रहा है।

**दो लाख रुपए प्रत्येक मंडल को जारीः** चिड़िया घर, बस, ट्रेन, ऐतिहासिक स्थान, तीर्थ क्षेत्र के टिकट पर स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी दी जायेगी। टिकट्स पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यक्रमों के विज्ञापन प्रकाशन के लिए दो लाख प्रति मंडलीय मुख्यालय आगरा, अलीगढ़, आजमगढ़, बांदा, बरेली, बस्ती, अयोध्या, गोंडा, गोरखपुर, झांसी, कानपुर नगर, लखनऊ, मेरठ मिर्जापुर, मुरादाबाद, प्रयागराज, सहारनपुर व वाराणसी को जारी किया गया है।

**100 लाख रुपए का बजट आवंटितः** वेब, डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रसार-प्रचार के लिए 100 लाख रुपये का बजट आवंटित किया गया है। जनपदों में वेब, डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से विज्ञापन के प्रकाशन के लिए प्रत्येक मंडलीय मुख्यालय आगरा, अलीगढ़, आजमगढ़, बांदा, बरेली, बस्ती, अयोध्या, देवीपाटन, गोरखपुर, झांसी, कानपुर नगर, लखनऊ, मेरठ, मिर्जापुर, मुरादाबाद, प्रयागराज, सहारनपुर व वाराणसी को बजट आवंटित किया गया है।

**इनका कहना है**

स्वास्थ्य सेवाओं को सफल बनाने में प्रचार–प्रसार की भूमिका अहम है। स्वास्थ्य मेले, रेलवे प्लेटफार्म, पर्यटन स्थल सहित दूसरे स्थानों पर प्रचार प्रसार की व्यवस्था की जाये। टिकट पर भी योजनाओं की जानकारी दी जाये। इससे लोग जागरूक होंगे। लाभ के लिए सरकारी अस्पतालों की तरफ रुख करेंगे।

– ब्रजेश पाठक, उप मुख्यमंत्री

# कवि कुंवर चन्द्रप्रकाश सिंह की काव्य साधना के दो ग्रन्थों का लोकार्पण

**स्वदेश संवाद, लखनऊ।**

महाकवि कुंवर चन्द्रप्रकाश सिंह आधुनिक हिन्दी कविता के एक बड़े कवि हैं,उनका सारा सम्पूर्ण काव्य हिन्दी वागत के सामने हैं। उनके इस काव्य को देखकर कोई भी यह कह सकता है कि उनसे बड़ा कोई दूसरा कवि आधुनिक युग नहीं पैदा हुआ है। उनकी कविता प्रेम और सौन्दर्य से लेकर देश-प्रेम तथा मानव-प्रेम तक फैली हुई है। मानव-प्रेम पर लिखी गईं उनकी कविताएं उन्हें मानवतावाद का शिखर कवि बनाने में सफल हुई हैं। उक्त उदगार न्यायमूर्ति देवेन्द्र कुमार उपाध्याय ने कुंवर चन्द्रप्रकाश सिंह की काव्य-साधना के दो ग्रन्थों के लोकार्पण समारोह के अवसर पर व्यक्त किये। इस अवसर पर कुंवर चन्द्रप्रकाश सिंह की ग्रन्थावली के प्रधान सम्पादक पूर्व कुलपति प्रो. शिव मोहन सिंह ने कहा कि कुंवर साहब छायावाद के अन्यतम उन्नायक कवि हैं। उन्होंने अपनी दीर्घकालीन काव्य-साधना से छायावाद को शताब्दीव्यापी व्यक्तित्व प्रदान किया है वे अनुभूति और अभिव्यक्ति के अन्यतम कवि हैं काव्य-भाषा पर उनका असाधारण अधिकार है। समारोह के अध्यक्ष डॉ. कन्हैया सिंह ने कहा कि कुंवर जी मूलतः छायावाद की स्वाधीन चेतना के कवि थे। लखनऊ विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के पूर्व आचार्य एवं अध्यक्ष डॉ. योगेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि कुंवर जी महाकवि निराला की परम्परा के महान शिल्पी कवि हैं। दयानन्द सरस्वती नेशनल महाविद्यालय बछरावां के पूर्व प्राचार्य डॉ. रामनरेश यादव ने कहा कि वे बीसवीं शताब्दी के सर्वश्रेष्ठ भाषाशिल्पी कवि हैं। उनकी कविता की अनुभूति तथा उनकी काव्य भाषा अतुलनीय है। लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ के हिन्दी विभाग की आचार्य डॉ. अलका पाण्डेय ने सरस्वती वन्दना की और कुंवर साहब के ज्येष्ठ पुत्र डॉ. रविप्रकाश सिंह ने अतिथियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। समारोह का संचालन डॉ. विनम्र सेन ने किया। इस अवसर पर एडवोकेट उच्च न्यायालय उमेश प्रताप सिंह, अजय सिंह, विनय सिंह, पूर्णेन्दु सिंह सहित तमाम गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष

### सामूहिक ईसाई कनवर्जन के मामले में आतंकी वित्तपोषण की आशंका

इसलिए, उप्र एटीएस के निशाने पर सीपीएस स्कूल भी है। इस स्कूल के संचालक व अन्य स्टाफ से भी एटीएस पूछताछ कर सकती है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि इस मामले में उत्तर प्रदेश की आतंकवाद निरोधी शाखा उप्र पुलिस के एक अधिकारी की संदिग्ध भूमिका की भी जाँच कर रही है। एटीएस की पूछताछ के बाद कहा जा रहा है कि ईसाई मिशनरी के एक रसूखदार व्यक्ति के संपर्क में आने के बाद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई में शिथिलता बरती गई थी। रिपोर्ट के अनुसार, सामूहिक कनवर्जन और उसके लिए जुटाए गए धन से जुड़े मामले में एटीएस कई अन्य संदिग्धों से भी पूछताछ कर रही है। वहीं, सदर कोतवाल और हरीगंज चौकी इंचार्ज से भी पूछताछ कर कनवर्जन के केंद्र रहे 'चर्च ऑफ इंडिया' के पादरी विजय मसीह के बारे में जानकारी एकत्र की जा रही है।

### काशी और तमिलनाडु दोनों शिवमय और शक्तिमय...

काशी की गलियों में मिलेंगे तमिल संस्कृति के मंदिर : प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि काशी और तमिलनाडु का प्राचीन काल से संबंध हैं। इसका प्रमाण काशी की गलियों में मिलेगा। यहां आपको तमिल संस्कृति के मंदिर मिलेंगे। हरिश्चंद्र घाट और केदार घाट पर 200 से ज्यादा वर्ष पुराना मंदिर है।

**पीएम मोदी ने जोड़ा काशी और तमिलनाडु का नाता :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि काशी और तमिलनाडु दोनों ही संस्कृति और सभ्यता के कालातीत केंद्र हैं। दोनों क्षेत्र संस्कृत और तमिल जैसी विश्व की सबसे प्राचीन भाषाओं के केंद्र हैं।

**काशी और तमिलनाडु ऊर्जा–ज्ञान के केंद्रः** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि काशी और तमिलनाडु दोनों संगीत, साहित्य और कला के स्त्रोत हैं। काशी में बनारसी साड़ी मिलेगी तो कांचीपुरम का सिल्क पूरे विश्व में मशहूर है। तमिलनाडु संत तिरुवल्लुवर की पुण्य धरती है। दोनों ही जगह ऊर्जा और ज्ञान के केंद्र हैं। आज भी तमिल विवाह परंपरा में काशी यात्रा का जिक्र होता है। यह तमिलनाडु के दिलों में अविनाशी काशी के प्रति प्रेम है। यही एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना है जो प्राचीन काल से अब तक अनवरत बरकरार है।

**काशी तमिल संगमम में स्वरांजलिः** तमिल के प्रसिद्ध संगीतकार व राज्यसभा सांसद इळैयराजा और उनके शिष्यों ने साज-सज्जा के साथ ऊँ, गणेश, शिव, शक्ति, समेत अन्य देवगणों का मंत्र स्तुति के साथ आह्वान किया। इस स्वरांजलि की प्रस्तुति ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी सहित तमाम मौजूद लोग ताली बजाते रहे।

**काशी तमिल संगमम में विशेष राग का वादन :** काशी तमिल संगमम में प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन से पहले मंच पर विशेष राग में शहनाई वादन हुआ। शहनाई वादक कासिम और बाबू संग तमिल के कलाकारों ने संगत की।

**राज्यपाल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की आगवानीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के काशी आगमन पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीएचयू हेलीपैड पर उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री की आगवानी करने के लिए मुख्यमंत्री योगी डेढ़ घंटे पहले ही बीएचयू पहुंच गये और सारी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### तहसील दिवस में आई 65 शिकायतों में से सात का हुआ निस्तारण

**टूंडला।** शनिवार को तहसील टूंडला में उप जिलाधिकारी सत्येंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ, जिसमें कुल 65 शिकायतें आई। इनमें से तत्काल सात शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। सर्वाधिक शिकायतें विद्युत विभाग, आपूर्ति विभाग से संबंधित रही।इसके अतिरिक्त कुछ समस्याएं राजस्व विभाग, पुलिस विभाग नगर पालिका, विकास विभाग, सिंचाई विभाग आदि से जुड़ी हुई रही। संपूर्ण समाधान दिवस में तहसीलदार टूंडला डॉ. संतराज सिंह, खंड विकास अधिकारी टूंडला, खंड शिक्षा अधिकारी टूंडला व खंड शिक्षा अधिकारी नारखी के साथ समस्त सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। उप जिलाधिकारी टूंडला ने प्रार्थना पत्रों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समय से करने के निर्देश दिए।

### बिहार के बबलू सिंह की थी पांच दिन पूर्व सड़क किनारे बोरे में मिली लाश



**शिकोहाबाद।** पांच दिन पूर्व दिखतौली गांव के समीप प्रतापपुर रोड पर बोरे में मिली लाश की शिनाख्त मृतक के परिजनों ने सोशल मीडिया पर भेजे गये फोटो और थाना पहुंच कर उसके कपड़ों से की। मृतक बिभाड़ी में मकान निर्माण कार्य का ठेकेदार है। उसकी हत्या कहां की गई और यहां कैसे उसका शव फेंका गया। पुलिस शिनाख्त के बाद हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने में जुट गई है।

एसपी ग्रामीण कुंवर रणविजय सिंह ने बताया कि पांच दिन पूर्व मिली लाश की शिनाख्त सोशल मीडिया के जरिये परिजनों ने की है। शनिवार को मृतक के परिजन उनसे मिले और शव की शिनाख्त की। उन्होंने बताया कि मृतक बबलू सिंह (30) पुत्र उमेश सिंह निवासी गांव मढैया थाना लौहारिया जिला चंपारन बिहार के रूप में शिनाख्त हुई है। युवक बिभाड़ी राजस्थान में मकान निर्माण कार्य का ठेकेदार था। विगत आठ दिन से गायब था। उसकी शिनाख्त करने उसके परिजन राजू के साथ थाना पहुंचे और शिनाख्त की। एसपी ग्रामीण ने बताया कि मृतक की शिनाख्त होने से हत्याकाडं के खुलासे में उन्हें काफी मदद मिलेगी। इस संबंध में मृतक के परिजनों, विभाड़ी में किसके साथ काम करता था, उन सभी लोगों से जानकारी की जा रही है। पुलिस अब युवक की हत्या कहां हुई, कैसे हुई और यहां लाकर कैसे फेंका गया, इसकी जानकारी में जुट गई है। एसपी ग्रामीण ने बताया कि शीघ्र ही हत्याकांड का खुलासा कर दिया जायेगा।

# कार्यकर्ताओं की मेहनत के बल पर मैनपुरी का चुनाव जीतेगी भाजपा-मंत्री जयवीर सिंह

## नगर और घिरोर में भाजपा प्रत्याशी रघुराज शाक्य के कार्यालय का उद्घाटन



घिरोर में भाजपा कार्यालय का उद्घाटन करते केबिनेट मंत्री जयवीर सिंह।

स्वदेश संवाददाता ■ मैनपुरी

लोकसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रघुराज सिंह शाक्य के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन शनिवार को केबिनेट मंत्री जयवीर सिंह ने किया। नगर के स्टेशन रोड़ और घिरोर के जैन धर्मशाला में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन हुआ है।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहाकि कार्यकर्ताओं की मेहनत व जनता से मिल रहे अपार समर्थन से भाजपा चुनाव जीतेंगी। जनता परिवारवाद व वंशवाद से परेशान हो चुकी है।

केबिनेट मंत्री ने कहाकि इटावा, फिरोजाबाद, एटा, कन्नौज आदि में जनता सपा का सफाया पहले ही कर चुकी है। आजमगढ़ व रामपुर के चुनाव में सपा को हराकर जनता संदेश दे चुकी है कि अब परिवारवाद व वंशवाद की राजनीति को खत्म करेगी।

उन्होंने कहाकि मैनपुरी पर पूरे देश की निगाहें लगी हुई है। मैनपुरी का उपचुनाव सपा के ताबूत में आखिरी कील साबित होगा। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अपने चाचा को कही भी जाने को कहते थे, आज जब हार सामने दिखाई दे है तो चाचा की शरण मे पहुंच गये।

**महिलाओं को मिल रहा सम्मान और न्याय**

मंत्री जयवीर सिंह कहाकि केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ जनता को सीधा मिल रहा है। महिलाओं को सम्मान और न्याय मिल रहा है। आम जनता अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रही है। प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा है। गुंडे या तो प्रदेश छोड़कर भाग गए है या सुधर गए है। चुनाव में गुंडागर्दी नही चलेगी, बाबा का बुलडोजर तैयार खड़ा है।

**ये रहे मौजूद**

विधानसभा प्रभारी राहुल चतुर्वेदी, विधानसभा संयोजक अरुण प्रताप सिंह चौहान, ब्लॉक प्रमुख सत्यपाल सिंह यादव, भुवनेंद्र जैन, उर्मिला चौहान, मंडल अध्यक्ष दीपक जैन, संजीव मिश्रा, अनुजेश प्रताप उर्फ बबलू यादव, चेयरमैन प्रतिनिधि दिनेश जाटव, प्रदीप चौहान, राजनेश बघेल आदि मौजूद रहे।




पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप तिवारी एवं अन्य

# कांग्रेसियों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की जयंती

स्वदेश संवाददाता ■ फिरोजाबाद

जिला कांग्रेस कमेटी के बाईपास रोड स्थित कार्यालय पर देश की पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी व क्रांतिकारी रानी लक्ष्मीबाई की जयंती मनाई गई। इस अवसर कांग्रेसियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

शनिवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप तिवारी के नेतृत्व में देश की पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर याद किया।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि देश को शक्तिशाली बनाने में इंदिरा गांधी ने परमाणु परीक्षण कर दुनिया को बता दिया था कि भारत शांति और शक्ति दोनों का प्रतीक है। जब पाकिस्तान ने भारत को आंखे दिखाने की कोशिश की। तो उनके नेतृत्व में भारत की सेना ने लाहौर में घुसकर पाकिस्तान को सबक सिखाया। इसी वजह से लोग उन्हें दुर्गा कहते थे। वहीं क्रांतिकारी रानी लक्ष्मीबाई की जयंती भी मनाई गई। इस दौरान मनोज भटेले, रामशंकर पचौरी, श्रीकृष्ण शर्मा, रामकुमार रावत, विपिन चौहान, सलमान, अखिलेश शर्मा, रोहित यादव, अंशुल, आकाश, मनीष आदि मौजूद रहे।

# युवती को बहला-फुसलाकर ले गया विशेष समुदाय का युवक

स्वदेश संवाददाता ■ टूंडला

शनिवार को पूर्वान्ह एक विशेष समुदाय का युवक युवती को बहला फुसलाकर भगा ले गया। सुबह उठकर घर वालों ने देखा तो घर पर लड़की नही मिली। इधर उधर ढूंढा, लेकिन लड़की की कोई खबर नहीं मिली। खबर गांव में फैली तो पता चला कि लड़के अबरार और अजरे आलम भी गायब थे। कुछ देर बाद एक लड़का वापस आया तो लड़की के घरवालों को कुछ शक हुआ। उन्होंने अजरे आलम को पकड़ लिया और मामले की जानकारी थाना पुलिस को दी। जैसे ही पुलिस के संज्ञान में मामला आया तुरंत ही पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अजरे आलम से पूछताछ शुरू कर दी। अभी दिल्ली में श्रद्धा की हत्या भी इसी वजह से हुई थी। यह मामला फिरोजाबाद जिले में आग की तरह फैल चुका है। बछगाँव में जो मामला सामने आया है उस पर संगठन काफी गुस्से में है। पुलिस प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ मामले की जांच में जुट गया है। थानाध्यक्ष का कहना है कि इसके लिए टीम बनाकर लड़की की खोज बीन शुरू कर दी है। बहुत जल्द लड़की को सकुशल बरामद करेंगे।

# नेहरू युवा केंद्र ने निकाली स्वच्छता जागरूकता रैली

स्वदेश संवाददाता ■ मक्खनपुर

जिला प्रशासन एवं नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को ष्विश्व टॉयलेट डेष् एवं कौमी एकता दिवस के अवसर पर स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें जिले के वरिष्ठ प्रशानिक अधिकारी और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

स्वच्छता जागरूकता रैली को ग्राम पंचायत मोड़ा के पंचायत भवन से हरी झंडी दिखाकर ब्लॉक प्रमुख डा.लक्ष्मीनारायण यादव ने रवाना किया। रैली में सम्मिलित स्वयंसेवक ग्राम पंचायत मोड़ा से विकास भवन दबरई तक स्वच्छता संबंधी नारे लिखी तख्ती,बैनर आदि को साथ लेकर 3 किलोमीटर तक विकास भवन पहुंचे। रैली के समापन के उपरांत स्वच्छता जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख लक्ष्मी नारायण यादव रहे। जिला पंचायत राज अधिकारी नीरज कुमार सिन्हा द्वारा सभी को स्वच्छता संबंधी एवं प्लास्टिक मुक्त अभियान के बारे में बताया गया। जिला युवा अधिकारी मनीष चंद्र द्वारा कौमी एकता पर विचार रखे गए उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलजुल कर रहना चाहिए। किसी के साथ धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करना चाहिए। साथ ही उन्होंने स्वच्छता से भारत के विकास में युवाओं की भूमिका पर भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत मोड़ा के प्रधान प्रतिनिधि रामनिवास यादव, नेहरू युवा मंडल अध्यक्ष बिल्टीगढ़ सुहेल कांत शर्मा, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक अजय कांत शर्मा, प्रियंक जैन, देवेश कुमार, कृष्ण कुमार मोहम्मद जुबैर, अयान अली, युवा मंडल बिल्टीगढ़ के सदस्य गौरव बघेल, वीरू चौहान, सूरज चौहान, पंकज राजपूत, दिलीप राजपूत, आदि उपस्थित रहे।



स्वच्छता जागरूकता रैली निकलते नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक।

# गेल इंडिया ने कराई आगरा-फिरोजाबाद गैस पाइप लाइन की मरम्मत व सफाई

स्वदेश संवाददाता ■ फिरोजाबाद

**■ गैस सप्लाई को लेकर सशंकित रहे कांच उद्यमी, दो घंटे टिकी रही गैस सप्लाई मीटरों पर नजरें**

कुछ दिन पहले अचानक ट्रिप हुई गैस आपूर्ति के बाद हरकत में आये गेल प्रशासन ने शनिवार को आगरा-फिरोजाबाद गैस पाइप की सफाई एवं मरम्मत कराई। इससे पूर्व गेल की ओर से फिरोजाबाद की कांच इंडस्ट्रीज को ई-मेल जारी कर इस आशय की जानकारी दी गई। हालांकि ऐन मौके (शनिवार) को ही पर जारी किये संदेश को लेकर कांच इकाईयों के संचालक दिन भर संशकित रहे।

पिछले दिनों फिरोजाबाद की कांच इकाईयों में ईधन के रूप में फुंकने वाली नेचुरल गैस की आपूर्ति दो बार बाधित हुई थी। गैस आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में अधिकांश कांच बोतल और माउथ ब्लोइंग इंडस्ट्रीज मे उत्पादन प्रक्रिया पर ब्रेक लग गये थे। एक पखवाड़ा में दो बार गैस आपूर्ति बाधित होने के बाद हरकत में आये गेल इंडिया प्रशासन ने शनिवार को दोपहर चार बजे से शाम छह बजे तक फिरोजाबाद के बीच गैस पाइप लाइन की मरम्मत व सफाई कराई। इस आशय के ई-मेल फिरोजाबाद के कांच उद्यमियों और कारखानेदारों को भी भेजे गये। वहीं गेल द्वारा दिन में करीब 11:30 पर भेजे गये संदेश मिलते ही फिरोजाबाद के कांच कारखानेदार गैस आपूर्ति सुचारू रहने को लेकर संशकित रहे। अधिकांश कांच कारखानेदारों व कारखानों में कार्यरत तकनीकी स्टॉफकी नजर गेल के गैस सप्लाई मीटरों पर ही टिकीं रहीं।

**गेल अधिकारी का कहना-**

**गैस पाइप लाइन की सफाई व मरम्मत कराई गई थी। इसकी सूचना ससमय कांच इंडस्ट्रीज को भी दे दी गई। पाइप लाइन की मरम्मत व सफाई कार्य के दौरान गैस आपूर्ति पूरी तरह से सुचारू रही।**

**आशीष केशरवानी डीजीएम**

# ग्राम पंचायत सचिवालय मोढ़ा पर लोगों को दिलाई स्वच्छता की शपथ




ग्रामवासियों को स्वच्छता की शपथ दिलाते ब्लाक प्रमुख लक्ष्मी नरायण यादव

**फिरोजाबाद।** ग्राम पंचायत सचिवालय मोढ़ा में विश्व शौचालय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख डा. लक्ष्मी नारायण यादव ने सभी से स्वच्छता अपनाने का आव्हान किया। साथ ही लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम सीडीओ दीक्षां जैन, प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव, डीपीआरओ नीरज सिन्हा, डीपीआरओ धनराज सिंह, एडीओ पंचायत रक्षपाल बघेल, प्रधान संगठन ब्लाक अध्यक्ष होशियार सिंह आदि ने लोगों को स्वच्छता संबंधी जानकारी दी। इसके बाद रन फॉर यूनिटी स्वच्छता दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें सभी लोगों ने मुख्यालय तक दौड़ लगाई। कार्यक्रम में डा. सर्वेश कुमार, पूरन सिंह फौजी, धर्मेंद्र कुशवाह, नरोत्तम सिंह, कामरान सिद्दीकी, शैलेद्र शुक्ला, दिनेश उपाध्याय, दाताराम यादव, संदीप कुमार, राजीव कुमार, नेम सिंह, गबन यादव, ब्रजेश कुमार सचिव, रूपल शर्मा पंचायत सहायक, आशा, आगनबाड़ी कार्यकत्री सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

### एसडीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बताया विज्ञान का महत्व

**टूंडला।** शनिवार को एसडीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मॉडल के जरिए छात्र-छात्राओं ने विज्ञान का महत्व बताया। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए मुख्य अतिथि बैंक अधिकारी मेघा शर्मा ने कहा कि विज्ञान जीवन प्रदाता है।वह हमें बहुत कुछ सिखाता है और जीवन में होने वाले बदलावों में विज्ञान का महत्वपूर्ण योगदान होता है। प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल की सराहना करते हुए उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य विजय कुमार शर्मा ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी हमें तकनीकि के बारे में जानकारी देती है।बच्चों द्वारा बनाए गए सोलर सिस्टम के माध्यम से बिजली की बचत और वाटर जनित उपकरण बनाकर बच्चों ने पानी बचाने के लिए प्रेरित किया है।मॉडल के जरिए बच्चों ने अपने अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने का काम किया है।

सोनी उपाध्याय ने कहा कि प्रकृति में जो नित बदलाव आ रहे हैं वह विज्ञान की देन है।प्रदर्शनी में बच्चों ने ज्वालामुखी, स्वच्छ भारत मिशन के अलावा प्रकृति को साफसुथरा रखने संबंधी मॉडल प्रदर्शित किए।

# नेताजी को मैनपुरी ने बनाया नेताजी- अखिलेश

## बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में बोले सपा सुप्रीमो अखिलेश



सपा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में मौजूद सपा मुखिया अखिलेश यादव व सपा प्रत्याशी डिंपल यादव।

स्वदेश संवाददाता मैनपुरी।

समाजवादी पार्टी के लिए लोकसभा उपचुनाव प्रतिष्ठा का सवाल बन गया है। यहीं वजह है कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जनपद में घूम-घूमकर अपनी पत्नी एवं सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के लिए चुनाव प्रचार कर रहे है।

शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री ने जनपद के किशनी और सदर विधानसभा क्षेत्रों में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। अखिलेश ने कहाकि यह ऐसा पहला चुनाव है, जिसमें हम नेताजी को नही देख पा रहे है। कोई भी चुनाव रहा हो नेताजी वोट मांगने जरुर आये। मैनपुरी से नेताजी को बेहद लगाव था, नेताजी को नेताजी बनाने का काम मैनपुरी ने किया। उन्होंने कहाकि मैनपुरी के जनपद के हर कोने में नेताजी ने विकास कराया, जिले में सबसे अधिक शिलान्यास और लोकार्पाण की पटिया नेताजी के नाम पर होंगी। उन्होंने कहाकि भाजपा उलझाने का काम कर रही है, कार्यकर्ता और जनता को इसमें उलझना नही है। लोस उपचुनाव पर पूरे देश की निगाहे है, इसलिए सपा प्रत्याशी को ऐतिहासिक जीत दिलाये।

सपा प्रत्याशी एवं पूर्व सांसद डिंपल यादव ने कहाकि ये मेरा चुनाव नही है, ये सपा, नेताजी और प्रत्येक कार्यकर्ता का चुनाव है। डिंपल ने दावा किया कि सपा ऐसी जीत हासिल करेगी, जिसका डंका पूरे देश में बजेगा।

**फूट-फूटकर रोये पूर्व सांसद धर्मेन्द्र**

नगर के आवास विकास कॉलोनी स्थित पार्क में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे पूर्व सांसद धर्मेन्द्र यादव मंच से मुलायम सिंह यादव को याद करते हुये फूट-फूटकर रोने लगे। प्रो0 रामगोपाल ने उन्हें ढांढस बंधाया।

**ये रहे मौजूद**

सम्मेलन को सपा के राष्ट्रीय महासचिव प्रो0 रामगोपाल यादव, प्रदेशाध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, पूर्व सांसद धर्मेन्द्र यादव, विधायक पूजा सरोज, पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद व रामआसरे विश्वकर्मा, राजपाल कश्यप, मान सिंह, पूर्व विधायक राजू यादव, मनीष यादव, प्रेमसागर यादव, आकाश वेदी, अक्षय यादव आदि प्रमुख रुप से मौजूद रहे।

# रॉयल क्रिकेट क्लब ने जीता उद्घाटन मुकाबला

स्वदेश संवाददाता ■ मैनपुरी



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते प्रबंधक सतीश गुप्ता, साथ में एमसीए अध्यक्ष महेश मिश्रा व सचिव बी0डी0 शुक्ला।

मैनपुरी क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में नगर के एसबीआरएल एजूकेशनल एकेडमी के खेल मैदान पर स्व0 टीकाराम चतुर्वेदी स्मृति अण्डर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता का शनिवार को उद्घाटन हुआ। उद्घाटन मैच में रॉयल क्रिकेट क्लब ने अमन इण्टरनेशनल एकेडमी को 132 रन से हराया।

टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि, एसबीआरएल एजूकेशनल एकेडमी के प्रबंधक सतीश चन्द्र गुप्ता ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं गेंद खेलकर किया। श्री गुप्ता ने स्व0 स्व0 टीकाराम चतुर्वेदी के चित्र पर माल्यार्पण किया। एमसीए अध्यक्ष महेश मिश्रा, सचिव बी0डी0 शुक्ला एवं प्रतियोगिता सचिव देवेश चतुर्वेदी ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

उद्घाटन मैच में अमन इण्टरनेशनल स्कूल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुये रॉयल क्रिकेट क्लब ने निर्धारित 25 ओवर में 5 विकेट खोकर 241 रन का विशाल स्कोर बनाया। रॉयल के बल्लेबाज रिषभ ने शानदार 94, चिराग ने 80 एवं मोहित ने नाबाद 20 रन बनाये। अमन स्कूल की ओर से नितिन ने 2 विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी अमन इण्टरनेशनल स्कूल की पूरी टीम 16.5 ओवर में 109 रन पर सिमट गई। बल्लेबाज बादल ने सर्वाधिक 35 व अरमान ने 21 रन बनाये। रॉयल क्लब की ओर से चिराग और अभिषेक ने 3-3 तथा यश शर्मा ने 2 विकेट लिऐ। मैच में अम्पायरिंग सुनील शुक्ला व प्रमोद कुमार ने, स्कोरिंग विक्की शुक्ला ने की। इस दौरान कोषाध्यक्ष प्रवीन भंसाली, प्रबल प्रताप सिंह, मोहित प्रकाश सक्सेना आदि प्रमुख रुप से मौजूद रहे।

**आज का मैच**

स्व0 टीकाराम चतुर्वेदी स्मृति अण्डर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में आज रविवार को अमन इण्टरनेशनल स्कूल का मुकाबला बिग बिटर्स क्रिकेट क्लब ने सुबह 9.30 बजे से होगा।

# गांधी पार्क चौराहे पर प्राथमिक चिकित्सा किट की स्थापना

स्वदेश संवाददाता ■ फिरोजाबाद



प्राथमिक चिकित्सा किट की गांधी पार्क चौराहे पर स्थापना करते नगर निगम के स्वच्छता मिशन प्रभारी अरविन्द भारती साथ जनकल्याणम् मेडीकल पाइंट के पदाधिकारी

नगर निगम फिरोजाबाद एवं जनकल्याणम् मेडिकल प्वाइंट के संयुक्त तत्वाधान में शहर के गांधी पार्क चौराहे स्थित जनकल्याणम् मेडीकल प्वाइंट पर प्राथमिक चिकित्सा किट की स्थापना की गई। प्राथमिक चिकित्सा किट की सहायता से किसी भी नागरिक को प्राथमिक उपचार प्राप्त होगा। उपरोक्त कार्य में जनकल्याणम् मेडीकल पूर्ण सहयोग करेगी। इस दौरान प्रभारी स्वच्छ भारत मिशन अरविन्द भारती, स्वच्छ भारत मिशन ब्राण्ड एंबेसडर नितेश अग्रवाल जैन, चरणजीत सिंह बग्गा, राहुल जैन, एमआर जाकिर हुसैन, राजीव बंसल, रोहित आदि उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### सामान लेने आए युवक की बाइक चोरी

**कोसीकलां।** थाना क्षेत्र के गांव फालैन निवासी अनिल पुत्र गिर्राज शुक्रवार को अपनी बाइक से कोसीकलां बाजार सामान लेने के लिए आया। गांधी पार्क स्थित वशिष्ठ बिजली वालों की दुकान के समीप उसने अपनी बाइक को खडा कर दिया और पास में एक दुकान से सामान लेने के लिए चला गया। सामान लेकर वापस लौटने पर बाइक गायब थी। जिसका कोई पता नहीं चल सका। पीडित ने अज्ञात चोरो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

### टंकी में गिरने से बच्चे की मौत, भट्टा संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कोसीकलां।** थाना क्षेत्र के गांव शेरनगर स्थित बाबा ईट भट्टा की पानी के टैंक में डूबकर एक पखवाडे पूर्व बच्चे की मौत हो गयी थी। पीडित पिता ने शुक्रवार की देर शाम भट्टा संचालक के खिलाफथाने में मुकदमा दर्ज कराया है। घटनाक्रम के अनुसार दो नवम्बर को बाबा ईंट भटटा पर बने पानी के टैंक में एक चार साल का अमन खेलते हुए गिर गया था। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। इस मामले में पीडित पिता मानपाल निवासी गांव शेरनगर, कोसीकलां ने बाबा भट्टा संचालक लोकेश के खिलाफमुकदमा दर्ज कराया हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का मनाया जन्म दिवस

**मथुरा।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न आयरन लेडी के नाम से विख्यात स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी का जन्म दिवस जिला कांग्रेस कमेटी कार्याल पर धूमधाम के साथ मनाया गया। पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चौधरी भगवान सिंह वर्मा ने कहा कि इंदिरा प्रियदर्शनी के नाम से विख्यात श्रीमती इंदिरा गांधी का जन्म आज ही के सन् 1917 में इलाहाबाद के एक संपन्न परिवार पं.जवाहर लाल नेहरू के यहां हुआ। भारत की आजादी के बाद वे देश तीसरी व प्रथम महिला प्रधानमंत्री बनी। हम उनके जन्मदिवस पर यह संकल्प लेते हैं कि लोकतंत्र को कमजोर करने वाली शक्तियों को तथा सांप्रदायिक ताकतों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए हम अपने नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में आने वाले चुनावों में जीत का परचम अवश्य फहराएंगे।
प्रदेश सचिव मुकेश धनगर, जिला कांग्रेस के प्रवक्ता विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि भारत रत्न श्रीमती इंदिरा गांधी का जन्म ऐसे समय पर हुआ जब देश अंग्रेजों से आजाद होने की लड़ाई लड़ रहा था और उनका पूरा परिवार अव्यवस्थित था।कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में जिला कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष सुनील उपाध्याय गांधी, इंटक के प्रदेश उपाध्यक्ष रोशन लाल, जिला महामंत्री बृजेश शर्मा एडवोकेट आदि रहे।

### बाइक सवार हुआ घायल

**सादाबाद।** गांव गीगला के निकट शनिवार की शाम को एक बाइक और एक ढकेल में जोरदार भिंडत हो गई। इस सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि चांट विक्रेता बाल बाल बच गया। जानकारी के मुताबिक, गांव गुरसौटी निवासी एक चांट विक्रेता गांव गीगला की तरफआ रहे थे तो इसी दौरान एक बाइक स्पीड में ढकेल में घुस गई, जिससे कुरसंडा निवासी बाइक सवार घायल हो गया।

# ठा. बांकेबिहारी के दर्शन को उमड़ी भीड़ सम्पर्क मार्गों पर लगीं लंबी लाइन




वृंदावन में ठा. बांकेबिहारी मंदिर में कतारबद्ध प्रवेश से व्यवस्थित ढंग से दर्शन करते श्रद्धालु एवं दूसरे चित्र में शाम को पुरानी व्यवस्था से प्रवेश पर मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

स्वदेश संवाददाता ■ वृंदावन

विश्वविख्यात ठा. बांकेबिहारी मंदिर में दर्शन के लिए शनिवार को भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे मंदिर के बाहर संपर्क मार्गों पर भक्तों की लंबी-लंबी लाइनें लग गई।

बता दें कि श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र ठा. बांकेबिहारी मंदिर में विशेष पर्व-त्यौहारों के साथ ही वीकेंड पर देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। वहीं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर ठा. बांकेबिहारी मंदिर में मंगला आरती के दौरान भीड़ के दबाब के कारण दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। इसके बाद से ही जिला प्रशासन एवं मंदिर प्रबंधन द्वारा भीड़ को नियंत्रित करने एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा की दृष्टि से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन अभी तक सफलता नहीं मिल सकी है। प्रशासन द्वारा व्यवस्था बनाने के लिए किए जा रहे नए-नए प्रयोगों के तहत अब श्रद्धालुओं को कतारबद्ध करने के साथ ही मंदिर में रोक-रोककर और कम संख्या में प्रवेश कराया जा रहा है। इससे मंदिर के आंतरिक परिसर में तो भीड़ का दबाब कम दिखाई दिया है, लेकिन मंदिर के बाहर प्रवेश मार्गों पर लंबी-लंबी लाइनें लगने लगी हैं। शनिवार को भीड़ अधिक होने के कारण मंदिर के संपर्क मार्ग विद्यापीठ चौराहा से फोगला आश्रम तक एवं दाऊजी तिराहा से बनखंडी मार्ग पर मोटा गणेश मंदिर तक यानी करीब आधा-आधा किलोमीटर तक भक्तों की लाइन लग गई। जिससे लाइन में लगे भक्तों को परेशानी के साथ ही स्थानीय लोगों को भी आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं नई व्यवस्था से राहत कम और परेशानी अधिक होते देख सायंकालीन दर्शन के दौरान पुरानी व्यवस्था ही चालू कर दी गई, जिससे मंदिर में श्रद्धालुओं के कतारबद्ध की बजाय एक साथ प्रवेश करने से भारी भीड़ एकत्रित हो गई।



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैजा हॉस्पिटल रानी मंडी में हेल्थ एटीएम का शुभारंभ करते विधायक पं श्री कांत शर्मा।

## गरीब को बेहतर इलाज की दिशा में हेल्थ एटीएम बड़ी उपलब्धि–श्रीकांत शर्मा

स्वदेश संवाददाता ■ मथुरा

मथुरा वृंदावन विधायक पंडित श्रीकांत शर्मा ने शनिवार को नगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैजा हॉस्पिटल रानी मंडी में हेल्थ एटीएम का शुभारंभ किया। विधायक पं श्री कांत शर्मा ने बताया एटीएम में करीब 59 प्रकार की स्वास्थ्य जांच 14 उपलब्ध है उन्होंने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी मोदी जी और मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश प्रदेश में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में हेल्थ एटीएम एक ऐतिहासिक कदम है

इस अवसर पर भाजपा होली गेट मंडल अध्यक्ष लोकेश तायल ,महामंत्री कृष्णमणि सूबेदार, मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा, पार्षद दीपक गोला, कपिल पटेल, गोविंद ठाकुर, अशोक वर्मा , सीएमओ डॉ अजय कुमार वर्मा , डॉ भूदेव एवं समस्त हॉस्पिटल स्टाफ उपस्थित थे।

## ट्राली में मिली लाश की पहचान में जुटीं पुलिस की आठ टीमें

स्वदेश संवाददाता ■ मथुरा

। यमुना एक्सप्रेस वे पर शुक्रवार को ट्रॉली बैग में मिले युवती के शव की 24 घंटे बाद भी पुलिस शिनाख्त नहीं कर सकी है। घटनास्थल के आसपास से लेकर टोल प्लाजा तक पुलिस ने करीब 2 दर्जन से अधिक सीसीटीवी कैमरा को खंगाल लिया। लेकिन कहीं से किसी संदिग्ध के बारे में जानकारी नहीं मिल सकी है पुलिस की पांच टीमें अलीगढ़ हाथरस नोएडा और आगरा में पड़ताल कर रही है । शनिवार को तीन टीमें और लगाई गई है। इस तरह इस घटना को खुलासे के लिए पुलिस ने 8 टीमें लगा दी है। बताते चलें कि शुक्रवार को यमुना एक्सप्रेस वे के सर्विस रोड पर राया क्षेत्र में ट्राली बैग में करीब 20 -22 वर्षीय युवती का शव मिलने से सनसनी फैल गई थी। काले रंग की टीशर्ट और लोअर पहने युवती की अभी तक पहचान नहीं हो सकी। युवती की हत्या कर उसके शव को ट्राली बैग के अंदर रखा गया था ,युवती के पैर मोड़कर उन्हें छाती से चिपका दिया गया और फिर बैग में पैक किया गया। पुलिस ने घटनास्थल से कुछ दूरी पर स्थित पेट्रोल पम्प से सीसीटीवी खंगाले लेकिन यहां पुलिस को कुछ नहीं मिला क्योंकि सीसीटीवी घटनास्थल और मुख्य सड़क तक कवर नहीं कर पाया। कार्यवाहक एसएसपी (एसपी सिटी) मार्तंड प्रकाश सिंह बताया कि अभी तक इस मामले में 5 टीमें लगी हुई थी 3 टीम और बढ़ा दी गई है अब इस मामले में टोटल 8 टीमें घटना के खुलासे के लिए लगी जो नोएडा से लेकर आगरा तक के सीसीटीवी खँगाल रही है।

## कामदा एलोक नाट्यों के संरक्षण व संवर्धन को किए जा रहे प्रयास प्रशंसनीय –यदुवंशी

स्वदेश संवाददाता ■ वृंदावन

वृंदावन शोध संस्थान के प्रेक्षागृह में उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज एवं वीआरआई के संयुक्त तत्वावधान में पंडवानी कथा गायन का आयोजन किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ के कलाकारों ने भावमयी प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मुख्य अतिथि लोक नाट्यविद खेमचंद यदुवंशी ने कहा कि संस्थान द्वारा लोक नाट्यों के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए जो प्रयास किये जा रहे हैं, वह प्रशंसनीय हैं। इससे ब्रजवासियों में भी अपनी लोक कलाओं के प्रति जागरुकता पैदा होगी। संस्थान के उपनिदेशक डा. एसपी सिंह ने कहा कि संस्थान का प्रयास है कि भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन यहां होते रहें।

समप्रिया पूजा निषाद ने पंडवानी कथा गायन के बारे में बताया कि यह छत्तीसगढ़ में एकल कथा गायन शैली है। पंडवानी का शाब्दिक अर्थ पांडवों की वानी अर्थात् पांडवों की वीर गाथा की कहानी है। इसमें केवल महाभारत की कथा ही नहीं अपितु क्षेत्रीय गीत, कविता, दंत कथाओं एवं गोड़ मिथकों पर आधारित क्षेत्रीय भाषा में पांडवों की लीलाओं का गुणगान गायकों द्वारा प्रस्तुत किया जाता है।




वृंदावन में वीआरआई के प्रेक्षागृह पर कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि लोक नाट्यविद खेमचंद यदुवंशी एवं पंडवानी कथा गायन में प्रस्तुति देतीं पूजा निषाद व साथी कलाकार

इससे पूर्व पूजा निषाद द्वारा महाभारत के उद्योग पर्व से गदा पर्व तक की कथा संक्षेप में प्रस्तुत की गई है। उनके साथ तबले पर संतोष निषाद, हारमोनियम पर गणेश निषाद, बैंजों पर विश्राम सेन, ढोलक पर गजन्ना सेन, बांसुरी पर नरोत्तम ठाकुर, मंजीरा पर समावेश निषाद, झूंमका पर थुकेलराम विश्वकर्मा एवं शंखनाद पर मोहन पाल ने संगत दी।

इस अवसर पर आचार्य वृंदावनबिहारी गोस्वामी, अशोक अज्ञ, मोहनलाल मोही, डा. अनिल गहलोत, रामपाल, कुंदन सिंह, शिवराम दास, सतीश यादव, विनोद कुमार, सुखवीर सिंह, हरीश, शिखा, अमित गुप्ता, भगवानदास, विवेक, संजू, ओंकारनाथ सागर, मृदुलबल्लभ गोस्वामी, रजत शुक्ला, ममता कुमारी, रेखारानी, प्रगति शर्मा, डा. करुणेश उपाध्याय, उमाशंकर पुरोहित, श्रीकृष्ण गौतम, कृष्णकुमार मिश्रा, हेमंत कुमार, ब्रजेश कुमार, रामप्रताप, विनोद झा, शिवम शुक्ला, करवेंद्र सिंह, गोपाल शर्मा, गोपनंदन, अशोक दीक्षित, रमेशचंद्र, महेंद्र सिंह, राजकुमार शुक्ला आदि उपस्थित थे। संचालन डा. ब्रजभूषण चतुर्वेदी ने किया।

### पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**कोसीकलां।** शहर में देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 105वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनको नमन किया। विद्यालयों में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित हुए। शहर के कमलानगर स्थित बजरंग विद्या मंदिर स्कूल में उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रबंधक लोकेंद्र पाराशर ने कहा कि वे भारत की पहली और एकमात्र महिला प्रधानमंत्री हैं। वे बेहद सरल थीं। इस दौरान सभी ने पुष्पार्पित किए। कार्यक्रम में मथुरा प्रसाद, राजेश कुमार, अनुज जैन, दिलीप कुमार, जया पाराशर, धनसिंह, हरिओम आदि मौजूद थे। वहीं शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामचरन बैनामी प्रधान के नेतृत्व में भगवती रोड स्थित कैंप कार्यालय पर कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर महेश महावर, सुनील जैन, यज्ञदत्त शर्मा, विपिन त्यागी, राजकुमार कर्दम आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

### खाद्य सुरक्षा विभाग का देर रात डेरी प्लांट पर छापा

**मथुरा।** खादय सुरक्षा विभाग द्वारा खाद्य एवं पेय पदार्थ तथा दूध आदि में की जा रही मिलावट की रोकथाम हेतु मिलावटखोरों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत खादय सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सहायक आयुक्त डॉ गौरीशंकर के नेतृत्व में बलदेव थाना क्षेत्र के जुगसना गांव में भारी पुलिस बल के साथ संचालित डेयरी प्लांट पर देर रात छापामार कार्यवाही की गई। पूछताछ में संचालक ने अपना नाम प्रेमचंद्र अग्रवाल बताया कार्यवाही के दौरान डेयरीप्लांट का सघन निरीक्षण करने के उपरांत दूध ,घी ,क्रीम , मिल्क पाउडर, सफेद आपमिश्रक आदि के 7 सैंपल जांच हेतु संग्रहित किए गए तथा लगभग 1500 लीटर दूध जो दूषित था मौके पर नष्ट करा दिया गया।

कार्यवाही के दौरान बलदेव पुलिस थाना क्षेत्र के पुलिस बल के साथ एसपी तिवारी मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी तथा गजराज सिंह ,एसएस निरंजन, मुकेश कुमार ,दलबीर सिंह, अरुण कुमार खादय सुरक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

## गोकुल, महावन और बलदेव सहित 14 गांव बनेंगे विकास प्राधिकरण का हिस्सा

स्वदेश संवाददाता ■ मथुरा

■ प्रस्ताव तैयार, शासन की मंजूरी का इंतजार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण ने तीर्थ स्थल गोकुल, महावन, बलदेव नगर पंचायत और इनके आसपास के 14 गांव जल्द विकास प्राधिकरण का हिस्सा बनेंगे। इन क्षेत्रों को शामिल करने का प्रस्ताव तैयार हो चुका है। इसे शासन को जल्द भेजा जाएगा। पिछले दिनों आगरा में मंडलायुक्त अमित गुप्ता की अध्यक्षता में हुई विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में इन प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की थी। अब शासन स्तर पर इसे क्रियान्वित किया जाना है।

मथुरा जनपद में एक तरफदिल्ली-आगरा नेशनल हाईवे से जुड़े क्षेत्र है जो मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण अंतर्गत आते हैं जबकि दूसरी ओर यमुना एक्सप्रेसवे से जुडे क्षेत्र यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधीन हैं। इन क्षेत्रों में विकास भी संबंधित प्राधिकरणों के अधीन हैं। इसमें यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण से जुडे क्षेत्र विकास की दृष्टि से पिछड़ रहे हैं। जिसमें तीर्थ स्थल गोकुल, महावन और बलदेव शामिल हैं।

इस स्थिति को देखते हुए दो सितंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन क्षेत्रों को मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण में शामिल करने का आदेश दिया था। इस पर अमल करते हुए विकास प्राधिकरण ने मंडलायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान गोकुल, महावन और बलदेव सहित 14 गांवों को प्राधिकरण में शामिल करने पर मुहर लगा दी।

प्राधिकरण बोर्ड के इस प्रस्ताव को अब अमल के लिए शासन को प्रस्तावित किया जा रहा है। शासन को निर्धारित प्रक्रिया के तहत उक्त नगर पंचायत और गांवों को विकास प्राधिकरण क्षेत्र में अनुसूचित किया जाएगा, जबकि यमुना एक्सप्रेस औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र से बाहर भी कराया जाएगा। मथुरा-वृंदावन प्राधिकरण सचिव राजेश कुमार ने बताया कि बोर्ड प्रस्ताव को शासन को अग्रिम कार्रवाई के लिए भेजा जा रहा है।

#### ये है विस्तारित क्षेत्र

गोकुल, महावन, बलदेव नगर पंचायत के साथ रावल बांगर, रावल खादर, मुबारिकपुर बांगर, मुबारिकपुर खादर, गोकुल बांगर, गोकुल खादर, महावन खादर, महावन बांगर, हथौड़ा, अमीरपुर, नरहौली, जुन्नारदार, रीढ़ा, छिवराऊ, छौली शामिल हैं।

## शहर की कच्ची मंडी में अतिक्रमण से राहगीर परेशान

■ शिकायत के बावजूद पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई

स्वदेश संवाददाता ■ कोसीकलां

दुकानदारों द्वारा दुकानों के बाहर सामान रखने के कारण राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। कुछ दुकानदारों ने स्थायी अतिक्रमण तक कर लिया है, लेकिन अतिक्रमण की ओर ध्यान नहीं दिये जाने से दुकानदारों का अतिक्रमण लगातार बढता जा रहा है।

शहर की कच्ची मंडी में सडक के दोनों ओर दुकानें हैं।



कोसीकलां कच्ची मंडी में दुकानदारों द्वारा किया गया अतिक्रमण का दृश्य

दुकानदारों ने दुकान के आगे सरकारी फुटपाथ को भी 10 से 15 हजार रुपये प्रतिमाह किराए पर उठा दिया है और खुद ने भी दुकान का सामान सडक तक बढा लिया है। दुकानों पर आने वाले खरीदारों के दोपहिया वाहनों से दिन भर जाम लग जाता है। जिससे पैदल चलने वाले राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है, लेकिन अतिक्रमण की ओर ना तो पालिका का ध्यान और ना ही पुलिस प्रशासन का है। जिससे दुकानदारों का अतिक्रमण लगातार बढता ही जा रहा है। अतिक्रमण हटाने के मामले में प्रशासन पूरी तरह बेवस नजर आ रहा है। जब अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन पर दबाब पडता है तो कुछ समय के लिए अभियान चलाकर थोडा-बहुत अतिक्रमण हटा देते हैं। लेकिन उनके जाजे ही फिर अतिक्रमण हो जाता है।

## केडी हॉस्पिटल में हुआ नि :शुल्क घुटना प्रत्यारोपण

■ गरीबों के लिए वरदान साबित हुई आयुष्मान भारत योजना

स्वदेश संवाददाता ■ मथुरा

केन्द्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना गरीबों के लिए वरदान साबित हो रही है। लगभग 5 साल दर्द से कराहती रही कस्बा सुरीर सुल्तानपुर, मथुरा निवासी सोमवती देवी (52) के.डी. मेडिकल कॉलेज-हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेण्टर में हुए घुटना प्रत्यारोपण के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दिल से शुक्रिया अदा कर रही है। सोमवती निःशुल्क दायां घुटना प्रत्यारोपित होने के बाद के.डी. हॉस्पिटल के चिकित्सकों और यहां की सेवाओं से भी बहुत खुश है। सोमवती ने कहा अब मैं ठीक से चल-फिर सकूंगी।

मूलरूप से कस्बा सुरीर सुल्तानपुर, मथुरा निवासी सोमवती देवी पांच साल पहले सीढ़ियों से गिर गई थी और उसका दायां घुटना टूट गया था। उपचार के लिए उसने बहुत से चिकित्सालयों के चक्कर काटे लेकिन महंगा उपचार और गरीबी के चलते वह अपने घुटने का इलाज नहीं करा सकी। आखिरकार उसका आयुष्मान भारत योजना के तहत कार्ड बन गया। लोगों ने उसे के.डी. हॉस्पिटल में उपचार कराने की सलाह दी। एक दिन वह अपने पुत्र के साथ आई और के.डी. हॉस्पिटल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रतीक अग्रवाल से मिली।



सोमवती देवी व उसका घुटना प्रत्यारोपित करने वाली के.डी. हॉस्पिटल के चिकित्सकों की टीम।

डॉ. प्रतीक अग्रवाल ने कुछ जांचें कराने के बाद उसे घुटना प्रत्यारोपण की सलाह दी। उसकी सहमति के बाद डॉ. प्रतीक अग्रवाल के नेतृत्व में उसके दाएं घुटने का प्रत्यारोपण आयुष्मान भारत योजना के तहत किया गया। इस सर्जरी में डॉ. प्रतीक अग्रवाल का सहयोग डॉ. हेमराज सैनी, डॉ. तजमुल, डॉ. गौतम शर्मा, निश्चेतना विशेषज्ञ लीना गोयल और टेक्नीशियन प्रदीप ने किया। अब सोमवती देवी पूरी तरह से स्वस्थ है। सोमवती के पुत्र ने बताया कि सर्दी के मौसम में मां जब भी दर्द से तड़पती तो आंखों में आंसू आ जाते थे। घुटना प्रत्यारोपण के बाद न केवल सोमवती बल्कि उसके परिजन भी बहुत खुश हैं। पांच साल बाद अपने पैरों पर खड़ी हुई सोमवती ने कहा कि मेरे लिए प्रधानमंत्री मोदी और के.डी. हॉस्पिटल के चिकित्सक व यहां के कर्मचारी भगवान साबित हुए हैं। सोमवती ने बताया कि मुझे प्राइवेट रूम में रखा गया तथा हर पल मेरी देखभाल की गई। उसने कहा कि कुछ महीने पहले मेरे बेटे पंकज की भी यहां सफल सर्जरी हुई थी। उसे सिर में चोट लग गई थी।

## न डॉक्टर हैं और न स्टाफ स्वास्थ्य सेवाएं नदारद

स्वदेश संवाददाता ■ सादाबाद

गांव कुरसंडा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सुविधाओं का अभाव है। यहां मरीजों को उचित प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल पा रहीं। इसे लेकर शनिवार को डीएम से शिकायत की गई। ग्रामीण बनी सिंह पहलवान, सतेंद्र फौजदार, जगवीर सिंह, सतीश कुमार, चंद्रपाल सिंह, विनोद, गोविंद व महीपाल ने शिकायती पत्र में बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरसंडा पर सिर्फ एक कर्मचारी बैठता है। पर्याप्त स्टाफऔर चिकित्सक न होने की वजह से कुरसंडा व आसपास के मजरों के ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल पा रहीं।




कुरसंडा का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र।

इस उक्त स्वास्थ्य केंद्र के क्षेत्र में करीब 100 गांव मजरे आते हैं। दो साल पहले इस स्वास्थ्य केंद्र का उदघाटन मौजूद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने किया था, तब तीन से चार स्वास्थ्य कर्मियों की यहां तैनाती की गई थी, लेकिन एक एक कर सभी को हटा दिया गया है। स्वास्थ्य केंद्र पर न कोई डॉक्टर है और न कोई नर्स और न ही कोई वार्ड बॉय है। सफाई के लिए सफाई कर्मचारी भी नहीं है। शिकायती पत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरसंडा का उचित प्रकार से संचालन किए जाने की मांग की गई, जिससे क्षेत्र के लोगों का इसका समुचित लाभ मिल सके।

## संक्षिप्त समाचार

### कश्मीर में तीन साल बाद फुटबॉल की वापसी रीयल कश्मीर जीता

**श्रीनगर।** रीयल कश्मीर ने लगभग 3 साल के बाद कश्मीर घाटी में राष्ट्रीय स्तर के फुटबॉल की वापसी का जश्न शनिवार को यहां राजस्थान यूनाइटेड पर 2-0 की जीत के साथ बनाया। यहां के टीआरसी मैदान के सिंथेटिक टर्फ पर 3 साल बाद जब खिलाड़ी मैदान पर उतरे पर स्टेडियम में खचाखच भरे दर्शकों ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। कोविड-19 के प्रकोप के बाद घाटी में हुए पहले बड़े मैच में घरेलू दर्शकों के समर्थन का असर रीयल कश्मीर के खेल पर दिखा। मोरो लामिने ने मैच के 21वें मिनट में टीम का खाता खोला। मैच के दूसरे हाफ (77वें मिनट) में जैरी पुलाम्ते ने टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया जो आखिर तक बरकरार रहा। इस जीत के साथ टीम दो मैचों में छह अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। राजस्थान की टीम इतने ही मैच में एक जीत और एक हार से छठे पायदान पर है।

### धनराज परिमल गुजरात क्रिकेट संघ के अध्यक्ष बने

**अहमदाबाद।** धनराज परिमल नाथवानी को शनिवार को सर्वसम्मति से गुजरात क्रिकेट संघ (जीसीए) का अध्यक्ष चुन लिया गया। जीसीए ने यह भी घोषणा की कि हेमंतभाई कॉन्ट्रैक्टर नये उपाध्यक्ष होंगे जबकि अनिलभाई पटेल सचिव, मयूरभाई पटेल संयुक्त सचिव और भरत झवेरी तत्काल प्रभाव से कोषाध्यक्ष का पद संभालेंगे। नाथवानी ने इस जिम्मेदारी को संभालने के बाद कहा, '' मैं जीसीए के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त होने को एक बड़ा सम्मान मानता हूं। मैं अपने पूर्व अध्यक्षों, अमित शाह और जय शाह के साथ संघ के सदस्यों का आभारी हूं कि उन्होंने मुझे गुजरात में क्रिकेट के खेल के लिए सेवा करने का मौका दिया।'' उन्होंने कहा, ''मैं उनके और हमारे पूर्व अध्यक्ष और भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। इसमें खेल को गुजरात के दूरदराज के इलाकों में फैलाने और बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में काम करने और प्रतिभाशाली लड़कों तथा लड़कियों को मौका देने पर काम करना है।''

### रवीना सहित भारत के तीन मुक्केबाज क्वार्टर में

**नई दिल्ली।** मौजूदा एशियाई युवा चैम्पियन रवीना (63 किग्रा) ने अपने बेहतरीन कौशल की बदौलत स्पेन के ला नुसिया में चल रही आईबीए युवा पुरूष और महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। रवीना ने अंतिम-16 दौर के मुकाबले में हंगरी की वर्गा फ्रांसिस्का रोजी को पराजित किया। भारतीय मुक्केबाज ने शुरू से ही दबदबा बनाते हुए जबरदस्त मुक्के लगाये। दूसरे दौर में भी ऐसे ही शुरूआत की और अपनी प्रतिद्वंद्वी पर दबदबा बनाये रखा जिससे रैफरी को मुकाबला रोकना पड़ा और भारतीय मुक्केबाज ने क्वार्टरफाइनल में जगह बनायी। अन्य महिला मुक्केबाजों में कुंजारानी देवी थोंगम (60 किग्रा) ने भी अंतिम आठ में प्रवेश किया। उन्होंने एकतरफा मुकाबले में स्पेन की होर्चे मार्टिनेज मारिया को 5-0 से शिकस्त दी।

### निराशा को पीछे छोड़ते हुए रोहित ने शुरू की तैयारी



**नई दिल्ली।** हाल में ऑस्ट्रेलिया में खेले गए टी-20 विश्व कप में भारतीय टीम का ट्रॉफी जीतने का सपना एक बार फिर टूट गया। वहीं दूसरी तरफ इस हार के बाद टीम के कप्तान रोहित शर्मा पर भी सवाल उठे। टूर्नामेंट में रोहित बल्ले के साथ-साथ कप्तान के तौर पर भी असफल रहे थे। कई पूर्व दिग्गज खिलाड़ियों ने रोहित को टी-20 प्रारूप की कप्तानी से हटाने तक का सुझाव दिया है। इसी बीच भारतीय टीम के कप्तान ने मैदान पर लौटते हुए कड़ा अभ्यास शुरू किया है जिसकी कुछ तस्वीरें उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की है। रोहित की इन तस्वीरों को उनके फैंस काफी पसंद कर रहे हैं और अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देते नजर आ रहे हैं। एक फैन ने कमेंट करते हुए लिखा, फिटनेस पर ध्यान दो रोहित। दाएं हाथ के बल्लेबाज की इस पोस्ट पर कमेंट कर रहे ज्यादातर लोग उनकी मजबूत वापसी की कामना करते नजर आ रहे हैं।

### अबू धाबी टी-10 क्रिकेट में खेलते नजर आएंगे रैना

**नई दिल्ली।** बाएं हाथ का यह धाकड़ बल्लेबाज जल्द अबू धाबी टी10 लीग में खेलता हुआ दिखाई देगा। इस लीग की शुरुआत 23 नवंबर से अबू धाबी में होगी। रैना इस लीग में डेक्कन ग्लैडिएटर्स टीम का होंगे। रैना इस टूर्नामेंट में खेलने को लेकर काफी उत्साहित हैं और इसके लिए उन्होंने अभ्यास भी शुरू कर दिया है जिसका वीडियो उन्होंने कुछ दिन पहले इंस्टा पर शेयर किया था।

दूसरे एकदिवसीय मैच में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 72 रन से धोया

# ऑस्ट्रेलिया की श्रृंखला में अजेय बढ़त




ऑस्ट्रेलिया के लिए मिचेल स्टार्क और एडम जम्पा ने चार-चार विकेट हासिल किये।

**एजेंसी ■ सिडनी**

ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को तीन मैचों की सीरीज के दूसरे एकदिवसीय मैच में 72 रनों से हराते हुए श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त ले ली है। पहले खेलते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 50 ओवरों में 280/8 का स्कोर बनाया, जवाब में इंग्लिश टीम 38.5 ओवर में 208 के स्कोर पर ऑलआउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क को शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत बहुत अच्छी नहीं रही। टीम को पहला झटका 33 के कुल स्कोर पर लगा और डेविड वॉर्नर 16 रन बनाकर चलते बने। कुछ देर बाद उनके जोड़ीदार ट्रैविस हेड भी 19 रन बनाकर आउट हो गए। यहाँ से स्टीव स्मिथ और मार्नस लैबुशेन ने डटकर बल्लेबाजी की और दोनों के बीच 101 रनों की साझेदारी हुई। लैबुशेन अपना अर्धशतक पूरा करने के बाद 58 रन बनाकर आउट हुए। एलेक्स कैरी को खाता खोलने का भी मौका नहीं मिला। स्मिथ शतक के करीब जाकर आउट हुए और उन्होंने 94 रनों की पारी खेली। निचले क्रम में मिचेल मार्श ने धाकड़ खेल दिखाते हुए 50 रन बनाये और टीम को एक अच्छे स्कोर तक पहुँचाने में अहम भूमिका निभाई। इंग्लैंड के लिए आदिल राशिद ने 57 रन खर्च करते हुए तीन बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम ने शून्य के स्कोर पर ही दो विकेट गंवा दिए। जेसन रॉय और पिछले मैच में शतक बनाने वाले डेविड मलान को मिचेल स्टार्क ने पहले ओवर में ही पवेलियन का रास्ता दिखाया। फिल साल्ट ने कुछ अच्छे शॉट खेले लेकिन वह भी 23 रन बनाकर 34 के कुल स्कोर पर आउट हो गए। यहाँ से जेम्स विन्स और सैम बिलिंग्स ने पारी को संभालने का काम किया और दोनों ने एक शतकीय साझेदारी की। विन्स 60 रन बनाकर आउट हुए। यहाँ से एडम जम्पा ने जल्दी-जल्दी तीन विकेट निकालते हुए ऑस्ट्रेलिया की पकड़ मजबूत कर दी। मोईन अली 10 रन बनाकर आउट हुए। वहीं बिलिंग्स ने 71 रनों की पारी खेली। निचले क्रम में लियाम डॉसन ने कुछ देर संघर्ष किया लेकिन वह 20 रन बनाकर आखिरी विकेट के रूप में आउट हुए।

### स्कोर बोर्ड

| ऑस्ट्रेलिया | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| वॉर्नर कै. डॉसन बो. मोईन | 16 | 17 | 2 | 0 |
| ट्रैविस हेड कै. मोईन बो. वोक्स | 19 | 28 | 3 | 0 |
| स्मिथ कै. सॉल्ट बो. रशीद | 94 | 114 | 5 | 1 |
| लाबुशेन कै. रॉय बो. रशीद | 58 | 55 | 4 | 1 |
| कैरी कै. बिलिंग्स बो. रशीद | 0 | 1 | 0 | 0 |
| मिचेल मार्श कै विंस बो. विली | 50 | 59 | 2 | 2 |
| स्टॉयनिस बोल्ड वोक्स | 13 | 14 | 0 | 1 |
| एगर नाबाद | 18 | 12 | 0 | 1 |
| स्टार्क कै. वोक्स बो विली | 0 | 1 | 0 | 0 |
| एडम जम्पा नाबाद | 0 | 0 | 0 | 0 |

**कुल:** 280/09 **ओवर** 50 **अतिरिक्त**: 12

**गेंदबाजी:** क्रिस वोक्स 10-0-42-2, डेविड विली 9-0-44-2, मोईन अली 4-0-24-1, आदिल रशीद 10-0-57- 3, लियम डॉसन 10-0-48-0, सैम करन 7-0-55-0

| इंग्लैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रॉय कै. कैरी बो स्टार्क | 0 | 2 | 0 | 0 |
| फिल सॉल्ट बोल्ड हेज़लवुड | 23 | 16 | 2 | 1 |
| डाविड मलान बोल्ड स्टार्क | 0 | 3 | 0 | 0 |
| विंस पगबाधा हेज़लवुड | 60 | 72 | 3 | 2 |
| बिलिंग्स बोल्ड जम्पा | 71 | 80 | 3 | 2 |
| मोईन बोल्ड जम्पा | 10 | 4 | 1 | 1 |
| क्रिस वोक्स बो.स्टार्क | 7 | 14 | 1 | 0 |
| करन कै. हेज़लवुड बो जम्पा | 0 | 4 | 0 | 0 |
| डॉसन पगबाधा बो. जम्पा | 20 | 21 | 1 | 1 |
| डेविड विली बोल्ड स्टार्क | 6 | 8 | 1 | 0 |
| आदिल रशीद नाबाद | 3 | 10 | 0 | 0 |

कुल: 208/10 **ओवर** 38.5 **अतिरिक्त**: 08

**गेंदबाजी:** मिचेल स्टार्क 8-1-47-4, हेज़लवुड 7-1-33-2, ऐश्टन एगर 7-0-41-0, स्टॉयनिस 5-0-29-0, एडम जम्पा 9.5-1-45-4, मिचेल मार्श 2-0-12-0

भारत/न्यूजीलैंड दूसरा टी-20 आज

# बारिश के बीच बढ़त बनाने उतरेंगी टीमें



**एजेंसी ■ माउंट मौंगानुई**

पहला मैच बारिश से धुलने के बाद भारत और न्यूजीलैंड की टीमें अब दूसरे मुकाबले में रविवार को आमने-सामने होंगी। दोनों टीमों की तरफ से मैच में जीत दर्ज करते हुए बढ़त बनाने का प्रयास किया जाएगा। हालांकि घरेलू मैदानों के कारण कीवी टीम के पास मनोवैज्ञानिक बढ़त रहेगी। इसके अलावा भारतीय टीम नए और युवा खिलाड़ियों के साथ आई है। हालांकि आईपीएल और अन्य मंचों पर खेलने के कारण इन खिलाड़ियों के बाद सबसे छोटे प्रारूप में खेलने का पर्याप्त अनुभव है।

न्यूजीलैंड की टीम कप्तान केन विलियमसन की अगुवाई में खेलेगी। इस टीम के पास धाकड़ बल्लेबाजों और गेंदबाजों की खेप है। निश्चित रूप से न्यूजीलैंड की टीम का पलड़ा इस मैच में भारी कहा जा सकता है। हालांकि भारतीय टीम हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में टी-20 विश्व कप खेलकर आई है, ऐसे में परिस्थितियों को लेकर खिलाड़ियों को समस्या नहीं होनी चाहिए। अंततः जिस टीम का प्रदर्शन बेहतर होगा, जीत भी उसी की होनी है। माउंट मौंगानुई में बल्लेबाजी पिच देखने को मिल सकती है लेकिन मौसम की मार यहाँ भी रह सकती है। बारिश के कारण मैच में बाधा आ सकती है। पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम को 170 से अधिक रनों का स्कोर खड़ा करने की आवश्यकता होगी।

#### संभावित एकादश

**न्यूजीलैंड:** केन विलियमसन (कप्तान), डेवोन कॉनवे, फिन एलन, ग्लेन फिलिप्स, डैरिल मिचेल, मिचेल सैंटनर, जेम्स नीशम, टिम साउदी, लोकी फर्ग्यूसन, ईश सोढ़ी, एडम मिल्ने।

**भारत:** हार्दिक पांड्या (कप्तान), ऋषभ पंत, संजू सैमसन, इशान किशन, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, वॉशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह, हर्षल पटेल।

## कतर और इक्वाडोर के मैच से शुरू होगा विश्वकप फुटबॉल का महाकुंभ

**एजेंसी ■ दोहा**



मेजबान कतर और इक्वाडोर के मुकाबले के साथ रविवार को जब विश्व कप फुटबॉल का आगाज होगा। कतर के लिए विश्व कप की मेजबानी वैश्विक मंच पर अपनी पहचान बढ़ाने और आधुनिकीकरण की ओर बढ़ने के प्रयास में उठाया गया कदम है। यह कतर के लिए राष्ट्रीय गौरव का क्षण है। लेकिन इस प्रतियोगिता में भाग ले रही कतर की टीम को अपनी सबसे बड़ी चुनौती से पार पाना होगा। कतर ग्रुप ए में है जहां इक्वाडोर के अलावा सेनेगल और नीदरलैंड भी शामिल हैं। फुटबॉल विश्व कप के इतिहास में 2010 में दक्षिण अफ्रीका एकमात्र मेजबान देश है जो ग्रुप चरण से आगे निकलने में विफल रहा है। ऐसे में कतर के सामने इस तरह की असफलता से बचने की चुनौती होगी।

सेनेगल और नीदरलैंड की टीम काफी मजबूत मानी जाती है ऐसे में कतर के सामने रविवार को इक्वाडोर के खिलाफ जीत दर्ज करने का सर्वश्रेष्ठ मौका होगा। कतर की टीम फीफा रैंकिंग में 50वें स्थान पर है जबकि इक्वाडोर की रैंकिंग 44 है। इस टूर्नामेंट के लिए कतर की टीम पिछले कई साल से तैयारी कर रही है। टीम ने इसके तहत जिसमें 2019 कोपा अमेरिका और 2021 कोनकाकैफ गोल्ड कप में शामिल होना शामिल है। इस दौरान टीम ने 2019 में एशियाई कप को जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा भी मनवाया।

### मैं सपने में भी सूर्या की तरह बल्लेबाजी नहीं कर सकता: फिलिप्स



न्यूजीलैंड के बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स ने सूर्यकुमार यादव की तारीफ करते हुए कहा कि वह सपने में भी इस भारतीय दिग्गज की तरह शानदार शॉट नहीं खेल सकते। सूर्यकुमार टी-20 रैंकिंग में दुनिया के शीर्ष बललेबाज है। फिलिप्स ने कहा,''वह (सूर्या) बिल्कुल अविश्वसनीय हैं। वह जो चीजें करता है, मैं उसे करने का सपना भी नहीं देख सकता हूं। मुझे कोशिश करना अच्छा लगेगा लेकिन मेरा खेल उससे काफी अलग है। कलाई की ताकत से छक्का लगाने की क्षमता उन्हें खास बनाती है। उस जैसी प्रतिभा को आप शायद ही देखें। फिलिप्स ने कहा कि उनकी और सूर्यकुमार के खेलने के तरीके से विरोधी गेंदबाजों को विकेट लेने का भी मौका अधिक मिलता है।

## ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम का भारत दौरा नौ दिसम्बर से

### हरमनप्रीत और मंधाना के बिना उतरेगा भारत

**एजेंसी ■ मुंबई**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारत आ रही महिला ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के लिए 5 टी-20 मैचों का कार्यक्रम जारी कर दिया है। बोर्ड ने कहा कि भारत दिसंबर के महीने में मुंबई में 5 टी-20 मैच खेलेगा। पहले दो टी-20 मैच 9 और 11 दिसंबर को डीवाई पाटिल स्टेडियम में तो अगले तीन टी-20 मैच 14, 17 और 20 दिसंबर को ब्रेबोर्न स्टेडियम में होंगे। ऑस्ट्रेलिया के लिए यह पहली सीरीज है जहां वह अपने नियमित कप्तान मेग लैनिंग को याद करेंगी। लैनिंग ने अगस्त में अपने राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक जीतने के बाद खेल से अनिश्चितकालीन ब्रेक की घोषणा की थी। फाइनल में भारत और ऑस्ट्रेलिया का आमना-सामना हुआ था। ऑस्ट्रेलिया में वर्तमान में कोई कप्तान नहीं है क्योंकि राचेल हेन्स ने अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा कर दी है। एलिसा हीली इस पद को संभाल सकती हैं।

ऑस्ट्रेलियाई टीम महिला बिग बैश लीग जोकि 26 नवंबर को समाप्त होगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम इसके बाद भारत आएगी। महिला बिग बैश लीग में भारतीय खिलाड़ी पूजा वस्त्राकर और जेमिमा रोड्रिग्स भी खेल रही हैं। वह भी साथ ही आएंगी। स्मृति मंधाना और हरमनप्रीत कौर को इस सीरीज के लिए नहीं चुना गया।

पीडब्ल्यूडी स्पोर्ट्स क्लब द्वारा विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता

## पीडब्ल्यूडी वर्ल्ड बैंक ने वेस्टर्न सुपर किंग को हराया

**खेल संवाददाता ■ लखनऊ**




उत्तर प्रदेश पीडब्ल्यूडी स्पोर्ट्स क्लब द्वारा विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता (चतुर्थ पीडब्ल्यूडी कप) का आयोजन सहारा सीएसडी स्टेडियम, गोमतीनगर में किया जा रहा है। इसमें प्रदेश भर से 15 विभागीय टीमें अपना दमखम दिखा रही हैं। क्लब के मंत्री शिवेश मोहन ने बताया कि शनिवार को पीडब्ल्यूडी वर्ल्ड बैंक व वेस्टर्न सुपर किंग के बीच खेला गया। जिसमें वेस्टर्न सुपर किंग ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी की। पीडब्ल्यूडी वर्ल्ड बैंक ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 149 रन बनाए। पीडब्ल्यूडी वर्ल्ड बैंक की तरफ से गौरव यादव ने शानदार 61 रन व आशीष कुशवाह ने 29 रन की पारी खेली। वेस्टर्न सुपर किंग्स की तरफ से शहाबुद्दीन ने 3 और अर्जुन कश्यप ने 2 विकेट झटके। वेस्टर्न सुपर किंग की शुरुआत अच्छी नहीं रही। 15 रन पर पांच विकेट गंवा दिए, परंतु बाद में अर्जुन कश्यप और टीम के कप्तान अंकुर अग्रवाल ने शानदार 70 रन की साझेदारी की। अर्जुन ने 46 व अंकुर ने 24 रन की पारी खेली। लेकिन वह अपनी टीम को मैच नहीं जीता सके। इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज प्रभावी प्रदर्शन नहीं कर सका। वेस्टर्न सुपर किंग की पूरी टीम 112 रन पर सिमट गई। वर्ल्ड बैंक की तरफ से अभिषेक विश्वकर्मा ने चार विकेट लिए। सुनील एवं आशीष सिंह ने दो-दो विकेट प्राप्त किए। इस मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अभिषेक विश्वकर्मा को दिया गया। सभी खिलाड़ियों को पदक पहनाकर सम्मानित किया गया। रविवार को टूर्नामेंट के दो मैच सहारा सीएसडी ग्राउंड गोमती नगर में खेले जाने हैं। पहला मैच पीडब्ल्यूडी गोंडा विरूद्ध पीडब्ल्यूडी वेस्टर्न सुपर किंग और दूसरा मैच पीडब्ल्यूडी प्रयागराज एस के विरूद्ध वर्ल्ड बैंक पीडब्ल्यूडी के बीच खेला जायेगा।

विदेशी मुद्रा भंडार के मोर्चे पर मिली अच्छी खबर

# एक साल में सबसे तेज गति से बढ़ा



**ब्यूरो ■ नई दिल्ली**

विदेशी मुद्रा भंडार के मोर्चे पर अच्छी खबर मिली है। बीते 11 नवंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान देश के विदेशी मुद्रा भंडार में एक साल से ज्यादा की सबसे तेज वृद्धि दर्ज की गई है। इसके साथ ही अपना विदेशी मुद्रा भंडार 544 अरब डॉलर के पार चला गया।

भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार, 11 नवंबर 2022 को समाप्त सप्ताह के दौरान देश के विदेशी मुद्रा भंडार में 14.73 अरब डॉलर की वृद्धि रही है। इसके साथ ही अब देश का विदेशी मुद्रा भंडार 544.72 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। विदेशी मुद्रा भंडार में अगस्त 2021 के बाद यह सबसे ज्यादा वृद्धि रही है। बीते चार नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 529.99 अरब डॉलर था। 2022 की शुरुआत में देश का विदेशी मुद्रा भंडार करीब 630 अरब डॉलर था। तब से रुपये में गिरावट का माहौल है। इस साल की शुरूआत में अपना विदेशी मुद्रा भंडार संतोषजनक स्तर पर था। लेकिन इसी साल रुपये के मूल्य में गिरावट भी देखने को मिली। इसी गिरावट को रोकने के लिए रिजर्व बैंक को डॉलर खुले बाजार में बेचना पड़ रहा है। इसका असर दिखा और बीते सितंबर के मध्य के बाद रुपया पहली बार डॉलर के मुकाबले 80 के स्तर के करीब पहुंचा।

रिजर्व बैंक के अनुसार, आलोच्य सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा आस्तियों में 11.8 अरब डॉलर की वृद्धि हुई है। अब यह 482.53 अरब डॉलर पर पहुंच गई हैं। विदेशी मुद्रा भंडार में एफसीए की सबसे बड़ी हिस्सेदारी होती है।

### स्वर्ण भंडार में भी बढ़ोतरी



आरबीआई के मुताबिक बीते 11 नवंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान देश के स्वर्ण भंडार में भी बढ़ोतरी हुई। इस सप्ताह यह 2.64 अरब डॉलर बढ़कर 39.70 अरब डॉलर पर पहुंच गया। दरअसल, विदेशी मुद्रा भंडार किसी भी देश के केंद्रीय बैंक में रखी गई धनराशि या अन्य परिसंपत्तियां होती हैं, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वह अपनी देनदारियों का भुगतान कर सकें। विदेशी मुद्रा भंडार को एक या एक से अधिक मुद्राओं में रखा जाता है। अधिकांशत: डॉलर और बहुत बा यूरो में विदेशी मुद्रा भंडार रखा जाता है।



## तेल-तिलहन कीमतों में सुधार का रुख

**नई दिल्ली।** शिकागो एक्सचेंज शुक्रवार रात को 1.5 प्रतिशत मजबूत बंद होने और किसानों की नीचे भाव में बिकवाली कम करने के बाद दिल्ली तेल तिलहन बाजार में शनिवार को अधिकांश खाद्य तेल तिलहन कीमतों में सुधार का रुख दिखा। मांग बढ़ने और किसानों द्वारा सस्ते में बिकवाली से बचने के कारण सरसों, सोयाबीन तेल तिलहन, बिनौला, सीपीओ और पामोलीन तेल कीमतों में सुधार आया जबकि मूंगफली तेल तिलहन के भाव पूर्वस्तर पर बने रहे। कारोबारी सूत्रों ने कहा कि किसान नीचे भाव में सोयाबीन नहीं बेच रहे हैं। हल्का तेल होने की वजह से सरसों, मूंगफली और सोयाबीन तेल की सर्दियों की मांग है। इस परिस्थिति में एक ओर जहां सरसों और सोयाबीन तेल तिलहन कीमतों में सुधार देखने को मिला वहीं मूंगफली तेल तिलहन के दाम पूर्वस्तर पर बंद हुए। सूत्रों ने कहा कि सस्ता होने की वजह से पामोलीन और सीपीओ की मांग बढ़ने से इनकी कीमतों में सुधार आया। हल्के तेल होने की वजह से मांग होने के कारण बिनौला तेल की कीमतों में भी सुधार हुआ।

# इस्पात और लौह अयस्क पर निर्यात शुल्क घटाया



**ब्यूरो ■ नई दिल्ली**

घरेलू इस्पात उद्योग और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने इस्पात उत्पादों और लौह अयस्क पर निर्यात शुल्क में कटौती की है जो शनिवार से प्रभाव में आएगी। यह शुल्क छह महीने पहले ही लगाया गया था।

वित्त मंत्रालय ने इस बाबत शुक्रवार देर रात को अधिसूचना जारी की। इसमें बताया गया कि निर्दिष्ट पिग आयरन और इस्पात उत्पादों, लौह अयस्क छर्रों के निर्यात पर अब कोई शुल्क नहीं लगेगा। इसके अलावा कम लोहे वाले लौह अयस्क लम्प्स और फाइन्स (जिनमें लौह 58 फीसदी से कम है) पर भी निर्यात शुल्क शून्य किया गया है। वहीं, 58 प्रतिशत से अधिक लौह वाले लौह अयस्क लम्प्स और फाइन्स पर अब निर्यात शुल्क 30 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे पहले वित्त मंत्रालय ने मई में पिग आयरन और इस्पात उत्पादों पर निर्यात शुल्क 'शून्य' से बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया था। इस कदम का उद्देश्य निर्यात को हतोत्साहित करना और दाम नीचे लाने के लिए घरेलू उपलब्धता को बढ़ाना था। सरकार की अधिसूचना के मुताबिक, इस्पात उद्योग में कच्चे माल के रूप में इस्तेमाल किए जाने वाले एन्थ्रेसाइट/पीसीआई, कोकिंग कोल और फेरोनिकेल पर आयात शुल्क बढ़ाकर 2.5 फीसदी कर दिया गया है, जबकि कोक और सेमी-कोक जिस पर शुल्क पहले शून्य था, अब इन पर इसे बढ़ाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है।

# जी -20: अब हम बोलते हैं और दुनिया सुनती है

**एक दौर था हम विश्व व्यवस्था में महाशक्तियों से समान दूरी बनाकर नेहरू जी के निर्गुट मॉडल पर टिके रहते थे। आज महाशक्तियों के मायने बदल गए है नया भारत किसी महाशक्ति के नाराज होने के भय से अपनी इंडिया फर्स्ट की नीति पर बदलाव नही करता है। पूरी दुनिया एक तरफ और भारत अपने हितों के लिए एक तरफ यह रूस से तेल खरीदने के मामले में हमने बता दिया है। अब इन्ही ताकतवर देशों के समूह जी 20 की अध्यक्षता भारत को सौंपी गई है। विधिवत रूप से इसकी अध्यक्षता 1 दिसंबर से मिलेगी। अब आगामी एक साल तक भारत जी 20 को नेतृत्व देगा। भारत के सामने जी-20 के अध्यक्ष के रूप में क्या चुनौतियां रहेंगी? जी 20 का आज क्या महत्व है? अमेरिका, चीन, ब्रिटेन, रूस आदि देशों के राष्ट्राध्यक्षों की भारत किस तरह से मेजबानी करेगा? इन बिन्दुओं पर फोकस करता आज का रविवारीय विशेष।**

## बदलती विश्व व्यवस्था और हमारा भारत



हर्षवर्धन त्रिपाठी

को लंबिया इंस्टिट्यूट के निदेशक एडम टूज ने 'फॉरेन पॉलिसी' में जी 20 पर एक लेख में लिखा है कि, विश्व विवादों के समय में विश्व की शक्तियों ने यह दिखाया है कि, आपसी सहयोग से बात बन सकती है। यह सिर्फ संयोग नहीं हो सकता कि, एडम टूज के इस लेख में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन का जीत का प्रतीक बनाते हुए खींचा गया चित्र लगाया गया है। इसलिए भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सैल्यूट करते जो बाइडेन का चित्र हो या फिर स्वयं जो बाइडेन का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने के लिए आगे बढ़कर आना भारत में भारतीय जनता पार्टी के लोगों की भावना के उफान के तौर पर ही देखना सही नहीं है। दरअसल, विश्व मंचों पर भारत की प्रमुख और प्रभावी होती भूमिका को अब विश्व के प्रमुख देश स्वीकारने लगे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से सीधी बातचीत में जब कहा था कि, यह युद्ध का युग नहीं है तो उस समय विश्व के लिए आश्चर्यजनक था।

### भारतीय हित सर्वोपरि

अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत के विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर से लेकर प्रमुख नेताओं ने स्पष्ट तौर पर इस बात को कहा है कि, हम भारत के हितों के लिहाज से कोई भी निर्णय लेंगे। अमेरिका, रूस और चीन की तिकड़ी के बीच फँसी विश्व व्यवस्था में भारतीय कूटनीति के संतुलन का यह अप्रतिम उदाहरण देखने को मिला है। और, ऐसे में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सितंबर महीने में समरकंद में हुई मुलाकात में पुतिन से सीधे यह कहते हैं कि, यह युद्ध का युग नहीं है तो सभी के लिए यह आश्चर्य की वजह बना था। अमेरिकी मीडिया आमतौर पर भारतीय प्रधानमंत्रियों के बयान को बहुत प्रमुखता नहीं देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्राओं से लेकर उनका महत्वपूर्ण बयानों पर अमेरिकी और पश्चिमी मीडिया का भेदभावपूर्ण रवैया देखने को मिलता रहता है, लेकिन अमेरिका को यह बयान अपने पक्ष में लगा तो पूरा अमेरिकी मीडिया मोदी की प्रशंसा में जुट गया। और, जी 20 का साझा बयान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान, यह युद्ध का युग नहीं है, को ही आगे बढ़ाता हुआ दिखा। अब भारत जी 20 को बिना किसी संदेह के जी 20 विश्व नेतृत्वकर्ता समूह के तौर पर स्वीकार किया जा रहा है। अमेरिका, यूरोपियन यूनियन सहित रूस, चीन, कोरिया, ब्रिटेन, फ्रांस, जापान, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, सऊदी अरब, जर्मनी, इडोनिशिया, इटली, मेक्सिको, इंडोनेशिया, अर्जेंटीना, तुर्की जैसे देशों के बीच भारत की यह स्वीकार्यता परिवर्तित होती विश्व व्यवस्था को भी स्पष्ट तौर पर दर्शा रही है।

### जी 20 बड़ा वैश्विक संसार

विश्व जीडीपी का 80 प्रतिशत, विश्व कारोबार का 75 प्रतिशत और विश्व की 60 प्रतिशत जनसंख्या जी 20 देशों में ही रहती है। व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा था कि, भारत की विदेश नीति स्वतंत्र है और मोदी एक देशभक्त राजनेता हैं जो अपने देश के हितों के लिहाज से नीति तय करते हैं। पुतिन ने कहा कि, मुझे पूरा विश्वास है कि, विश्व व्यवस्था में भारत की भूमिका बढ़ने वाली है। पुतिन की ही तरह फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुअल मैक्रॉन भी भारत के अच्छे मित्रों में गिने जाते हैं। मैक्रॉन ने जी 20 की बैठक से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक चित्र साझा करते हुए लिखा कि, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के साथ, शांति के लिए हम एक ही एजेंडा साझा करते हैं। हम भारत की आगामी जी 20 अध्यक्षता के तहत इस पर काम करेंगे।

बाली में मोदी और सुनक की मुलाकात के बाद भारत और ब्रिटेन के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर नये सिरे से सहमति बन सकती है। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी खाद्य और ऊर्जा आवश्कताओं के सत्र में सम्मिलित हुए। यह महत्वपूर्ण रहा क्योंकि, रूस यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध की वजह से पूरी दुनिया में खाद्य और ऊर्जा आपूर्ति पर बुरा असर पड़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित देशों से आग्रह किया कि, एक साथ आकर आपूर्ति सुचारू करने का प्रयास करें। प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट तौर पर चेताया कि, आज का खाद संकट कल का खाद्य संकट बन सकता है। जी 20 में प्रधानमंत्री ने फिर से इस बात को स्थापित किया कि, भारत लोकतंत्र की जननी है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की मुलाक़ात के बाद चीन की तरफ से जारी बयान में जिस तरह से अमेरिकी शैली के लोकतंत्र और चीनी शैली के लोकतंत्र की बात की गई थी, उसमें भारतीय लोकतंत्र की स्थापना अति महत्वपूर्ण है। और, यहाँ यह बात भी ध्यान में रखना होगा कि, अमेरिका हो या चीन, दोनों ही देश इस स्थिति में नहीं हैं कि, कह सकें कि, यह युद्ध का युग नहीं है क्योंकि दोनों ही देश युद्ध की स्थिति के लिए प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष तौर पर जिम्मेदार दिखते हैं। इसीलिए भारतीय लोकतंत्र का उदाहरण विश्व के दूसरे देशों को आसानी से समझ आता है। जी 20 देशों की अध्यक्षी सौंपे जाने के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहाकि, भारत का केंद्र डाटा फ़ॉर डेवलपमेंट होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ध्यान दिलाया कि, भारत ऐसे समय में जी 20 की अध्यक्षता सँभालने जा रहा है, जब संपूर्ण विश्व में तनाव है। अर्थव्यवस्था में कमजोरी दिख रही है और खाद्य और ऊर्जा कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। डिजिटल समाधान के जरिये भारत पर्यावरण परिवर्तन, खाद्य संकट और गरीबी ख़त्म करने में करेगा।

harshvt@gmail.com
**( लेखक देश के जाने-माने स्तंभकार एवं यू ट्यूबर हैं )**



जी-20 लोगो में कमल लोगों की आशा का प्रतिनिधित्व करता है। जी-20 का ये लोगो केवल एक प्रतीक चिन्ह नहीं है.. ये एक संदेश है, ये एक भावना है, जो हमारी रगों में है। ये एक संकल्प है जो हमारी सोच में शामिल रहा है। इस लोगो और थीम के जरिए हमने एक संदेश दिया है। युद्ध से मुक्ति के लिए बुद्ध के जो संदेश हैं हिंसा के प्रतिरोध में महात्मा गांधी के जो समाधान हैं। जी-20 के जरिए भारत उनकी वैश्विक प्रतिष्ठा को नई ऊर्जा दे रहा है। आज विश्व इलाज की जगह आरोग्य की तलाश कर रहा है। हमारा आयुर्वेद, हमारा योग, जिसे लेकर दुनिया में एक नया उत्साह और विश्वास है। हम उसके विस्तार के लिए एक वैश्विक व्यवस्था बना सकते हैं। भारत ने वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड के मंत्र के साथ विश्व में अक्षय ऊर्जा क्रांति का आह्वान किया है। भारत ने वन अर्थ, वन हेल्थ के मंत्र के साथ वैश्विक स्वास्थ्य को मजबूत करने का अभियान शुरू किया है और अब जी-20 में भी हमारा मंत्र वन अर्थ, वन फैमली, वन फ्यूचर है।




# वैश्विक तनाव के बीच जी-20 का नेतृत्व





डॉ. नवीन कुमार मिश्र

निरंतर गहराते भू-राजनीतिक तनाव, आर्थिक मंदी की आहट तथा बढ़ती ऊर्जा की कीमतें व ऊर्जा सप्लाई पर प्रतिबंधों जैसी चुनौतियों के बीच एक दिसंबर 2022 से भारत जी-20 की मेजबानी करने जा रहा है। वर्तमान में संपूर्ण विश्व दो ध्रुवों में बटकर संघर्षों की ओर अग्रसर है, परन्तु भारत किसी पक्ष में न होकर शांतिपूर्ण समाधान के लिये कूटनीतिक प्रयास व संवाद का पक्षधर रहा है। सितम्बर 2022 में उज़्बेकिस्तान के समरकंद में हुई शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में भारत ने रूस से स्पष्ट कह दिया था कि आज का युग, युद्ध का नहीं है। ऐसे समय में जब संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्था विश्व की गंभीर समस्याओं को सुलझाने में निरर्थक साबित हुई है, तब जी-20 की जिम्मेदारी बढ़ जाती है, जो दुनिया का सबसे बड़ा और शक्तिशाली आर्थिक संगठन है। इसमें विश्व के विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्था वाले 19 देश और यूरोपीय यूनियन जैसे देशों का संघ सम्मिलित हैं। इस समय विश्व चुनौती पूर्ण परिस्थितियों से गुजर रहा है, जिसमें रूस-यूक्रेन युद्ध से विश्व का आर्थिक ढांचा प्रभावित हुआ है। रूस-यूक्रेन युद्ध को 08 महीने बीत जाने के बाद भी जंग जारी है। चीन भारत के विभिन्न हिस्सों पर कब्जे कर अपने विकास के मार्ग को खोल कर वैश्विक महाशक्ति के शीर्ष पर स्थापित होना चाहता है। साथ ही वन चाइना पॉलिसी के बहाने ताइवान पर कब्जे कर व्यापारिक मार्गों को नियंत्रित करना चाहता है। कश्मीर मसले पर पाकिस्तान के साथ तुर्कीये भी कई बार बयान दे चुका हैं। पाक-अधिकृत कश्मीर में चीन का हित निहित है, साथ ही तिब्बत पर चीन के कब्जे के कारण तिब्बतियों की भावनाओं का भी ध्यान रखना भारत के लिए चुनौती पूर्ण होगा। एक तरफ जहां विश्व की महाशक्तियां अपनी भू-राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति के लिए राष्ट्रों की संप्रभुता को चोट कर रही है, वही भारत शांति और विकास की गुहार लगा रहा है।

भारत के नेतृत्व में जी-20 विश्व समुदाय से धन शोधन और आतंक के वित्तपोषण से प्रभावी रूप से निपटने के प्रयास के साथ सार्वजनिक निवेश को बढ़ावा देने और बहुपक्षीय व्यापार को मजबूत करने की चुनौतियां है। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण कमजोर हुई वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने, हरित निवेश, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ावा देने, कुपोषण और भूख से मौतों को रोकने के लिए कृषि व खाद्य व्यापार नियमों में सुधार जैसे महत्वपूर्ण विषयों के साथ जलवायु परिवर्तन की चुनौतियां सामने खड़ी है। इसके साथ ही घोषणापत्र के मुख्य संकल्प मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकी फंडिंग के खिलाफ़ सख्त रुख अपनाना, विकासशील देशों विशेषकर छोटे द्वीपीय देशों की मदद करना, रोजगार सृजन सुनिश्चित करने और आर्थिक प्रगति के लिए मजबूत कदम उठाने के साथ ही शंघाई सहयोग संगठन की अध्यक्षता मिलने के कारण वर्ष 2023 भारत के लिए बेहद अहम रहने वाला है। आज के अशांत व विध्वंसक परिस्थितियों के बीच विस्तारवादी शक्तियों को रोकने तथा शांति व सहयोग के साथ आगे बढ़ने के लिए भारत के नेतृत्व की ओर विश्व एक उम्मीद की नजर से देख रहा है।

**( भू-राजनीतिक मामलों के जानकार बीएचयू)**
**naveenmishra®|@gmail.com**

निर्गुट से जी-20 तक बढ़ते कदम

# जी 20-मोदी कैसे निपटेंगे चीन-तुर्की से



विवेक शुक्ला



साल 1983। तब दिल्ली में गुटनिरपेक्ष शिखर सम्मेलन आयोजित हुआ था। उसमें दर्जनों देशों के राष्ट्राध्यक्ष भाग लेने आए थे। उनमें क्यूबा के राष्ट्रपति फिदेल कास्त्रो, पाकिस्तान के सैन्य तानाशाह जिया उल हक, फ़लस्तीनी मुक्ति संगठन (पीएलओ) नेता यासर अराफात प्रमुख थे। निर्गुट सम्मेलन के चालीस सालों के बाद जी-20 समिट 9-10 सितंबर, 2023 को राजधानी में आयोजित होने जा रहा है। इस दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और कई अन्य विश्व नेता राजधानी में होंगे।

रूस सारी दुनिया की अपीलों को खारिज करता हुआ युद्ध को जारी रखे है। इसी तरह से चीन का भारत को लेकर आक्रामक रवैया बना हुआ है। उसकी सेनाएं भारतीय सीमाओं को बीच-बीच में लांघने की चेष्टा करती रहती हैं। ये तो सिर्फ दो उदाहरण थे यह साबित करने के लिए जी-20 देशों में आपस में कितने विवाद हैं। भारत को जी- 20 के सभी देशों के बीच सर्वानुमति बनानी होगी कि इनमें आपसी तालमेल बढ़े और विवादों के हाल सौहार्द पूर्ण तरीके से हल हों। तुर्की भी जी-20 का सदस्य है। तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोगन लगातार कश्मीर मसले पर पाकिस्तान का समर्थन करते रहे हैं। उन्होंने विगत सितंबर के महीने में संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए फिर से कश्मीर मुद्दा उठाया था।इसी तरह से जी-20 देशों को चीन को समझाना होगा कि वह जी-20 के सदस्य देश भारत के साथ अपन तमाम मसले बातचीत से सुलझाए।

**40 साल बाद दिल्ली की सड़कों पर होगी ऐसी हलचल:** इस बीच, जी-20 के नेताओं की कारों के काफिलें राजधानी में इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से शांति पथ, तीन मूर्ति,साउथ एवेन्यू,विजय चौक,मदर टेरेसा क्रिसेंट,सरदार पटेल मार्ग, पंचशील मार्ग, सफदरजंग रोड, प्रगति मैदान,सेंट्रल विस्टा के आसपास आएंगे-जाएंगे। ये जिन सड़कों से गुजरेंगे, उन सड़कों को नये सिरे से सुंदर बनाने का काम शुरू हो चुका है। वे खुशबूदार गुलों से महकेंगे। अगर बात सड़कों से हटकर करें तो जी-20 समिट के मद्देनजर राजधानी की करीब पौने चार सौ जगहों को नये सिरे से सजाया-संवारा जाना है। इनमें कुछ खास पार्क, फ्लाईओवर के नीचे के हिस्से तथा चौराहे शामिल हैं। दिल्ली में इन देशों की टोलियां आती रहेंगी। राजधानी में समिट की तैयारियों से जुड़ी 190 बैठकें होनी हैं।

**निर्गुट में अशोक होटल और राष्ट्रपति भवन था ठिकाना :** निर्गुट सम्मेलन के समय राष्ट्राध्यक्ष अशोक होटल या फिर राष्ट्रपति भवन में ठहरे थे। सम्मेलन विज्ञान भवन में आयोजित किया गया था। अशोक होटल तथा विज्ञान भवन 1956 में बन कर तैयार हुए थे। पर जी- 20 के दौरान ना तो अशोक होटल में कोई राष्ट्राध्यक्ष रात गुजारेगा और ना ही विज्ञान भवन में कोई खास बैठक होगी। जी-20 समिट प्रगति मैदान में तैयार विश्व स्तरीय सभागार में आयोजित होगा। अब सवाल है कि बाइडेन, पुतिन, शी जिनपिंग, सुनक और अन्य राष्ट्राध्यक्ष कहां ठहरेंगे? अमेरिका के दो पूर्व राष्ट्रपति क्रमश: बराक ओबामा तथा बिल क्लिंटन मौर्या शेरटन में रूक चुके हैं। तो क्या बाइडेन भी वहां पर ठहरेंगे? पुतिन भी अपनी दिल्ली की यात्राओं के समय मौर्या शेरटन में ही ठहरे हैं। वे फिर से मौर्या शेरटन में रूक सकते हैं। चीनी नेता ने अपनी साल 2019 की भारत यात्रा के समय तिब्बतियों के विरोध प्रदर्शन देखे थे। जब ऋषि सुनक दिल्ली में होंगे तो सबकी निगाहें उन पर होंगी ही। उन्हें भारत स्वाभाविक कारणों से अपना मानता है। वे कहां रहेंगे? इस बीच, ये लगभग तय है कि नई दिल्ली नगर परिषद (एनडीएमसी) लुटियंस दिल्ली के किसी खास पार्क का नाम जी-20 पार्क ही रख दे। आपने तुगलक क्रिसेंट में भारत-आसियान मैत्री पार्क देखा होगा। इसका उदघाटन तत्कालीन विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने सन 2018 में किया था। तब राजधानी में भारत-आसियान शिखर सम्मेलन आयोजित हुआ था। इसी तरह से दिल्ली में न्याय मार्ग से चंदेक कदमों पर घाना के स्वतंत्रता आंदोलन के शिखर नेता क्वामे नकरूमा मार्ग से बहुत दूर नहीं है इंडो-अफ्रीका फ्रेंडशिप रोज़ गॉर्डन। ये भारत-अफ्रीकी देशों के शिखर सम्मेलन से पहले 2015 में स्थापित किया गया था। ये भारत के आसियान तथा अफ्रीकी देशों से मैत्री के महत्वपूर्ण प्रतीक हैं। तो अगर जी-20 मैत्री पार्क भी बन जाए तो हैरान मत होइये।

vivekshukladelhi@gmail.com
**( वरिष्ठ पत्रकार और पूर्व प्रधान सूचना सलाहकार, यूएई एँबेसी )**

## बंद हुए बद्रीनाथ के कपाट, भगवान बद्रीविशाल के जयकारों से गूंजा धाम

**बद्रीनाथ, स्वससे।** बद्रीनाथ धाम के कपाट शनिवार को अपराह्न 3 बजकर 35 मिनट पर विधि विधान से शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए हैं। इस अवसर पर करीब 10 हजार तीर्थ यात्रियों ने अंतिम पूजा में भाग लिया। अंतिम दिन सेना के मधुर बैंड की धुनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे। कपाट बंद होने के बाद कुबेर और उद्धव जी की उत्सव मूर्ति डोली बामणी गांव के लिए रवाना हुई। इस मौके पर ज्योर्तिमठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज और बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेंद्र अजय भी मौजूद रहे। इस वर्ष 17 लाख 60 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने बदरीनाथ धाम के दर्शन किए, जो अब तक का रिकॉर्ड है।



# गजब! चार कंधे, अर्थी और नाई से लेकर रोने वालों का भी इंतजाम

**नई दिल्ली, स्वससे।**

नई दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे व्यापार मेले में इन दिनों एक खास स्टाल चर्चा का विषय बना हुआ है। इसकी तस्वीरें सोशल मिडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। दरअसल, यहां पर वो सभी वस्तुएं उपलब्ध हैं जो किसी व्यक्ति की मौत के बाद काम आती हैं। आमतौर पर ऐसे स्टाल भारत में देखने को नहीं मिलते। यह स्टॉल सुखांत फ्यूनेरल एमजीएमटी की ओर से लगाया गया है। जो व्यापार मेले में लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रहा है। यहां पर अंतिम संस्कार से जुड़ी चीजें उपलब्ध हैं। स्टाल पर सजी सजाई हुई अर्थी उपलब्ध है।

**दिल्ली व्यापार मेले में सुखांत फ्यूनेरल एमजीएमटी लाई स्टार्टअप**

भारत में ये एक अलग तरीके का प्रयोग है। दरअसल, आमतौर पर व्यक्ति के मरने के बाद मृतक के परिजन उसके अंतिम संस्कार के लिए अर्थी तैयार करवाने का कार्य घर पर ही करवाते हैं, लेकिन दिल्ली व्यापार मेले में सुखांत फ्यूनेरल एमजीएमटी स्टाल रेडीमेड अर्थी की सुविधा दे रहा है। इस प्रयोग को ट्विटर यूजर नया स्टार्ट अप कह रहे हैं।



सुखांत फ्यूनेरल एमजीएमटी के अंतिम संस्कार के सामान के इस स्टाल की तस्वीर एक ट्विटर यूजर मनीष खेतान ने साझा की है। तस्वीर साथ मनीष ने लिखा, हे भगवान, यही देखना बाकी था...संयुक्त से एकल और अब एकल परिवार में भी अकेले रहने वाले लोगों तथा ऐसे समाज के लिए नया स्टार्टअप। जहां आपके शव को कंधा देने के लिए चार लोग भी इकट्ठा नहीं आएं तो सुखांत फ्यूनेरल एमजीएमटी से सम्पर्क करें। हालांकि सुखांत फ्यूनेरल एमजीएमटी के व्यापार के इस नए विचार से लोग सहमत नहीं है। वो कह रहे हैं ये भारत की संस्कृति नहीं है। ऐसे स्टाल विदेशों में होते हैं। यहां ये सफल नहीं होगा। तो वहीं कई यूजर्स स्टाल की फोटो पर मजेदार बात कह रहे हैं। एक यूजर्स ने तो लिखा कि अब तो हमें आप ये भी बता दो कि स्वर्ग जाने के लिए क्या बनाया है? एक यूजर ने तस्वीर पर कमेंट में इसे नया स्टार्ट बताया। एक अन्य ने लिखा, विदेशों के पदचिन्हों पर...। जहां शव का जिंदा शरीर की तरह मेकअप किया जाता है। जबकि एक ने कहा यहां ये नहीं चलेगा।

## अभिनेत्री तबस्सुम का 78 साल की उम्र में निधन



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तबस्सुम का 78 साल की उम्र में निधन हो गया। उनके बेटे होशांग गोविल ने मीडिया को बताया कि 18 नवंबर की शाम को तबस्सुम ने आखिरी सांस ली। लेकिन उनकी इच्छा थी कि अंतिम संस्कार के बाद ही यह खबर लोगों को दी जाए, इसलिए यह जानकारी शनिवार को दी गई। बेटे होशांग गोविल ने बताया- तबस्सुम का निधन कल रात 8 बजकर 40 मिनट पर कार्डियक अरेस्ट से हुआ। वह बिल्कुल ठीक थीं। तबस्सुम ने 1947 में बेबी तबस्सुम के नाम से हिंदी फिल्म नरगिस से इंडस्ट्री में कदम रखा था। 70 के दशक में उन्होंने कामयाब टेलीविजन होस्ट के तौर पर अपनी पहचान बनाई। दूरदर्शन पर 21 साल तक चले टॉक शो फूल खिले हैं गुलशन गुलशन में उन्होंने कई बड़ी हस्तियों के साक्षात्कार किए। इस शो की शुरुआत साल 1972 में हुई थी और यह 1993 तक चला।

# भारत 2050 तक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा : गौतम अदाणी

**नई दिल्ली, स्वससे।**

एशिया के सबसे अमीर कारोबारी गौतम अदाणी ने शनिवार को कहा कि भारत को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में 58 साल से अधिक का समय लगेगा, लेकिन आने वाले हर 12 से 18 महीनों में भारतीय अर्थव्यवस्था में एक ट्रिलियन डॉलर की वृद्धि होगी और 2050 तक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। 21वीं 'वर्ल्ड कांग्रेस ऑफ अकाउंटेंट्स' में बोलते हुए उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में दुनिया के सामने नए- नए संकट खड़े हो रहे हैं। आज के उभरते हुए बहु ध्रुवीय दुनिया में ऐसी महाशक्ति की जरूरत है, जो संकट के समय में दूसरे देशों की मदद कर सके, न कि दूसरे देशों को परेशान करे। इसके साथ ही मानवता को अपना पहला सिद्धांत मानें।



### आर्थिक सुधारों के चलते अर्थव्यवस्था की गति बढ़ी

उन्होंने आगे कहा कि केंद्र सरकार की ओर से किए गए सामाजिक और आर्थिक बदलावों के कारण अर्थव्यवस्था में गति बनी हुई है। मुझे लगता है कि अगले एक दशक में भारत हर 12 से 18 महीनों में एक ट्रिलियन डॉलर जोड़ना शुरू कर देगा। इस तरह देश की अर्थव्यवस्था 2050 तक 30 ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी। इसके साथ शेयर बाजार के मूल्यांकन बढ़कर 45 ट्रिलियन डॉलर का हो जाएगा।

### 700 प्रतिशत बढ़ जाएगी हर भारतीय की आय

उन्होंने आगे कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी 2050 तक 20 प्रतिशत पर पहुंच जाएगी। 2050 तक हर भारतीय की औसत उम्र करीब 38 वर्ष होगी और जनसंख्या करीब 160 करोड़ के पार होगी। इसके साथ ही देश में प्रति व्यक्ति आय 16 हजार डॉलर के पार पहुंच जाएगी, जो कि मौजूदा प्रति व्यक्ति आय से 700 प्रतिशत अधिक है।

# भारत को यूएनएससी का स्थायी सदस्य बनाना चाहता है फ्रांस

**न्यार्क, एजेंसी।**

फ्रांस ने भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद( यूएनएससी ) का स्थायी सदस्य बनाने की पेशकश की है। इसके पहले शुक्रवार यानी 18 नवंबर को ब्रिटेन ने भी भारत के पक्ष में यह मांग उठाई थी। संयुक्त राष्ट्र में फ्रांस की प्रतिनिधि ने कहा है कि समय आ गया है जब उभरते ताकतवर देशों की दुनिया की सबसे शक्तिशाली संस्था में भागीदारी बढ़े। फ्रांस ने न सिर्फ भारत बल्कि जर्मनी, ब्राजील और जापान को भी सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्य बनाने की मांग की है।

### कहा- ताकतवर देशों की बढ़े भागीदारी, कल ब्रिटेन ने भी की थी यही मांग

संयुक्त राष्ट्र महासभा की एक बैठक में नैथिली ब्रोडहर्स्ट ने कहा, फ्रांस लगातार यह मांग उठा रहा है। हम चाहते हैं कि परिषद दूसरे देशों को भी साथ लेकर चले जिससे यह संस्था और ज्यादा मजबूत हो। उन्होंने यह भी कहा कि सुरक्षा परिषद के काम को और बेहतर बनाने के लिए इसमें 25 सदस्य जोड़े जा सकते हैं। जिनमें अफ्रीकी देशों को भी शामिल किया जाए। नैथिली ने 'जियोग्राफिकल रिप्रेजेंटेशन' के आधार पर सुरक्षा परिषद में सदस्यों को जोड़ने की बात कही है।

**भारत कर रहा है एनएससी में सुधार की मांग :** सुरक्षा परिषद में बदलावों को लेकर संयुक्त राष्ट्र में भारतीय राजनयिक रुचिरा कंबोज ने गुरुवार को मुद्दा उठाया था। जिसमें उन्होंने सुरक्षा परिषद में सामान प्रतिनिधित्व की बात कही थी। बदलावों में जितनी देरी होगी उससे संस्था और दुनिया को उतना ही नुकसान भी होगा।

## वरिष्ठ ने छात्र से जबरन कराया किस

**गंजम, स्वससे।** ओडिशा में एक महाविद्यालय में रैगिंग के नाम पर नाबालिग लड़की और लड़के को जबरन किस कराने का मामला सामने आया है। इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। इस मामले में पांच छात्रों को हिरासत में लिया गया है। इनमें से दो नाबालिग हैं। मामला गंजम जिले के बिनायक एकेडमी कालेज बेरहामपुर का बताया जा रहा है।




# पुलिस को मिला आफताब का18 अक्टूबर का सीसीटीवी फुटेज

**नई दिल्ली, स्वससे।**

श्रद्धा हत्याकांड मामले में लगातार नए खुलासे हो रहे हैं। मीडिया खबरों के अनुसार, पुलिस के हाथ 18 अक्टूबर का सीसीटीवी फुटेज लगा है। इसमें सुबह चार बजे आफताब बैग ले जाते हुए देखा गया। पुलिस को शक है कि वह श्रद्धा के शरीर के टुकड़ों को फेंकने गया था। क्लिप में दिख रहा है कि आफताब ने उस रात तीन चक्कर लगाए थे। वहीं, दिल्ली पुलिस ने महरौली वाले फ्लैट से सारे कपड़ों को जब्त कर लिया है। इनमें श्रद्धा के कपड़े भी शामिल हैं। इन्हें फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा। हालांकि,

### सुबह 4 बजे तीन बार बैग ले जाते दिखा

पुलिस ने कहा कि वारदात वाले दिन दोनों ले जो कपड़े पहने थे, वो अभी तक नहीं मिल पाए हैं। सबूतों का पता लगाने के लिए महरौली के जंगल में दिल्ली पुलिस का तलाशी अभियान लगातार छठवें दिन भी जारी है। आज आफताब का नार्को टेस्ट किया जाएगा। दिल्ली पुलिस ने श्रद्धा के दोस्त राहुल और गॉडविन से मुंबई में पूछताछ की। श्रद्धा के कपड़े, मोबाइल और मर्डर वेपन तलाशने के लिए दिल्ली पुलिस की एक टीम हिमाचल प्रदेश की पार्वती घाटी के तोष गांव गई है। आफताब को लेकर दिल्ली पुलिस गुरुग्राम के डीएलएफ फेज 2 में पहुंची, जहां मेटल डिटेक्टर के जरिए छानबीन की गई।

## ईडी प्रमुख संजय कुमार मिश्रा का कार्यकाल बढ़ाया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के प्रमुख संजय कुमार मिश्रा का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया गया है। संजय कुमार मिश्रा 1984 बैच के भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी हैं। उनका चार साल का कार्यकाल इसी साल 18 नवंबर को पूरा होना था लेकिन उन्हें केंद्रीय धन शोधन रोधी जांच एजेंसी के प्रमुख के रूप में एक और कार्यकाल दिया गया है। पिछले साल केंद्र सरकार ने केंद्रीय सतर्कता आयोग अधिनियम में संशोधन के लिए एक अध्यादेश लाया था, जिसके जरिए मिश्रा का कार्यकाल 18 नवंबर, 2023 तक बढ़ा दिया गया था।

# मोदी ने अरुणाचल में 640 करोड़ के हवाईअड्डे का किया उद्घाटन

**ईटानगर, स्वससे।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अरुणाचल प्रदेश में हवाईअड्डे का उद्घाटन किया। ये अरुणाचल का पहला ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा है, जिसका नाम डोनी पोलो हवाईअड्डा है। इटानगर में बना ये हवाईअड्डा 640 करोड़ की लागत से बनकर तैयार हुआ है। इसके अलावा उन्होंने ईटानगर में 600 मेगावाट का कामेंग हाइड्रो पावर स्टेशन राष्ट्र को समर्पित किया।



**बोले- हमारा काम अटकाना, लटकाना, भटकाना नहीं**


प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जनता जानती है कि हम एक कार्य संस्कृति लेकर आए हैं, जहां जिन परियोजनाओं का हमने शिलान्यास किया है, उनका उद्घाटन भी करते हैं। हमारा काम अटकाना, लटकाना, भटकाना नहीं है, इसका युग चला गया है।

### राजनीतिक टिप्पणीकारों के मुंह पर तमाचा

उन्होंने कहा, 2019 में जब मैंने इसका शिलान्यास किया, तब चुनाव होने वाले थे। कई राजनीतिक टिप्पणीकारों ने शोर मचाया कि कोई हवाईअड्डा नहीं बनने वाला है। मोदी वोट के कारण पत्थर खड़ा कर रहे हैं। आज का उद्घाटन उनके मुंह पर तमाचा है।

### अटल जी की सरकार ने पूर्वोत्तर के विकास का प्रयास किया

आजादी के बाद पूर्वोत्तर एक अलग युग का गवाह बना। दशकों तक क्षेत्र उपेक्षा का शिकार रहा है, जब अटल जी की सरकार आई तो पहली बार इसे बदलने का प्रयास किया गया। यह पहली सरकार थी जिसने पूर्वोत्तर के विकास के लिए एक अलग मंत्रालय बनाया। इसके बाद जो सरकारें आईं, उन्होंने गति को आगे नहीं बढ़ाया। परिवर्तन का एक और युग आया जब आपने मुझे अपनी सेवा करने का अवसर दिया। पहले की सरकारें सोचती थीं कि पूर्वोत्तर बहुत दूर है। सीमावर्ती क्षेत्रों के गांवों को अंतिम गांव माना जाता था, लेकिन हमारी सरकार ने उन्हें पहले देश का गांव माना। इसके निर्माण में 640 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। 2300 मीटर रनवे के साथ यह एयरपोर्ट सभी मौसम में ऑपरेट हो सकेगा।







RNI No. UP HIN/2021/80141 मुद्रक एवं प्रकाशक यशवर्धन जैन द्वारा श्री रेवा प्रकाशन लि. के लिए ग्रुप 5 प्रकाशन 55 बी वजीर हसन रोड़ लखनऊ से मुद्रित तथा 2/38 विकासखण्ड गोमती नगर लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक : अतुल तारे* सलाहकार सम्पादक : गिरीश उपाध्याय
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार। बेवसाइट: swadeshnews.in, ई-मेल :swadeshgwl@gmail.com